YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-321 | शनिवार, 21 दिसम्बर 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

युद्ध की पारंपरिक परिभाषाओं और तरीकों को उभरती प्रौद्योगिकियों और नयी रणनीतिक साझेदारियों के जरिए चुनौती दी जा रही है। भारत उभरती प्रौद्योगिकी एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उच्च प्राथमिकता दे रहा है। द्रौपदी मुर्मु

हिंदू विवाह पवित्र संस्था है कोई 'व्यापारिक सौदा' नहीं : सुप्रीम कोर्ट 11

मुख्यमंत्री धामी ने हरिद्वार को दी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सौगात 12

संक्षेप

सपा सांसद जियाउर्रहमान के आवास पर चला बुलडोजर

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल में समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद जियाउर्रहमान वर्क आवास पर नगर पालिका परिषद ने बुलडोजर चलाकर बाहर निर्मित अवैध सीढ़ियों को तोड़ दिया है। श्री वर्क का संभल के मोहल्ला दीपा सराय में आवास है। शुक्रवार को पुलिस व प्रशासन के साथ नगर पालिका परिषद की टीम सांसद के आवास पर बुलडोजर लेकर पहुंची और आवास के बाहर बनी सीढ़ियों को बुलडोजर से तुड़वाया। सपा सांसद पर दूसरे दिन बुलडोजर चलाने की बड़ी कार्रवाई की गई है, इससे पहले गुरुवार को सपा सांसद के विरुद्ध 16 किलोवाट से अधिक की बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था। बिजली चोरी में 1.91 करोड रुपए का जुर्माना बिजली विभाग ने सपा सांसद पर लगाया है तथा सपा सांसद के घर की बिजली भी काट दी गई है। बिजली चेकिंग के दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों को धमकाने की रिपोर्ट भी गुरुवार को ही सपा सांसद के पिता ममलुकुर्रहमान वर्क के विरुद्ध बिजली विभाग के अधिकारियों ने दर्ज कराई थी। बीते माह जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए बवाल में भी सपा सांसद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई है।

अवैध मदरसों के खिलाफ होगी कार्रवाई : धामी

हरिद्वार। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि यदि मदरसे से अवैध पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। श्री धामी ने यहां सभा को संबोधित करते हुए कहा, मैने गृह विभाग पुलिस एवं अल्पसंख्यक बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह प्रदेश में चल रहे सभी मदरसों की जांच करें और उनमें पढ़ने वाले छात्र तथा छात्राओं की भी जांच की जाए और उनका पुराना रिकॉर्ड चेक किया जाए यदि मदरसे से अवैध पाए जाते हैं और उन्हें पढ़ने वाले संदिग्ध लगते हैं तो उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आगामी जनवरी माह 2025 में समान नागरिक संहिता बिल लागू कर दिया जाएगा उन्होंने कहा कि 2022 के चुनाव में उन्होंने जनता से वादा किया था कि वह प्रदेश में सम्मान नागरिक संहिता कानून लाया जाएगा इसके लिए पहले ही हमने विधेयक पारित कर दिया है। श्री धामी ने आज लगभग 54 लाख करोड़ रुपए की लागत से तैयार विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया जिसमें मुख्य रूप से भला स्टेडियम के पास स्थित नवनिर्मित सिटी स्पोर्ट्स कंपलेक्स का शिलान्यास किया। सिटी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में विभिन्न खेलों की गतिविधियां संचालित की जा सकेगी और खिलाड़ी इसका फायदा ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा रुड़की जनपद में विभिन्न नगर निगम एवं नगर पालिकाओं के अंतर्गत स्कूलों एवं अन्य योजनाओं का भी लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है जिसमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय सालियर को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की योजना भी शामिल है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर एलपीजी टैंकर सहित दर्जनों वाहन जले

11 लोगों की जलकर मौत

एजेंसी

जयपुर। जयपुर के भांकरोटा इलाके में शुक्रवार अलसुबह एलपीजी टैंकर को एक ट्रक द्वारा टक्कर मारे जाने के बाद लगी आग ने 30 से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में 11 लोग जिंदा जल गए तथा 35 अन्य झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हादसे में 11 लोगों की मौत हो चुकी है और आग में झुलसे लगभग 35 लोग अस्पताल में भर्ती हैं जिनमें से कुछ वेंटिलेटर पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक जताते हुए मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति ने भी हादसे में लोगों की मौत पर दुख प्रकट किया है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हादसे के बारे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात कर जानकारी ली। मुख्यमंत्री शर्मा, उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा तथा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम घटनास्थल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना की विस्तृत जांच करवाएंगे और घायलों के इलाज की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि हादसा अलसुबह करीब पौने छह बजे हुआ। शुरुआती जानकारी के अनुसार जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भांकरोटा के पास एलपीजी टैंकर को एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे आग लग गई। उन्होंने बताया कि देखते ही देखते आग ने

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर शोक जताया, मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा
- राष्ट्रपति ने भी हादसे पर दुख प्रकट किया

विकराल रूप ले लिया और वहां से गुजर रही एक बस सहित अनेक ट्रक, कार उसकी चपेट में आ गए। घटना के वीडियो में लोग जान बचाने के लिए भागते नजर आए और शुरुआत में स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की लपटें एक किलोमीटर दूर से नजर आ रही थीं और राष्ट्रीय राजमार्ग का एक बड़ा हिस्सा ''आग के गोले'' में तब्दील हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में कम से कम 31 वाहनों के जलने की सूचना है जिनमें 29 ट्रक तथा दो बस शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आशंका है कि संभवतः अचानक आग की चपेट में आने से कुछ लोग अपने वाहनों से बाहर नहीं निकल पाए और अंदर ही जल गए। उसने बताया कि सभी वाहनों की गहन जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बताया कि घायलों में से करीब आधे की हालत 'बेहद गंभीर' है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री खींवसर सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल पहुंचे, जहां झुलसे हुए लोगों को भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों और चिकित्सकों से बात की और उचित उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना स्थल का दौरा किया और पुलिस अधिकारियों से भी बात की। घटनास्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा, ''बहुत ही दर्दनाक घटना है। मैं अस्पताल जाकर आया हूं। मैंने वहां उचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। हम घटना की विस्तृत जांच करवाएंगे। घायलों के इलाज की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने कहा, ''ऐसे हादसों को किस तरह से रोका जाए इस पर भी सरकार निश्चित रूप से विचार करेगी। प्रशासन पूरी तरह से लगा (बचाव कार्य में) हुआ है।'' इस दौरान उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, जिलाधिकारी जितेंद्र सोनी तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा गया, 'राजस्थान में जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर हुए हादसे में लोगों की मौत से दुखी हूं। उन लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।' उन्होंने कहा, ''स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायल को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''राजस्थान के जयपुर में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुःखद है। इस हादसे में अपना जीवन गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात हुई। स्थानीय प्रशासन घायलों को तुरंत उपचार प्रदान करने का काम कर रहा है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राष्ट्रपति मुर्मू ने 'एक्स' पर ● शेष पेज 11 पर

मुख्यमंत्री ने सुनी जेवर के किसानों की पुकार

भूमि अधिग्रहण का प्रतिकर बढ़ाया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के विकास के लिए भूमि दे रहे किसानों की मनचाही मुराद पूरी कर दी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर किसानों के साथ खुले संवाद के बीच मुख्यमंत्री ने जेवर एयरपोर्ट के लिए तीसरे चरण के भूमि अधिग्रहण के एवज में देय प्रतिकर को 3100/वर्गमीटर से बढ़ाकर 4300/वर्गमीटर तक करने की घोषणा की। इसके अलावा नियमानुसार ब्याज भी देय होगा। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अधिग्रहण से प्रभावित हर एक किसान परिवार के व्यवस्थापन, रोजगार और सेवायोजन के भी समुचित प्रबंध किए जाएंगे। मुख्यमंत्री की घोषणा को मनचाही मुराद बताते हुए सभी किसानों ने 'जय श्रीराम' के नारे से मुख्यमंत्री का अभिवादन किया और कहा कि अब लखनऊ से सीधा अयोध्याधाम जाकर श्रीरामलला के दर्शन-पूजन करेंगे। विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष अप्रैल में प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से एशिया के इस सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया जाएगा।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के अंतिम फ़ेज के भूमि प्रदाता किसानों से संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सभी किसानों से संवाद किया, उनकी अशंकाम, जिज्ञासाओं और मांग के बारे में बातचीत की। संवाद कार्यक्रम के बीच मुख्यमंत्री ने सीईओ यीडा को मंच पर बुलाया और अब तक दो चरणों में हुए भूमि अधिग्रहण और प्रभावित किसान परिवारों के व्यवस्थापन के बारे में पूछा। सीईओ ने किसानों के सामने मुख्यमंत्री को एक-एक कर सारी गतिविधियों की जानकारी दी और बताया कि वर्तमान में केवल उन्हीं को प्रतिकर दिया जाना शेष है, जिनका उत्तराधिकार, वरासत आदि से संबंधित प्रकरण लंबित है। मुख्यमंत्री ने सीईओ को हर एक किसान से मिलने और उनकी समस्याओं के निस्तारण को शीर्ष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। विशेष अवसर पर ● शेष पेज 11 पर

उपलब्धि

- किसानों को मिलेगा 4300 रुपये प्रतिवर्गमीटर के हिसाब से प्रतिकर, नियमानुसार ब्याज का भी होगा भुगतान, प्रभावित किसानों के व्यवस्थापन, रोजगार-सेवायोजन का भी होगा पूरा प्रबंध : मुख्यमंत्री
- अगले 10 वर्षों में देश का सबसे विकसित क्षेत्र बनने जा रहा है जेवर, पूरी दुनिया देखेगी आपकी समृद्धि
- वर्ष 2040 तक 70 मिलियन यात्रियों की वार्षिक क्षमता वाला विशाल एयरपोर्ट होगा जेवर एयरपोर्ट : मुख्यमंत्री
- जेवर एयरपोर्ट तक जाएगी आरआरटीएस, भारत सरकार को भेजा है प्रस्ताव

हाईकोर्ट के जजों का अलग-अलग फैसला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने विधायक अभय सिंह पर हत्या के प्रयास के मामले में फैसला सुनाया। लेकिन इस पर अभी भी पेंच फंस गया। कारण, दो जजों ने अलग-अलग फैसले दिए हैं और दोनों के एकमत ना होने से मामला अब चीफ जस्टिस की बेंच में जाएगा। दरअसल, जस्टिस मसूदी ने विधायक अभय सिंह को 3 वर्ष की सजा सुनाई है, जबकि जस्टिस अभय श्रीवास्तव ने उन्हें बरी करने का फैसला दिया है।

यह मामला अब चीफ जस्टिस की बेंच में जाएगा, क्योंकि दोनों जजों के फैसले अलग-अलग हैं। यह मामला वर्ष 2010 में हत्या के प्रयास के एक मामले से जुड़ा हुआ है, जिसमें गोसाईगंज अयोध्या के समाजवादी पार्टी के बागी विधायक अभय सिंह नामजद हुए थे। ऐसे में अगर 3 वर्ष की सजा कायम रहती है, तो अभय सिंह की विधायकी चली जाएगी।

- विधायक अभय सिंह को एक ने किया बरी तो दूसरे ने सुनाई तीन साल की सजा

बता दें कि अभय सिंह माफिया और आपराधिक छवि के नेता हैं, जिनके खिलाफ गंभीर अपराधों के मुकदमे हैं। यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में उन्होंने अयोध्या की गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़कर भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी को 13 हजार से अधिक वोटों से हराया था। हालांकि अब वह सपा के बागी विधायक के तौर पर जाने जाते हैं। हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनाव के दौरान वह अयोध्या में काफी सक्रिय रहे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अयोध्या दौरे के दौरान अभय सिंह की उनसे मुलाकात भी काफी चर्चा में रही।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का निधन

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री इंडियन नेशनल लोकदल नेता ओम प्रकाश चौटाला का गुरुग्राम में शुक्रवार को हृदयाघात से निधन हो गया।

श्री चौटाला 89 वर्ष के थे। वह पूर्व उप-प्रधानमंत्री देवी लाल के पुत्र थे और उनके परिवार में दो पुत्र अभय सिंह चौटाला और अजय सिंह चौटाला और तीन पुत्रियाँ हैं। उनकी पत्नी का पाँच वर्ष पहले निधन हो गया था। सिरसा जिले के एक गाँव में जन्मे श्री चौटाला ने स्कूल की पढ़ाई अधूरी छोड़ राजनीति में प्रवेश किया था। उन्होंने कई वर्ष बाद जेल में 2022 में दसवीं और बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की। वह 1989 में पहली बार संक्षिप्त अवधि के लिये हरियाणा के मुख्यमंत्री बने जब देवी लाल केंद्र की वीपी सिंह सरकार में उप प्रधानमंत्री बने थे। श्री चौटाला पाँच बार मुख्यमंत्री बने और आखिरी बार 1999 से 2005 के बीच मुख्यमंत्री रहे। अपने अंतिम मुख्यमंत्री कार्यकाल में जूनियर बेसिक शिक्षक भर्ती घोटाले में उन्हें और उनके पुत्र अजय चौटाला को 2013 में 10 साल ● शेष पेज 11 पर

लोकसभा ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक जेपीसी को भेजा

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा ने बहुचर्चित 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक शुक्रवार को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेज दिया।

विधेयक पर विचार के लिए गठित जेपीसी में कुल 39 सदस्य हैं, जिनमें 27 सदस्य लोकसभा से और 12 राज्यसभा के हैं। ये सदस्य इस विधेयक में संशोधन से जुड़े सभी पहलुओं पर गहनता से विचार विमर्श करेंगे। समिति में लोकसभा के सदस्यों में पीपी चौधरी, डॉ सीएम रमेश, सुश्री बांसुरी स्वराज, पुरुषोत्तम भाई रूपला, अनुराग सिंह ठाकुर, विष्णु दयाल राम, भर्तृहरि महताब, डॉ संबित पात्रा, अनिल बलूनी, विष्णु दत्त शर्मा, बैजयंत पांडा, डॉ संजय जयसवाल, प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी, सुखदेव भगत, धर्मेंद्र यादव, छोटेलाल, कल्याण बनर्जी, टीएम सेल्वगणपति, जीएम हरिध बालयोगी, अनिल यशवंत देसाई, सुप्रिया सुले, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे, श्रीमती शाम्भवी, के राधा कृष्णन, चंदन चौहान तथा बी बल्लभानेनी शामिल हैं। समिति में 12 सदस्य राज्यसभा के हैं। राज्यसभा में विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल ने समिति में संजय सिंह, रणदीप सिंह सुरजेवाला, साकेत गोखले, भुवनेश्वर कलिता, कविता पाटीदार, घनश्याम तिवाडी, के लक्ष्मण, संजय कुमार झा, मुकुल वासनिक, मानस रंजन, वी विजयसाई रेड्डी और पी विल्सन को शामिल करने का प्रस्ताव किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया। ● शेष पेज 11 पर

संसद का शीतकालीन सत्र खत्म, कुल 20 बैठकें

नई दिल्ली। 18वीं लोकसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार (20 दिसंबर) को समाप्त हो गया। यह सत्र 25 नवंबर से शुरू हुआ था। पूरे सत्र में कुल 20 बैठकें हुईं। लोकसभा और राज्यसभा में लगभग 105 घंटे कार्यवाही चली। सत्र के दौरान लोकसभा की प्रोडक्टिविटी 57.87%, राज्यसभा में 41% रही। सदन में कुल चार बिल पेश किए गए। हालांकि, कोई पारित नहीं हो सका। सबसे चर्चित एक देश, एक चुनाव के लिए पेश हुआ 129 वें संविधान (संशोधन) बिल रहा। इस बिल को समीक्षा के लिए 39 सदस्यीय जॉइंट पार्लियामेंट्री

संभल में मिले मंदिर का एएसआई के अफसरों ने शुरू किया सर्वे

पांच तीर्थों, 19 कुओं की भी टीम ने की जांच

एजेंसी

संभल। संभल के मुस्लिम इलाके में 46 साल बाद खुले कार्तिक महादेव मंदिर का पुरातात्विक विभाग (एएसआई) ने सर्वे शुरू कर दिया है। शुक्रवार को चार सदस्यीय टीम मंदिर का सर्वे करने पहुंची। इस टीम ने मंदिर के साथ ही यहां के 5 तीर्थों और 19 कुओं की भी जांच की है। यह सर्वेक्षण कई घंटे तक चला है। फिलहाल कुल 24 क्षेत्रों का सर्वे किया गया है। इसकी रिपोर्ट जल्द ही डीएम राजेंद्र पैसिया को सौंपी जाएगी। डीएम ने भी मंदिर मिलने के बाद इसका एएसआई से सर्वे का फैसला लिया था। डीएम ने तब बताया था कि यह मंदिर 1000 साल पुराना हो सकता है।

शुक्रवार को डीएम डॉ राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि 4 सदस्यीय टीम ने सर्वे किया है। संभल में 5 तीर्थों और 19 कुओं की एएसआई द्वारा निगरानी की गई। जो नया मंदिर मिला है उसकी भी निगरानी की गई। सर्वेक्षण 8-10 घंटे चला है। जो प्राचीन मंदिर खुला था उसका भी सर्वेक्षण किया गया। एएसआई अपनी रिपोर्ट हमें सौंपेगी। कुल 24 क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया गया।

श्री अयोध्या धाम में आयोजित अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ, पंच नारायण महायज्ञ में शामिल हुए सीएम

सनातन धर्म सुरक्षित तो दुनिया सुरक्षित : योगी

एजेंसी

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री अयोध्या धाम के अशर्फी भवन आश्रम में आयोजित भव्य अष्टोत्तरशत 108 श्रीमद्भागवत पाठ और पंच नारायण महायज्ञ में भाग लिया। सीएम योगी ने महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आहुतियां अर्पित की।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और शांति का प्रसार होता है। ऐतिहासिक मंदिरों पर आक्रमण की घटनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग इन पवित्र स्थलों को नष्ट करने का काम करते थे, उनका कुल और वंश नष्ट हो गया। सीएम योगी ने कहा कि औरंगजेब के परिवार के लोग आज रिक्शा चला रहे हैं। यह उनकी दुर्गति है। अगर उन्होंने पुण्य किए होते और मंदिरों को न तोड़ा होता, तो क्या उनकी ऐसी स्थिति होती? उन्होंने कहा कि विश्व शांति की स्थापना केवल सनातन धर्म के माध्यम से हो सकती है। यह शाश्वत धर्म है, जो सृष्टि के आरंभ से ही चला आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत और विकास के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। उन्होंने अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या के वैभव को पुनः स्थापित करने का कार्य किया है। रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण और अयोध्या धाम का विकास इसका जीवंत उदाहरण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह यज्ञ न केवल आत्मशुद्धि और पर्यावरण शुद्धि का माध्यम है, बल्कि यह सनातन धर्म की रक्षा और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार भी करता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन मां सरयू के पवित्र अंचल और भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर हो रहा है, जो इस यज्ञ को और भी विशेष बनाता है। सीएम योगी ने कहा कि जिन गलतियों की वजह से भारत को गुलामी की बेड़ियां झेलनी पड़ीं और हमारे धर्म स्थलों का अपमान हुआ, उन्हें दोबारा नहीं दोहराया ● शेष पेज 11 पर

भरोसा

- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरा देश अपनी विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए विकास की नई बुलंदियों को छू रहा
- सनातन धर्म ने दुनिया की हर जाति, मत, मजहब और संप्रदाय के लोगों को उसके विपत्ति के समय में शरण और संरक्षण दिया
- पवित्र स्थलों को नष्ट और अपवित्र करने वालों का कुल और वंश नष्ट हो गया

कुंदरकी, कटेहरी जीत सकते हैं तो कोई भी चुनाव जीता जा सकता है : योगी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को रामनगरी अयोध्या के अपने संक्षिप्त दौरे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि कुंदरकी और कटेहरी उपचुनाव में मिली जीत दर्शाती है कि जनहित के कार्य को प्राथमिकता देने वाली भाजपा मिल्कीपुर समेत कोई भी चुनाव जीतने में सक्षम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। यहां वे श्री रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन के करने के बाद धार्मिक अनुष्ठान पंच नारायण महायज्ञ में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री सरयू अतिथि भवन में लगभग डेढ़ घंटे तक अयोध्या के विकास और मिल्कीपुर उपचुनाव के साथ ही महाकुंभ और श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर ● शेष पेज 11 पर

विधान भवन परिसर में किसी को विरोध प्रदर्शन की नहीं होगी अनुमति : महाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई घटना के बाद यूपी विधान सभा में भी प्रदर्शन पर रोक लगा दी गयी है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि कुछ लोग जाकर चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर बैठ जाते हैं, यहां तक तो ठीक है, मगर विधान भवन परिसर में हम अभी प्रदर्शन की इजाजत नहीं देंगे। उत्तर प्रदेश विधान सभा शीतकालीन सत्र समापन के बाद दूसरे दिन आज शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि यूपी विधान सभा का नाम अब अग्रणी राज्यों में लिया जाता है। आम लोगों को विधान सभा से जोड़ना चाहता हूँ। किस तरह से विधायक काम करते हैं। कैसी याचिका दायर होती है। कैसे कमेटी काम करती है। सदन का संचालन कैसे होता है। यह सब ठीक लगातार ठीक करने

दिशा में काम कर रहे हैं। कल समय से पहले विधान सभा स्थगित की गई। मैं विधानसभा को स्थगित करने का पक्षधर नहीं हूं। मैं चाहता हूं कि पक्ष और विपक्ष में बात होती रहे। डिबेट होनी चाहिए। मैं नहीं मानता हूँ कि विधान सभा में डिबेट नहीं होती है। अब अनुपूरक बजट पर भी डिबेट होती है। इस बार दुर्भाग्य से नहीं हो सकी। सतीश महाना ने कहा कि अगला बजट सत्र के साथ तीन वर्ष हो जाएंगे। इस दौरान तीन सालों में हमने अच्छी डिबेट की है। विधानसभा का केवल भवन अच्छा हो, ऐसा नहीं है, हमने संसदीय व्यवस्थाएं भी ठीक की हैं। अब एक अच्छी छवि बनी है। चार दिन की विधान सभा में भी मुझे सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। पीठ से भी हमने कहा था कि चर्चा होनी चाहिए। स्थगन ठीक नहीं है। ऐसा नहीं है कि हमेशा यही होता है। कुछ मिनटों के बाद बाकी समय में अच्छी चर्चा भी होती है। विपक्ष कहता है कि आप लोग भी करते थे। हम करते थे तब सोशल मीडिया नहीं था, इतनी जागरूकता नहीं थी। आज जनता यह जानना चाहती हैं कि सदन में आप लोग क्या करते हैं, वह जानती भी है। आप सदन में जो कुछ भी करते हैं, सोशल मीडिया के माध्यम से पूरी जनता देखती है। महाना ने बताया कि मुख्यमंत्री से चर्चा की है कि बजट सत्र अच्छा चलाएंगे। लंबे समय तक बजट सत्र चलाएंगे। ऐसे ही एआई के यूजेज को लेकर डिबेट की जाएगी।विधायकों का पांच ग्रुप बनाया है। मेरा मानना है कि विधायकों को विधायिका से जुड़े अन्य विषयों पर भी कार्य करना चाहिए। इन ग्रुपों के माध्यम से विभिन्न विषयों पर हम उनके साथ चर्चा करेंगे। यह चर्चा 23 दिसंबर से होगी।

यूपी के शतायु वृक्षों के संरक्षण के लिए चलेगा ऑपरेशन शतकवीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर। उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ के दौरान 100 से अधिक वर्ष की आयु पूरी कर चुके वृक्षों के संरक्षण की योजना बनाई है।

अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि योजना के अंतर्गत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर पुरातन वृक्षों को संरक्षित किया जाएगा। इसके अलावा वन्य जीवों को उनके प्रवाह स्थल तक पहुंचाने के लिए वन विभाग ने एक स्पेशल प्लान बनाया गया है।

उन्होने बताया कि महाकुम्भ में पहली बार श्रद्धालुओं के साथ साथ वन्य जीवों और वन वनस्पतियों के भी हितों का ध्यान रखा जा रहा है। इसके अंतर्गत पुराने वृक्षों और वन्य जीवों के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए जाने की तैयारी है। दूसरी ओर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रोड, पार्किंग स्थल, टेंट क्षेत्र आदि में लगे पुराने वृक्षों को अपग्रेड करने का भी काम किया जा रहा है, जिससे देश दुनिया से महाकुम्भनगर आने वाले लोग इन प्राणवायु के दाता का महात्म प्रत्यक्ष रूप से देख सकें।

महाकुम्भनगर में बड़ी तादात में 100 से अधिक वर्ष के वृक्ष हैं। इनको संरक्षित करने के लिए पूरे प्रदेश में योगी सरकार विशेष ध्यान दे रही है। इसी क्रम में प्रयागराज में वन विभाग ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इन वृक्षों का घेरा बनाकर उन्हें मजबूती दी जाएगी। इसके साथ ही उनके चारो तरफ मजबूत पक्की चौकी बनाए जाने की योजना है, जिससे पेड़ मजबूती से टिका रहे।

संगम क्षेत्र में स्थित पुराने वृक्षों की सुरक्षा पर वन विभाग का विशेष जोर है। इसके अलावा श्रद्धालुओं के आवागमन को सुलभ बनाने के लिए पेड़ों की कटाई-छटाई भी बड़े पैमाने पर की जा रही है। इसके साथ ही पेड़ों के सौंदर्यीकरण का काम भी प्रमुखता से किया जा रहा है। वहीं, मेला क्षेत्र में वन्य जीवों की सुरक्षा और उनके रेस्क्यू का कार्य भी किया जा रहा है। इस परियोजना के लिए 20 लाख रुपए का बजट प्रस्तावित है। इसमें वन्य जीवों से श्रद्धालुओं की भी सुरक्षा प्रदान करना तथा वन्य जीवों को उनके प्रवाह स्थल तक पहुंचाए जाने का कार्य प्रमुख हैं।

प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि इस बार का महाकुम्भ पूरी तरह पॉलिथीन मुक्त रहेगा। श्रद्धालु शुद्ध जल और शुद्ध वायु का यहां पर पूरा आनंद ले सकेंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस अभियान के लिए साधु संतों का पूरा सहयोग लिया जा रहा है। इसके अलावा इस बार साधु संतों के साथ साथ श्रद्धालुओं से भी प्रसाद और फूल पॉलीथिन में नहीं लाने का आह्वान किया है।

यूपीएए अवार्ड्स 2024 का आयोजन, बॉलीवुड समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियां हुई सम्मानित

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। फिल्म निर्माता नितिन मिश्रा ने उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एसोसिएशन द्वारा यूपीएए अवार्ड्स 2024 का आयोजन किया। इस 31वे अवार्ड समारोह में बॉलीवुड समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, बेबी रानी मौर्या मंत्री, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और मुख्ययमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी ने किया। उद्घाटन के दौरान अतिथियों ने यूपीएए के संरक्षक नितिन मिश्रा समेत बॉलीवुड की कई हस्तियों को सम्मानित किया। यूपीपीए अवॉर्ड समारोह 2024 के दौरान मिस्टर यूपी और मिस यूपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देवेंद्र प्रताप सिंह ने मिस्टर यूपी और तनिष्का शर्मा ने मिस यूपी का खिताब अपने नाम किया। वही मिस्टर यूपी के प्रतियोगिता में दीपक शर्मा द्वितीय स्थान पर और मिस यूपी का मनीषा सिंह द्वितीय स्थान पर रनर अप रहे। तो मिस्टर यूपी की प्रतियोगिता में महेश सिंह तृतीय और मिस यूपी संजना यादव तृतीय स्थान पर रनर अप रही।

जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन में 700 से अधिक की संख्या में युवाओं ने किया प्रतिभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अन्तर्गत जनपद के प्रशिक्षित युवा बेरोजगार युवक/युवतियों को अधिकाधिक स्वरोजगार स्थापित कराने हेतु शुक्रवार को आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें 700 से अधिक की संख्या में युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें आरसेटी, एनआरएलएम, आईटीआई, केवीआईबी, ओडीओपी टूलकिट, अन्य पिछडा वर्ग प्रशिक्षण, अनु0जाति अनु0 जनजाति प्रशिक्षण योजना के प्रशिक्षार्थी व अन्य प्रशिक्षार्थी सम्मिलित हुए। योजनान्तर्गत स्वरोजगार स्थापना हेतु रू0 5.00 लाख तक का 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त ऋण और 10 प्रतिशत अनुदान सहित ऋण कैसे प्राप्त कर सकते हैं, इसके विषय में सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ युवा उद्यमियों के पंजीकरण से किया गया, कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की मशीनों एवं विभिन्न प्रोजेक्टों को प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में सर्वेश्वर शुक्ला, संयुक्त आयुक्त उद्योग मिशन कार्यालय लखनऊ द्वारा युवाओं को क्या, क्यू और कैसे का मंत्र दिया गया, वहीं संयुक्त आयुक्त उद्योग, लखनऊ मण्डल, लखनऊ कंचन सुबोध द्वारा युवाओं को उद्यमी बनने के गुड़ सिखाये गये। तकनीकी सत्र में युवाओं की कम्पलीट हैण्ड होल्डिंग के लिए विचार मंथन सत्र इनक्यूबेशन सत्र तथा नर्चरिंग सत्र का आयोजन समाधान समिति द्वारा किया गया। समाधान समिति के प्रेसिडेन्ट मुकेश शुक्ला द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट उनसे जुडी मशीनों के बारे में तथा विडियों आदि के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी और रवि गुप्ता द्वारा परियोजना का चयन करते समय ध्यान देने योग्य बाते, बाजार पर फोकस, क्वालिटी कन्ट्रोल, आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। वही युवाओं की जिज्ञासा के समाधान हेतु प्रश्नोत्तरी सत्र भी चलाया गया, जिसमें उपायुक्त उद्योग मनोज कुमार चौरसिया, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, लखनऊ द्वारा युवाओं की समस्याओं जिज्ञासाओं का जवाब दिया गया तथा सभी अधिकारियों प्रशिक्षण संस्थाओं बैंकर्स से योजनान्तर्गत प्रशिक्षित युवाओं को लाभान्वित कराने का अनुरोध किया गया ताकि युवा रोजगार पाने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बन सके, साथ ही उद्यम कैसे प्रारम्भ करें, इकाई स्थापना हेतु प्लांट मशीनीरी एवं कार्यशील पूँजी का निर्धारण, डीपीआर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। जागरूकता कार्यक्रम में उपायुक्त, लखीमपुर-खीरी उज्जवल, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, प्रधानाचार्य, आईटीआई, बैंक ऑफ इण्डिया आरसेटी, ई-डिस्ट्रिक मैनेजर, अग्रणी जिला प्रबन्धक एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थित में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कौंधियारा थाना क्षेत्र में हो रही ताबड़तोड़ चोरियां,पुलिस नाकाम

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जमुनापार कौंधियारा थाना क्षेत्र नौगवां सलैया के भाई लाल पाल के दरवाजे पर गुरुवार की रात खडी बाइक का ताला तोड़कर चोर उठा ले गए।कुछ दिन पूर्व जारी चौकी से महज कुछ दूरी पर टाटा मैजिक का लॉक तोड़कर चोरों ने पार कर दिया। इससे पहले भी क्षेत्र के कई प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों भी चोरी की घटनाएं हो चुकी है। ग्राम पंचायत उमरी तालुका कांटी में 5 दिसम्बर चोरों ने एक घर की छत पर चढ़कर छत के आँगन में लगी जाली उखाड़ कर आंगन में उतरकर कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखा बाक्स एवं अलमारी का ताला तोड़कर लाखों रुपए का आभूषण एवं सत्तावन हजार रुपया नगदी उठा ले गये थे । पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया, डॉग स्क्वायड एवं फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया लेकिन आज तक चोरी का खुलासा नहीं हो सका। 24 मई को ग्राम पंचायत जोकनई के मुंशीलाल के घर में घुसकर चोरों ने एक लाख सत्तानबे हजार नगदी सहित लाखों का आभूषण उठा ले गए थे।थाना क्षेत्र में प्रतिदिन हो रही चोरियों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सुस्त दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का पुलिस पर से भरोसा उठता जा रहा है।

यात्रियों ने ई रिक्शा चालक को पीटा, छीन ले गए आठ हजार

मेजा प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नैनी छिवकी रेलवे स्टेशन पर ई रिक्शा बुक कराकर मेजा के सिकटी गांव के सामने पहुंचे आधे दर्जन यात्री रिक्शा चालक को बिना किराया दिए उतर गए। किराया मांगने पर यात्रियों ने उसे जमकर पीटा, जेब में रहे आठ हजार रुपये छीनकर चले गए। भयभीत रिक्शा चालक रात भर सिकटी की एक बाग में वाहन पर बैठ इंतजार करता रहा, सुबह होने पर पास पड़ोस के लोगों को घटना के बारे में जानकारी देकर नैनी लौट गया। नैनी के एडीए कांशीराम बस्ती निवासी बाबू राम सिंह ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार की आजीविका चलाता है। बुधवार की रात नौ बजे के लगभग उसके पास आधे दर्जन यात्री पहुंच बोले कि उसे मेजारोड चलना है, कितनी किराया देना होगा, यात्रियों की बात सुन चालक अपना वाजिब धन बताए जाने के बाद सभी यात्रियों को बैठाकर मेजा के मेजारोड पहुंच गया। ई रिक्शा चालक जब मेजारोड बाजार पहुंचा तो यात्रियों ने कहा कि वह उन्हें सिकटी गांव तक छोड़ दे जो अतिरिक्त किराया होगा दे दिया जाएगा। यात्रियों की बात पर ई रिक्शा चालक जब सभी को लेकर सिकटी गांव के सामने पहुंचा तो वाहन पर सभी यात्री विना किराया दिए चल दिए,जब चालक राम बाबू सिंह ने उनसे किराया मांगा तो सभी यात्रियों ने मिलकर पीट दिया, जेब में रहे आठ हजार छीनकर भाग लिए ।

प्रधानाचार्य ने 35 निर्धन बच्चों को वितरित किया स्वेटर

मेजा प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटर कॉलेज समहन में अध्ययनरत 35 छात्र-छात्राओं को कॉलेज के प्रधानाचार्य लल्लन सिंह ने निर्धन कोष से स्वेटर का वितरण किया। गर्म कपड़े मिलते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से भर गए । स्वेटर वितरण के समय उपस्थित रहे, सामाजिक कार्यकर्ता अश्वनी कुमार द्विवेदी ने कहाकि इस समय ठंड ने जोर पकड़ लिया है, ऐसे में गरीब बच्चों को स्वेटर देकर प्रधानाचार्य लल्लन सिंह ने सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर प्रमोद कुमार शर्मा, गजेन्द्र सिंह, सौरभ सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नगराम में ट्रैक्टर व बाइक में टक्कर, बाइक सवार की हालत गंभीर

नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना क्षेत्र के नबीनगर चौराहे पर शुक्रवार की शाम टैक्टर एक ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस ने लोगों की मदद से घायल युवक को सीएचसी नगराम ले गए जहां डॉक्टरों ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि नगराम थाना क्षेत्र के भोरा खुर्द निवासी अमित रावत का बाइक से नबीनगर चौराहे पर ईंट से लदी टैक्टर ट्राली से दुर्घटना हों गई , जिसमें अमित घायल हो गया। घायल अमित को सीएचसी नगराम लाया गया जहां डॉक्टरों से अमित की हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेन्टर के लिए रेफर कर दिया , घटनास्थल से टैक्टर चालक फरार हो गया है। वहीं टैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है।

बाढ़ प्रभावित 2295 किसानों कों मिलेगी राहत धनराशि

इटावा। उत्तर प्रदेश में इटावा जिले की चकरनगर तहसील क्षेत्र में चंबल व यमुना नदी में बाढ़ के कारण प्रभावित हुये 42 गांव के 2295 किसानों के लिये शासन से 67 लाख 90 हजार 109 रुपये की बाढ़ राहत राशि तहसील प्रशासन को प्राप्त हुई है। जिसे बाढ़ से प्रभावित किसानों को राहत के रूप में वितरित किया जाएगा।

एनआरएलएम से आधी आबादी को स्वावलंबी बना रही डबल इंजन सरकार

एजेंसी

गोरखपुर। आधी आबादी को स्वावलंबी बनाने के लिए केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) पर खासा ध्यान दे रही है। यह मिशन ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का जीवन संवारने में मददगार साबित हो रहा है।

महिलाओं को आत्मनिर्भरता का मंत्र देने के लिए अकेले उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में एनआरएलएम के तहत 18794 महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन हो चुका है जिसमें कुल 294364 परिवार समूह से आच्छादित हैं। एनआरएलएम के माध्यम से समूहों से जुड़ी महिलाओं ने चूल्हे.चौके से आगे बढ़कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह पकड़ी है। अब वे अपने परिवारों में आयार्जन करने वाले प्रमुख सदस्य की भी भूमिका में हैं। मोदी सरकार के इस मिशन को प्रदेश की योगी सरकार तेजी से आगे बढ़ा रही है। स्वावलंबन के मंत्र से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनानेए उनके आत्म सम्मान को नई ऊंचाई देने की दिशा में योगी सरकार के प्रयासों से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रति महिलाओं का रुझान बढ़ा है। इस मिशन से जुड़कर और प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव की महिलाएं सब्जी उत्पादन, नमकीन उत्पादन,मशरूम उत्पादन, कृत्रिम आभूषण निर्माण, बैगए ड्रेस, फ़ाइल फोल्डर बनाने के साथ पुष्टाहार उत्पादन से जुड़कर आय अर्जित कर अपना जीवन समुन्नत बना रही हैं। गोरखपुर के मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना बताते हैं कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत समूह गठन के मामले में गोरखपुर जनपद लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत संतृप्त है। कुल सक्रिय 18794 समूहों में से 545 का गठन वित्तीय वर्ष 2024.25 में हुआ है। समूहों की देखरेख 1320 समूह सखियों के माध्यम से की जा रही है। 324 समूह सखी का चयन इसी वित्तीय वर्ष में किया गया है। जिले में कुल 17325 समूहों को रिवॉल्विंग फंड निर्गत किया गया है। इसमें 15652 समूहों को 15000 रुपये की दर से 23 करोड़ 47 लाख 80 हजार रुपये की धनराशि रिवॉल्विंग फंड मद में दी गई है।

इस वर्ष रिवॉल्विंग फंड 15000 से बढ़ाकर 30000 रुपये कर दिया गया है। दर वृद्धि के बाद 1583 समूहों को चार करोड़ 74 लाख 90 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई है। समूहों के संचालन के लिए एनआरएलएम के तहत सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) से भी लाभान्वित किया जाता है। गोरखपुर में समूहों को 149 करोड़ 84 लाख 80 हजार रुपये की धनराशि सीआईएफ मद में दी गई है। समूहों की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में बैंकों के कैश क्रेडिट लिंकेज (सीसीएल) की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसमें बैंक द्वारा छह लाख रुपये तक की लिमिट जारी की जाती है।

न्यू पीएचसी का निरीक्षण करने पहुंचे अधीक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मेजा प्रयागराज। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेजा के अधीक्षक डा बबलू सोनकर टीम के साथ क्षेत्र के कोहड़ार, दसौती, ईटवाकला सहित अन्य उपस्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। दोपहर

दो बजे के लगभग वह ईटवाकला न्यूपीएचसी पहुंचे तो वहां की एएनएम तारा यादव मौजूद रहीं, एक महिला बेड पर लेटी रही।

अधीक्षक ने एएनएम से महिला के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि प्रसव पीड़िता है। जिसका इलाज चल रहा है। अधीक्षक ने रजिस्ट्रर का अवलोकन किया तो पता चला कि तीस महिलाओं की डिलेवरी कराई जा चुकी है। अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद वह एएनएम कक्ष पहुंचे तो यह भवन जर्जर मिला। अधीक्षक ने ठण्ड को देखते हुए, मरीजों को दिए जाने वाले कम्बल के बारे में जानकारी ली, तो पता चला कि कम्बल पर्याप्त मात्रा में मौजूद है।

नोटरी आयुक्त न होने से नोटरी कराने के लिए जाना पड़ रहा अन्य तहसील

278 राजश्व गांव में एक भी नोटरी आयुक्त नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज। कोरांव तहसील मे नोटरी आयुक्त न होने सें वादकारी अधिवक्ता सबको अन्य तहसील जैसे मेजा,करछना,बारा या मिर्ज़ापुर की तहसील लालगंज या जिला कचेहरी प्रयागराज जाना पड़ रहा है 10 बीस रूपये के नोटरी जैसा काम कराने के लिए सैकड़ो किलोमीटर दूर के साथ साथ भागदौड़ व कई सौ रूपये आने जाने मे खर्चा उठाना पड़ रहा है इस गंभीर समस्या की ओर किसी भी अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा है जबकि प्रतिदिन सैकड़ो नोटरी होता है इसके लिए बाहर ही जाकर कराना एक मात्र रास्ता है कई वर्ष पहले दिनेश सिंह अधिवक्ता नोटरी कर दिया करते थे लेकिन अब काफी समय सें करना बंद कर दिए है जब कर दिया करते थे तो हद तक काफी सहूलियत रहा करता था ओर न ही किसी की नियुक्ति की गईं जबकि कोरांव तहसील उत्तर प्रदेश व जनपद प्रयागराज का सबसे दूर दक्षिणाचल क्षेत्र का तहसील है जिसमे कुल 278 राजश्व गांव सम्मिलित है बार एसोसिएशन कोरांव के अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी द्वारा मुख्यमंत्री को पत्राचार भी किया जा चूका है लेकीन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुआ जबकि यह कोरांव काफी पिछड़ा क्षेत्र है शपथ आयुक्त के मोहर टिकट सें नोटरी का काम चलाया जा रहा है जो विधि विरुद्ध है कोरांव तहसील के अधिवक्ताओ ने उच्चाधिकारियो का ध्यान आकृस्ट कराते हुये नोटरी आयुक्त नियुक्त कराने की माँग की है।

सीएम का आदेश टाय टाय फिस्स, जिले सें लेकर तहसील के अधिकारियों का नहीं उठता फोन

इस मामले मे जानकारी के लिए जिलाधिकारी, एडीएम प्रशासन, अपर आयुक्त बित्त एवं राजश्व, प्रयागराज समेत उपजिलाधिकारी कोरांव,तहसीलदार कोरांव को सियुजी नंबर पर फोन किया लेकीन किसी का फोन नहीं उठा जबकि सरकार ने सियुजी फोन जारी किया है की फोन हर काल जरूर सभी अधिकारी रिसीव करे लेकीन यह आदेश लगता है प्रयागराज के लिए लागु नहीं है।

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

एडमिन यूनिट/जोन	Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway
नीलामी सूची सं.	2025-PRG-BPL
कार्य का विवरण	Minor Catering Unit under SMU-BPL at Prayag Jn. (PRG) Railway station. ID PRG/PF-2&3/ 209/Addl/ at Platform No.2/3 Document Attached FM-11-2022, FM-15-2022, FM-18-2022, & Site plan.
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	18.12.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	02.01.2025 at 10:00 Hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	02.01.2025 at 10:30 hrs.
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

3911/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

जलदूत नन्द किशोर वर्मा का दिल्ली से जल प्रहरी सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जल एवं नदी संरक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जल प्रहरी सम्मान के लिए जलदूत के नाम से सुप्रसिद्ध नन्दकिशोर वर्मा को प्रदान किया गया है साथ ही साथ उत्तर प्रदेश से चार आई ए एस अधिकारियों में उन्नाव के जिलाधिकारी गौरांग राठी, गाजियाबाद के जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनपद बांदा के वेद प्रकाश मौर्य को भी सरकारी टेल डाटकाम, जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से जल प्रहरी सम्मान न्यू महाराष्ट्र भवन नई दिल्ली में 18 दिसंबर को प्रदान किया गया। राजभूषण चौधरी राज्य जलशक्ति मंत्री,भारत सरकार के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया,इस अवसर पर जलपुरुष राजेन्द्र सिंह पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय, पद्मश्री लक्ष्मण सिंह लपोरिया आदि सहित देश के सुप्रसिद्ध पर्यावरण विद् एवं 37 जलप्रहरियों के साथ ज्युरी चेयरपर्सन न्यायाधीश संगीता ढींगरा सहगल और आयोजन मण्डल के अनिल सिंह एवं सरकारी टेल डाटकाम के आडिटर इन चीफ अमेय सा आदि ।

बताते चलें कि श्री वर्मा जी विगत 16 वर्षों से जल, नदी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अनवरत रूप से कार्य करते रहे हैं जिसके लिए क्षेत्रीय,राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों में यूं एन इन्वायरनमेंट डे हीरो, जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वाटर हीरो, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गोमती तट पर वृहद वृक्षारोपण के लिए सम्मान एवं लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से सम्मानित किया जा चुका है उनकी लिखी अथश्री नदी कथाएं और जल, नदी एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेशों युक्त दोहों की पुस्तक ''जलदूत के दोहे'' बहुत ही सराही जा रही है जिसका विमोचन माननीय जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने किया, भारत के जलपुरुष के रूप में विश्वविख्यात श्री राजेन्द्र सिंह जी ने भूरि भूरि प्रशंसा की एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

चौक सर्किल में 10 लोगों पर हुई बिजली चोरी की एफआईआर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के निर्देश पर शुक्रवार को चौक सर्किल के रेजिडेंसी डिविजन व ठाकुरगंज डिविजन तथा चौक डिविजन के अंतर्गत मॉर्निंग व इवनिंग रेड अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 10 लोगों को बिजली चोरी करते पाया गया जिनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की गई है। लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने बताया की चौक डिवीजन के अधिशासी अभियंता रमन वासुमित्रा के नेतृत्व में मेहताब बाग के अवर अभियंता प्रखर सिंह ने टीम सहित मोहनी पुरवा द्वितीय में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया। इस दौरान कुल 12 कनेक्शन को चेक किया गया, जिसमें से चार लोगों को बिजली चोरी करते पाया गया। इसके अलावा रेजिडेंसी डिवीजन के अधिशासी अभियंता सतीश कुमार वर्मा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी अमितेश कुमार ने विभागीय टीम सहित इवनिंग रेड अभियान चलाया। यहाँ की जा रही चेकिंग के दौरान उपखंड अधिकारी अमितेश कुमार ने वजीरगंज के नबीउल्लाह रोड इलाके में एक उपभोक्ता को बिजली चोरी करते हुए पाया। इसके अलावा ठाकुरगंज डिवीजन के अधिशासी अभियंता दीपक कुमार के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी अवधेश प्रसाद चौधरी व अवर अभियंता अंकित सिंह व अंकित पाण्डेय ने टीम सहित अंबरगंज, वजीर बाग व ओल्ड बालागंज में मॉर्निंग रेंड अभियान चलाया। यहां अभियान के दौरान कुल 25 कनेक्शन को चेक किया गया था। जिसमें से अंबरगंज वजीरबाग में 3 और ओल्ड बालागंज में दो लोगों को बिजली चोरी करते हुए पाया गया। रवि कुमार अग्रवाल ने बताया कि इन सभी बिजली चोरी करने वाले 10 उपभोक्ताओं के ख़िलाफ एंटी पावर थीफ थाने में बिजली चोरी की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है और इन सभी 10 उपभोक्ताओं की लाइट पोल से काट दी गई है। उन्होंने बताया की बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा।

बिजली बिल का भुगतान न करने वाले 396 लोगों की लाइट काटी गई

लखनऊ। लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने बताया लोगों को विभाग द्वारा जारी की गई ओटीएस योजना की जानकारी दिए जाने वह फोन द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद भी बिजली बिल के बकाए का भुगतान न करने वाले 396 लोगों का कनेक्शन काट दिया गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को 385 लोगों ने ओटीएस का लाभ लेते हुए रजिस्ट्रेशन करवाया

गोली मारकर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज क्षेत्र के अंतर्गत बीते 12 तारीख की रात्रि हबीबपुर इरम स्कूल के पास राजेश गौतम की गोली मारकर हत्या की गई थी और हत्या के बाद हत्यारोपी राकेश कालिया फरार हो गया था।आपको बता दें कि राजेश गौतम बतासा टिक्की का ठेला लगता था। हत्यारोपी और मृतक राजेश गौतम के बीच ठेलिया लगाने को लेकर हुआ था विवाद।राजू को गोली मारने वाले राकेश कालिया को ठाकुरगंज इंस्पेक्टर श्रीकांत राय की टीम , पुलिस आयुक्त क्राइम टीम शिवानंद मिश्रा व पश्चिमी सर्विलांस टीम की मदद से आरोपी को किया गया गिरफ्तार।

हत्यारोपी राकेश कालिया के साथ घटना में प्रयोग 12 बोर तमंचा एक जिंदा कारतूस व एक खोखा 12 बोर (एलजी) कारतूस किया बरामद।गिरफ्तार हत्यारोपी राकेश कालिया (52) ने हत्या करने के बाद तमंचा हुआ खोखा कारतूस को पुराने हाईकोर्ट कचहरी के नाले में फेंक दिया था। ठाकुरगंज पुलिस टीम ने गोली मारकर हत्या करने वाले राकेश कालिया को गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे।

क्रिसमस मीटिंग का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनुयायियों द्वारा सुनाए गए मसीह गीत

लखनऊ 20 दिसम्बर। बेतहसदा फैलोशिप ट्रस्ट की ओर से क्रिसमस सेलिब्रेशन वीक के क्रम मे शुक्रवार को घूरामऊ में क्रिसमस का आयोजन किया गया है। इस क्रिसमस मीटिंग्स के लिए विशेष रूप से पास्टर रवि किरन को और पास्टर करुणा कर्ण को आमंत्रित किया गया है। बिशप आर.सी. शेत के अनुसार 20 को क्रिसमस मीटिंग जहां घूरामऊ लखनऊ में हुई वहीं इसी क्रम में यह आयोजन दया का घर में भी होंगे। कल 22 को ओगरापुर बंथरा मे 23 दिसम्बर को गोडवा लखनऊ में क्रिसमस को मनाया जायेंगा। घूरामऊ मोहन में दया के घर चर्च द्वारा क्रिसमस पर्व का जोरदार आगाज किया गया। इसमें बड़ी संख्या में अनुयायियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। समारोह में संगीत दल ने मनभावन यीशु मसीह के गीत गाए गए और परमेश्वर के नाम की महिमा का गुणगान भी किया। मसीह गीत ह्लआया है यीशु आया है, मुक्त ले साथ आया, शोर दुनिया में ये हो गया आज पैदा मसीह हो गयाङ्कका आनंद अनुयायियों ने सबसे ज्यादा लिया। इस अवसर पर सुनील भाई रामबाबू भाई निर्मल भाई भीमराव ,पास्टर सुंदर ,सुमन, पास्टर अजय ,पास्टर राजेश,पास्टर विनोद ,पास्टर रामचंद्र,पास्टर मयंक डेविड,बिशप आर.सी. शेत ने यीशु मसीह के जीवन पर प्रकाश डाला।

करोरा : कम्बल पाकर जरूरतमंदों का खिला चेहरा

नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के करोरा गांव में गुरुवार शाम एक समाजसेवी ने गांव में जाकर जरूरतमंद , गरीब, असहायों का जायजा लिया , जिनको चिन्हित करते हुए तहसील प्रशासन की ओर से आये कम्बलो को वितरित किया । गुरुवार को करोरा निवासी समाजसेवी नीरज त्रिवेदी ने हल्का लेखपाल विवेक वर्मा के साथ में करोरा ग्राम प्रधान सुधीर विश्वकर्मा व दीपक तिवारी के साथ मिलकर मजदूर , असहाय एवं निराश्रित महिलाओं के बीच पहुंच कर कम्बल वितरित किए। इस हाड़ कंपाने वाली ठंड से बचाव के लिए कम्बल मिलने पर जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी देखी गई।

23 दिसम्बर तक बढ़ी परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा फॉर्म और शुल्क जमा करने की तिथि को 23 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है। परीक्षार्थी ईआरपी पोर्टल पर परीक्षा फॉर्म और शुल्क जमा कर सकते हैं। जबकि बीफार्मा के द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म और परीक्षा शुल्क के लिए समर्थ पोर्टल खोल दिया गया है।

273 अभ्यर्थियों ने दी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2024-25 फ़ेज-1 के पीएचडी में प्रवेश के लिए शुक्रवार को लिखित परीक्षा आयोजित की गयी। सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में एक पाली में सुबह 11 से 1 बजे के बीच परीक्षा हुई। होमी भाभा टीचिंग असिस्टेंट फ़ेलोशिप के लिए 25 सीटों और सामान्य सीटों के लिए कुल पंजीकृत 418 में से करीब 273 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। कुलपति प्रोफ़ेसर जेपी पांडे के निर्देशन एवं डीन पी जी प्रोफ़ेसर सीतालक्ष्मी के मार्गदर्शन में परीक्षा संपन्न हुई। केंद्र अधीक्षक के रूप में एसो डीन इनोवेशन डॉ0 अनुज कुमार शर्मा मौजूद रहे।

दिल्ली पब्लिक स्कूल की गोमती नगर विस्तार शाखा ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोमती नगर विस्तार स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिक समारोह वॉयला क्रिसलिस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या रूपम सलूजा ने अपने विचार प्रस्तुत किए, जो उत्कृष्टता और नेतृत्व का प्रतीक थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश सरकार के आईटी और संचार विभाग की विशेष सचिव नेहा जैन रही। वहीं सुपरहाउस एजुकेशन फाउंडेशन की प्रो-वाइस चेयरपर्सन नौशीन शादाब और शाहिना अमीन भी मंच पर मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों ने मंच पर विद्यालय की कैम्ब्रिज असेसमेंट इंटरनेशनल एजुकेशन के साथ साझेदारी का उद्घाटन किया। कार्यक्रमों में जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और पशु शिकार जैसे गंभीर विषयों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के डॉ. सुनील कुमार सिंह, स्पेशल सेक्रेट्री होम मिनिस्ट्री ऑफ़ उत्तर प्रदेश के योगेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

निजीकरण के विरोध में कल लखनऊ में होगा विशाल बिजली पंचायत का आयोजन, अगले कदमों की होगी घोषणा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने ऊर्जा निगमों के घाटे को लेकर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री द्वारा दिये गये बयानों को भ्रामक बताते हुए कहा कि ऊर्जा मंत्री घाटे को लेकर विरोधाभाषी बयान दे रहे हैं। संघर्ष समिति ने यह भी कहा कि ऊर्जा निगमों के किसी भी श्रम संघ ने निजीकरण का समर्थन नहीं किया है। इस सम्बन्ध में ऊर्जा मंत्री गलत बयानी कर रहे हैं। संघर्ष समिति के आह्वान पर निजीकरण के विरोध में आगामी 22 दिसम्बर को लखनऊ में विशाल बिजली पंचायत का आयोजन किया गया है। लखनऊ में होने वाली बिजली पंचायत में देश के सभी बिजली कर्मचारी महासंघों और ऑल इण्डिया पॉवर डिप्लोमा इंजीनियर्स फ़ेडरेशन एवं ऑल इण्डिया पावर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महामंत्री सम्मिलित होंगे। इस बिजली पंचायत में प्रदेश के समस्त जनपदों एवं परियोजनाओं से बड़ी संख्या में बिजली कर्मी संविदा कर्मी और अभियन्ता सम्मिलित होंगे। पंचायत में उपभोक्ता संगठनों और किसानों का भी प्रतिनिधित्व होगा। बिजली पंचायत में निजीकरण के विरोध में संघर्ष के अगले कदमों की घोषणा की जायेगी।

गोसाईंगंज में 29 अवैध रो-हाउस भवन सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शुक्रवार को एलडीए की प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने गोसाईंगंज व सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र में कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से बनाये जा रहे 29 रो-हाउस भवनों को व 1 व्यावसायिक निर्माण को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सुधीर सिंह, संदीप सिंह व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के दुलारमऊ में किसान पथ के पास लगभग 4000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से 29 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह मेसर्स अमरनानी मोटेल्स प्रा लि के निदेशक गोविंद अमरनानी व अन्य द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी के ग्राम अहिमामऊ में भूखण्ड संख्या-363 पर लगभग 550 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। जिन्हें प्रवर्तन टीम द्वारा पूर्व में सील किया गया था। वर्तमान में विपक्षियों द्वारा परिसर की सील खोलकर स्थल पर निर्माण व फिनिशिंग का कार्य कराया जा रहा था। इसके ख़िलाफ विहित न्यायालय द्वारा पुनः सीलिंग के आदेश दिये गये थे। जिसके चलते सहायक अभियंता उदयवीर सिंह व अवर अभियंता विपिन बिहारी राय व सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से प्रश्नगत स्थलों को सील कर दिया गया।

डालमिया भारत फाउंडेशन को मिला रेवोल्यूशनरी अवार्ड 2024

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डालमिया भारत फाउंडेशन यह घोषणा करते हुए गौरवान्वित है कि डीबीएफ द्वारा प्रोत्साहित एवं सुविधा प्रदत्त सरायन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को एफपीओ के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिष्ठित ''रेवोल्यूशनरी अवार्ड 2024'' से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश के रामगढ़ और आसपास के गांवों में मूंज घास आधारित शिल्प को बढ़ावा देकर ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में फाउंडेशन के उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देता है। नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह में भारत सरकार के जल शक्ति राज्य मंत्री माननीय डॉ. राज भूषण चौधरी और महिला एवं बाल विकास की पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी ने मुख्य अतिथि के रूप में शोभा बढ़ाई।

शहीद प्रभात के अस्पताल जाने पर गद्दा टेंट वाले ले गये, नहीं हुई साक्ष्य से छेड़छाड़ : अजय राय

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज समाचार पत्रों के माध्यम से सामने आया है, जिस कमरे में कांग्रेस कार्यकर्ता शहीद प्रभात पाण्डेय बेहोश हुए थे, उस कमरे में साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ हुई है। यह पूरी तरह से भ्रम फैलाने वाली बात है। अर्धरात्रि तक पुलिस ने हमसे जो कुछ मांगा, सीसीटीवी फुटेज इत्यादि वह सबकुछ उपलब्ध कराया गया है। वहां जो गद्दे आये थे, वो टेंट हाउस से आये थे। गद्दों को हम लोगों ने आंदोलन के लिए 18 तारीख को मंगाया था। कार्यकर्ता प्रभात जिस गद्दे पर बेहोश हुए वह गद्दा भी टेंट का था। बेहोश होने के बाद प्रभात को अस्पताल ले जाया गया और उसके बाद टेंट वाले आकर सभी गद्दों को लेकर चले गये। अजय राय ने मीडिया के सम्मुख कहा कि अर्धरात्रि को फारेंसिक एवं पुलिस की टीमें आयीं थी। उन्होंने ठीक से वहां जांच पड़ताल किया और उस कमरे को उन्होंने सील किया। हमारी ओर से पूरा सहयोग किया जा रहा है। किसी के दबाव में आकर कार्य नहीं किथा और न ही घटना को दूसरा रूप दिया जाये। वहीं बता दूं कि सरकार के इशारे पर मुझे गोरखपुर में अपने कार्यकर्ता प्रभात पाण्डेय के अंत्येष्टि में जाने से रोका गया। मैं किसी तरह वहां पहुंच सका। हमारे कार्यकर्ता के मौत मामले में निष्पक्ष जांच हो और हमारे कार्यकर्ता को न्याय मिले।

नगराम: दबंगों के हौसले बुलंद टैक्टर से किसान की दीवाल गिरायी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। शुक्रवार सुबह नगराम क्षेत्र के एक गांव दबंगों ने किसान को धमकी व दबंगई दिखाते हुए कब्जा की नीयत से दीवाल ढहा दिया , मामला नगराम थाना क्षेत्र के कमालपुर विचलिका गांव का है , हालांकि पुलिस ने बाप बेटे समेत तीन पर मुकदमा दर्ज कर किया है। नगराम क्षेत्र के कमालपुर विचलिका निवासी किसान दयाराम व मनोज ने नगराम थाना में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि उसके गांव के अंदर उसकी कुछ जमीन पड़ी है लेकिन गांव के ही पड़ोसियों ब्रम्हा प्रसाद व उसके बेटे दिलीप साथ में राम फ़ेर की पहले से ही उसकी खाली पड़ी जमीन पर इनकी नजर थी जिसको लेकर कुछ दिन पूर्व पंचायत भी हुई थी उस दौरान आपसी सहमति जताई थी तभी दीवाल निर्माण कार्य शुरू कर दीवाल खड़ी की गई। आरोप है कि उक्त लोगों ने शुक्रवार सुबह टैक्टर से खड़ी दीवाल ढहा दिया। आरोप है कि ब्रम्हा प्रसाद, दिलीप व रामफ़ेर ने उसकी दीवाल को ढहा दिया । दबंगों के हौसले इतने बुलंद हो गये कि जबरन किसान की दीवाल ढहाने के साथ ही गोली मारने व ट्रैक्टर चढ़ा कर मार देने की धमकी देते हुए दबंगों ने खड़ी दीवाल गिरा दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है । हालांकि दबंगों के धमकी के बाद से दोनों पीड़ित किसानों का परिवार डरा सहमा हुआ है। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि दया राम व मनोज द्वारा दी गई तहरीर पर बृम्हादास , दिलीप व रामफ़ेर पर मुकदमा दर्ज किया गया है जिसमें बृम्हमदास को गिरफ्तार कर जेल भेजा भेजा गया साथ ही दीवाल ढहाने वाले टैक्टर को थाने पर लाकर सीज कर दिया है अन्य की तलाश जारी है।

पुलिस ने टैक्टर कब्जे में लेकर किया सीज, एक को गिरफ्तार भेजा जेल

दबंगों ने गोली मारने व ट्रैक्टर चढ़ा कर दी जान से मारने की धमकी

मामले में पुलिस ने बाप बेटे समेत तीन पर दर्ज किया मुकदमा

राज्य विद्युत परिषद जूनियर संगठन का आयोजित हुआ 77वां वार्षिक महाधिवेशन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश का 77वां वार्षिक महाधिवेशन का उद्घाटन रविंद्रालय में संपन्न हुआ। रविंद्रालय सभागार में 77 वे महाधिवेशन का उद्घाटन करते हुए अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन डॉक्टर आशीष गोयल ने कहा कि जूनियर इंजीनियर संगठन इस विभाग की रीढ़ है और आधार है इनके सहयोग के बिना इस तकनीकी विभाग की तरक्की की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि जूनियर इंजीनियर संवर्ग हमारे दिल के सबसे करीब है और उनकी जो भी समस्याएं संगठन के महासचिव द्वारा बताई गई है उसका शीघ्र ही संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठकर समाधान किया जाएगा। साथ ही डॉ0 गोयल ने उत्तर प्रदेश कॉरपोरेशन की आर्थिक आंकड़ों का हवाला देते हुए घाटे को कम करने के लिए जूनियर इंजीनियर संगठन से इस अधिवेशन में चर्चा कर नई रणनीति बनाने का अनुरोध किया। संगठन का विस्तृत मांग पत्र रखते हुए संगठन के महासचिव इ0 जयप्रकाश ने विभिन्न मांगों के साथ साथ मुख्य रूप से जूनियर इंजीनियर का ग्रेड वेतन 4800 करने अथवा 4800 ग्रेड वेतन को जूनियर इंजीनियर संगठन के लिए समाप्त करने का अनुरोध किया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं के लम्बित आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। बच्चों, किशोर तथा किशोरियों के हितों के संरक्षण के संबंध में आवश्यक निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुये योजनाओं से अधिक से अधिक पात्र बालकों/बालिकाओं को लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त तहसील या ब्लॉक स्तर पर लंबित सत्यापन अतिशीघ्र कराए जाने के निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ग्राम व ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठकों का आयोजन नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाये। किशोर न्याय बोर्ड के स्तर पर लम्बित प्रकरण शीघ्र निस्तारित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। बाल विवाह पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट के अन्तर्गत जांच एवं कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा के द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य आदि की प्रगति के संबंध में अवगत कराया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत गठित जिला संचालन समिति की बैठक सम्पन्न। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत गठित जिला संचालन समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारित सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी निर्देश दिए कि प्रकरणों में लम्बित चिकित्सकीय जॉच समय से उपलब्ध करायी जाए। लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करते हुये पीड़ितों को नियमानुसार देयराशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। लम्बित चार्जशीट समय से दाखिल कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। पोर्टल पर लम्बित सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा जिन प्रकरणों में किसी दस्तावेज/विवरण की आवश्यकता हो उनमें तत्काल संबंधित स्तर से सम्पर्क कर वांछित दस्तावेज/विवरण प्राप्त कर लिया जाये। जिला प्रबोशन अधिकारी प्रिया पटेल ने बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण एवं विभिन्न अपराधों से पीड़ित महिलाओं तथा बालिकाओं के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान हेतु प्रदेश में उ.प्र. रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना का प्रभावी कियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु जनपद स्तर पर समन्वय एवं पर्यवेक्षण के लिए जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला संचालन समिति का गठन किया गया है। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों को संचालन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया।

समिति द्वारा सभी प्रकरणों पर गहनतापूर्णक विचार करते हुए निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान संयुक्त निदेशक अभियोजन संजय विश्नोई, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार शुक्ला सहित सम्बंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

गांव में कैम्प लगाकर ओटीएस योजना के तहत वसूला गया बिजली बिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा, सीतापुर । ब्लॉक की ग्राम पंचायत बसंतापुर में एस , एस, ओ प्रदीप कुमार अवस्थी द्वारा टीम सहित दिनांक 20,12,2024 को गांव में कैम्प लगाकर सरकार की महत्वाकांक्षी ओ,टी,इस एकमुश्त समाधान योजना के तहत 17लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन कर लगभग 40 हजार रुपए बिजली बिल वसूला गया रजिस्ट्रेशन न कराने व बिल न जमा करने के कारण लगभग 40 लाभार्थियों के कनेक्शन काटे गए श्री अवस्थी द्वारा ओ,टी, एस योजना के लाभ के बारे में लोगो को जागरूक कर लाभ उठाने के साथ साथ लोगो को बढ़ चढ़ कर बिजली बिल जमा करने के लिए प्रेरित किया

बागपत कारागार पहुंचे जिला जज ,जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक

बागपत। जनपद बागपत के न्यायाधीश संजय कुमार मलिक, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय ने शुक्रवार को जिला कारागार बागपत का निरीक्षण किया । अधिकारियों ने 70 साल से ऊपर के कैदियों से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है। जिला कारागार में 816 बंदी थे जिसमें जेल अस्पताल में 12 बंदी स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। जिला बागपत कारागार का निरीक्षण करते समय महिला बैरक में निरुद्ध महिला कैदियों, चिकित्सालय, पाकशाला (रसोई घर) हाई सिक्योरिटी देखी गयी है। । जिला जज व जिलाधिकारी ने महिला बैरक का निरीक्षण के दौरान निरुद्ध महिला कैदियों से खानपान व समस्याओं के बारे में जानकारी ली। महिला कैदियों के बच्चों से वार्ता कर उनका हाल चाल जाना। उन्होंने कहा जिनके पास सरकारी वकील नहीं है उन्हें सरकारी वकील दिया जाए इसके लिए प्रार्थना पत्र भिजवाएं। उन्होंने पाकशाला का निरीक्षण किया जहां मीनू के हिसाब से भोजन मिला, जिला जज व जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक से कहा कि कैदियों को भोजन, नाश्ता प्रतिदिन मीनू के अनुसार शुद्धता के साथ दिया जाए इसमें कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ठंड का समय है ठंड से संबंधित कैदियों को सुविधा उपलब्ध कराए। इस अवसर पर अपर जिला जज शिवकुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तीरथ लाल सहित जेल अधीक्षक व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते प्रधान सचिव ने बिना कार्य के ही निकाले लाखों रुपए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जब इस संबंध में हरगांव खण्ड विकास अधिकारी आत्म प्रकाश रस्तोगी से बात की गई तो उन्होंने बताया जानकारी मिली है मौके पर जांच कराई जाएगी।

हरगांव सीतापुर। विकास खण्ड हरगांव की ग्राम पंचायत में प्रधान सचिव के द्वारा बिना नाली बनवाए

ग्राम पंचायत उदनापुर कोरैया में सिर्फ़ कागज़ों में बनकर रह गई नाली

ग्राम प्रधान ने दो माह पहले पैसा निकाल लिया जबकि नाली नहीं बनाई गई है।विकास खण्ड हरगांव की ग्राम पंचायत उदनापुर कोरैया में पंद्रहवें राज्य वित्त से दिलीप के मकान से कल्लू के मकान तक यू टाइप नाली निर्माण दिखाकर 147,207 रुपए का भुगतान करा लिया गया है।मां शारदा ट्रेडर्स नैपालपुर की फर्म पर 26 सितंबर 2024 को 142537 रुपए का भुगतान किया गया है।4670 रूपये का भुगतान जेई शिवम वर्मा के खाते पर परामर्श शुल्क का भुगतान किया गया है प्रधान सचिव व जेई ने मिलकर कागजों पर नाली बनाकर 147207 रुपए की वित्तीय राशि को अपने नाम कर लिया।

गरीब का आशियाना जलने पर तत्काल पहुँचे रोमी साहनी ने प्रदान की सहायता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

विधायक रोमी साहनी ने दिए 10,000 हजार नगद, 08 कम्बल, अधिकारियों को दिए आवास व शासकीय मदद के निर्देश

पलियाकलां-खीरी। जिले की विधानसभा पलियाकलां क्षेत्र के ग्राम कोठियां निवासी अवधराम का घर आग से जलने के कारण घर मे रखा घरेलू सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया दुःखद घटना की सूचना मिलते ही पलिया 137 विधानसभा से विधायक रोमी साहनी तत्काल अग्नि पीड़ित अवधराम के घर कोठिया पहुँचे। अग्निकांड में राख हो चुकी पीड़ित की गृहस्थी की चीजों व उसकी जर्जर आर्थिक स्थिति के चलते दैनिक जीवन व रोजी रोटी की समस्या का समाधान करते हुये विधायक रोमी साहनी ने गोमती देवी पत्नी अवधराम को दस हजार रुपयो को आर्थिक सहायता और आठ कम्बल प्रदान करते हुये भविष्य में भी सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। पीड़ित की आर्थिक स्थिति व संसाधनों को देखकर विधायक ने खंण्ड विकास अधिकारी पलिया को फोन कर पीड़ित गरीब को तत्काल आवास दिलाने का निर्देश दिया वहीं तहसीलदार पलिया से फोन पर वार्ता करते हुये जल्द से जल्द सरकारी सहायता प्रदान किये जाने के निर्देश दिये। पीड़ित परिवार ने पलियाकलां विधायक रोमी साहनी का आभार जताया है।

परमाणु ऊर्ज़ा विभाग के सचिव ने किया आधुनिक कैंसर शोध लैब का उद्घाटन

वाराणसी । महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र एवं होमी भाभा कैंसर अस्पताल (एम.पी.एम.एम.सी.सी. एवं एच.बी.सी.एच.) में शोध को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक शोध लैब की नई शुरुआत हुई है। कैंसर के क्षेत्र में आधुनिक शोध की दिशा में यह लैब अस्पताल के लिए मील का पत्थर साबित होगा । साथ ही इस लैब के जरिए कैंसर मरीज को किस तरह का इलाज दिया जाना चाहिए उसे जानने में भी मदद मिलेगी। शुक्रवार को अस्पताल में निर्मित डॉ. सुमति वी. भिड़े ''एनालिटिकल बेसिक ऐंड क्लीनिकल रिसर्च'' लैब का उद्घाटन परमाणु ऊर्ज़ा आयोग के अध्यक्ष एवं परमाणु ऊर्ज़ा विभाग के सचिव डॉ. ए. के. मोहंती ने किया। इस दौरान बताया गया कि किसी भी बीमारी के इलाज में दवा के साथ ही शोध की अहम भूमिका होती है। शोध के जरिए ही बीमारी के प्रभावी प्रबंधन के बारे में पता चलता है, बात जब कैंसर की हो, तो उसमें शोध की भूमिका और भी बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए एम.पी.एम.एम.सी.सी. एवं एच.बी.सी.एच में आधुनिक लैब की शुरुआत की गई है, जिसमें बायोरिपोजिटरी ऐंड टिश्यू बैंक, सेल कल्चर फैसिलिटी, जीन एडिटिंग इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है। यहां सैंपल को 1196 डिग्री सेल्सियस तापमान पर सुरक्षित रखा जा सकेगा। अस्पताल के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि यह लैब कैंसर बायोलॉजी, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी और सेल्यूलर रिसर्च के क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। साथ ही ट्रांसलेशनल रिसर्च में भी इसका अहम रोल है। इस समर्पित लैब के शुरुआत से संस्थान द्वारा बेसिक रिसर्च के क्षेत्र में किए जा रहे शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। इलाज के क्षेत्र के साथ ही बीमारी के जल्द पहचान करने में भी मदद मिलेगी।

प्रदेश कार्यालय में किसानों के बारे में हुई चर्चा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एन,सी,पी के महा सचिव व लखनऊ मंडल प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह सहित प्रदेश महासचिव जितेंद्र सोनकर ने प्रदेश कार्यालय में किसानों के बारे में की चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एन सी पी के महासचिव व लखनऊ मण्डल प्रभारी प्रबीन कुमार सिंह व प्रदेश महासचिव जितेन्द्र सोनकर ने प्रदेश कार्यालय दारूल सभा लखनऊ पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष हरिश्चन्द्र सिंह से मुलाकात कर औपचारिक वार्ता किया और लखनऊ मण्डल के सभी जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के विषय में बार्ता किया साथ ही जनपद सीतापुर के साथ लखीमपुर खीरी और हरदोई के जन समस्या के विषय में चर्चा हुई और जनपद के प्रसासन के विषय में चर्चा हुई और यह भी बताया गया कि जनपद सीतापुर में गन्ना किसानों को सर्वे के आधार पर पर्ची नहीं दिया जा रहा है और यह भी लखनऊ मण्डल प्रभारी प्रबीन कुमार सिंह ने जनपद सीतापुर में धान खरीद में हुऐ घोटाले के विषय में भी चर्चा हुई और यह भी चर्चा हुई की गन्ना किसानों को मूल्य मिल प्रशासन द्वारा बिक्री पर्ची पर मूल्य न लिखने से जनता असमंजस की स्थिति बनी हुई है

12 वर्षीय दिव्याग बालिका की तालाब में डूबने से मौत*

हरगांव सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हरगांव थाना क्षेत्र के इलाके में 12 वर्षीय बालिका की तालाब में डूबकर मौत हो गई है। अरमी ग्राम पंचायत के मजरा कुशियारी पुरवा निवासी हजारी की 12 वर्षीय पुत्री हेमा दिव्यांग व मानसिक रूप से विक्षिप्त थी।दिन भर बाहर रहने के बाद शाम को घर वापस पहुंच जाती थी।गुरुवार को देर शाम तक घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने खोजबीन की लेकिन कही पता नहीं चल सका।शुक्रवार दोपहर गांव के दक्षिण तालाब में शव उतराता देखा गया।परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर सीतापुर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी द्वारा गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में टिप्पणी करने पर आज कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा लालबाग पार्क में एकत्रित होकर जिला अधिकारी सीतापुर के माध्यम एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित दिया जिसमें कहा गया कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में *भारत रत्न डॉक्टर बी आर अंबेडकर* के बारे में बेहद आपत्तिजनक और अपमानजनक वक्तव्य दिया गया। जो निंदनीय है इसी क्रम में लालबाग पार्क में बाबा साहब के अपमान के विरोध में प्रदर्शन कर, केंद्रीय गृहमंत्री के इस्तीफ़े और माफी मांगने के लिए, राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन दिया गया

दरोगा 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

सहारनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामपुर मनिहारान में दरोगा जसवीर सिंह को एंटी करप्शन की टीम ने 20 हजार की रिश्वत लेते हुए अरेस्ट किया है। पीड़ित टेशन लाल सिंचाई विभाग में तैनात है व पीड़ित के भाई झल सिंह की जमीन पर लगे पेड़ कटवाने को लेकर गांव में विवाद हो गया था। दूसरे पक्ष ने झल सिंह और टेशन लाल का नाम भी लिखवा दिया था। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि थाने मे तैनात दरोगा जसवीर सिंह ने पीड़ित से नाम कटवाने के नाम पर रिश्वत मांगी थी जिसके बाद एंटी करप्शन टीम ने दरोगा को 20 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। दरोगा पर संबधित धाराओं मे कार्रवाई की जा रही है।

वकील हत्याकांड : दोस्त की पत्नी से निकाह करना चाहता था हत्यारा, गिरफ्तार

जालौन,। जिले के नदीगांव थाना क्षेत्र में 18 दिसम्बर को मिले युवक के शव की शिनाख्त व हत्या के मामले का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया है। पत्नी के अवैध संबंध के चलते दोस्त ने ही दोस्त की हत्या कर शव को जंगल में गड्ढे में फेंक दिया था। युवक का शव नदीगांव के जंगल में गड्ढे में मिला था। मृतक की पहचान वकील पुत्र मुन्ना के रूप में हुई थी। पत्नी चांदनी ने कोंच थाने में पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने कैलिया बाईपास से ताहिर व उसके भाई अख्तर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस पूछताछ में ताहिर ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वकील उसका दोस्त था, इसलिए उसका उसके घर पर आना-जाना था। इसी बीच उसकी वकील की पत्नी से नजदीकियां बढ़ गईं और दोनों के बीच संबंध बने गए। ताहिर ने वकील की हत्या इसलिए कर दी, क्योंकि वह उसकी पत्नी से शादी करना चाहता था।

ताहिर ने घटना से पहले वकील को शराब पिलाई और जंगल में ले जाकर उसकी हत्या कर दी। शव को छिपाने के लिए गहरे गड्ढे में फेंक दिया था। पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने हत्या के आरोपी ताहिर को गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू और ई-रिक्शा बरामद कर लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

धान क्रय केंद्रों के खिलाफ एनसीपी महासचिव के एक्शन से मचा हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन(सीतापुर) । समूचे जिले में धान क्रय केंद्रों पर धांधली को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रवीण सिंह ने प्रमुख मांगों को लेकर दिया ज्ञापन। गांजर क्षेत्र में स्थित सांडा बाजार में क्रय केंद्रों पर हुए फर्जीवाड़े को लेकर भी भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कसी कमर और 5 0कुंतल से अधिक धान बेचने वाले किसानों के राशन कार्ड निरस्त करते हुए क्रय केंद्र के द्वारा समस्त किसानों के दस्तावेजों की जानकारी के साथ जमीनी जांच करने को कहा। किसानों दिए ज्ञापन में 50 कुन्तन धान से अधिक बिक्री करने वाले किसानों के राशन कार्ड निरस्तीकरण के साथ क्रय केंद्र संचालकों के लेखा जोखा जांच की रखी मांग की उपज को औने पौने दामों में बिचौलियों द्वारा खरीदकर बेचने के साथ अन्य मामलों की आखिर जांच कब?

लार्सन एंड टूब्रो को ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल ने दिया 'स्वार्ड आफ आनर' , नेशनल सेफ्टी काउंसिल ने दी गोल्डन ट्राफी

अयोध्या। अत्यन्त कड़ी स्पर्धा के बीच हुए श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर का निर्माण और उसकी सुरक्षा व्यवस्था का डंका पूरी दुनिया में बजा है। हर मानक में पंच तारांकित उपलब्धि के बाद स्पर्धा में राम मन्दिर शीर्ष पर रहा। इतने भव्य और सुदृढ़ निर्माण में हजारों श्रमिक और विशालकाय मशीनें लगी हैं। इनके बीच अहर्निश (रातों दिन) भारी-भरकम पत्थरों के साथ काम करते हुए अस्पताल तक पहुंचने वाली चोट-चपेट का शिकार कोई न हुआ। इसी के दृष्टिगत ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल ने निर्माता को 'स्वार्ड आफ आनर' से नवाजा है और नेशनल सेफ्टी काउंसिल ने गोल्डन ट्राफी दी है। सुन्दरता, भव्यता, व्यवस्था,प्रतिदिन दर्शनार्थियों की संख्या,प्रसाद की उत्कृष्टता और दान -चढ़ावे की बात में तो राम मन्दिर पहले ही सबसे आगे है,अब इस शौर्य मुकुट में एक और हीरा जड़ गया है। बताते चलें, पारम्परिक नागर शैली में बन रहे श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर का क्षेत्रफल 380(पूरब- पश्चिम) गुणे 250 फीट तथा उंचाई 161 फीट है। यह मन्दिर 392 स्तम्भों एवं 44 कपाटों वाला है। मन्दिर पूर्वाभिमुख है और सिंहद्वार 32 सीढ़ियों के साथ है। श्रीराम जन्मभूमि को राजस्थान के बंशी पहाड़पुर पत्थरों (लगभग पंद्रह लाख क्यूबिक फीट) से बनाया जा रहा है। वर्ष 2025 के 11 जनवरी को श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूरा होने जा रहा है। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र के अनुसार जून 2025 तक मन्दिर का निर्माण पूर्ण होने की आशा है। विदित हो कि ब्रिटिश सेफ्टी काउंसिल निर्माण का स्थलीय निरीक्षण करती है। निर्माण की प्रक्रिया स्थलीय क्रिया-कलाप,कार्य में प्रयोग की जा रही मशीनें, उनका संचालन, सुरक्षा उपकरणों का उपयोग, कार्यस्थल पर अनुशासन आदि बातों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया जाता है। इन सारे मानकों में पंच तारांकित उपलब्धि के उपरान्त ही कोई निर्माण स्पर्धा में सम्मिलित हो पाता है।

नारायणी नदी के बीच में बंद हुआ नाव का इंजन, किसानों की अटकी सासें

चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन, काफी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकले किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । नाव पर सवार तकरीबन तीन सौ लोगो की सासें उस समय थम गयी और देखते ही देखते चीख़-पुकार के साथ नाव में अफरातफरी मच गयी जब नाव की इंजन नारायणी नदी के बीच मे जाकर अचानक बंद हो गयी। सूचना पाकर पुलिस और तहसील प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद नदी में फंसे सभी लोगो को सुरक्षित बाहर निकाला।

घटना जनपद के तमकुहीराज तहसील के रेता क्षेत्र से अपने खेतों में कार्य कर नाव से वापस लौटते समय नारायणी नदी का है। नाव पर तीन सौ लोग सवार थे, जिन्हें कडी मेहनत के बाद सुरक्षित बाहर निकालने मे तहसील व पुलिस प्रशासन सफल रही। शुक्र है ऊपर वाले का, कोई जनहानि नही हुई।

गौरतलब है कि तमकुहीराज तहसील अन्तर्गत दर्जनों गांव ऐसे हैं जहां के लोगों की खेती नारायणी नदी के उस पार रेता क्षेत्र में है। नतीजतन हर सुबह किसान नाव से नदी पार कर अपने खेतों में जाते हैं और दिनभर काम करके फिर सूर्य ढलते ही उसी नाव से अपने घर लौटते हैं। कहना ना होगा कि नारायणी नदी पर पुल न होने के कारण यहां के बाशिंदों को अपने खेतो में आने-जाने का एक मात्र साधन नाव ही है। गुरुवार की देर शाम लोग नाव पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। नाव जैसे ही नारायणी नदी के बीच में पहुंची कि अचानक नाव का इंजन बंद हो गया। इसके बाद नाव अनियंत्रित होकर बहने लगी। यह देख नाव पर सवार लोगों की चीख पुकार शुरू हो गयी। देखते ही देखते नाव नदी में कुछ दूर तक बहने के बाद दो धाराओं के बीच रेत में फंस गई। इसके बाद कुछ लोग ने इंजन को ठीक करने का प्रयास किया। किन्तु नाव पर महिला-पुरुष, बच्चे सहित तीन सौ लोगो के साथ ट्रैक्टर ट्राली, बाइक, साइकिल आदि सवार होने के कारण नाव निकल नहीं सकी। नारायणी नदी में लोगों के फंसे होने की सूचना पाकर तमकुहीराज तहसील के अधिकारी और पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए। रात में ही छोटी नावों और मोटरबोट की मदद से काफी मशक्कत के बाद आधी रात तक सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

मौके पर पहुंचे तमकुहीराज तहसीलदार कुंदन वर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही हम लोग मौके पर पहुंच गये। तत्काल मोटरबोट और छोटी नावों की व्यवस्था कर नारायणी नदी में फंसे नाव पर सवार सभी लोगों को एक-एक कर बाहर निकाला गया। किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है।

टीबी रोगियों की स्वास्थ्य समस्या दूर करने में आईएमए रहेगा तत्पर : डॉ. जी पी राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में शुक्रवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सहयोग से टीबी रोगियों में दूसरे माह की पोषण पोटली वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बताते चले कि विगत माह कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की उपस्थिति में आईएमए द्वारा 52 टीबी रोगियों को गोद लिया गया था।

कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुये आईएमए के अध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश राय ने कहा कि टीबी रोगियों के स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं को दूर करने के लिये आईएमए के चिकित्सक गण सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत बनाने के लिये सरकारी एवं प्राइवेट चिकित्सको को मिलकर काम करना होगा तभी हमें सफलता मिलेगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आईएमए के सचिव डॉ वाई के मद्देशिया ने कहा कि जिन टीबी रोगियों को आईएमए के सदस्यों ने गोद लिया है उन्हें कभी भी कोई दिक्कत आये तो वे तत्काल सम्पर्क करें उनका निःशुल्क उपचार किया जायेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस. एन.त्रिपाठी ने कहा कि इस पुनीत कार्य हेतु मैं आईएमए के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। उन्होंने ने कहा कि सामाजिक सहयोग से ही हम टीबी मुक्त समाज की स्थापना कर सकते है।

कार्यक्रम में कुल 26 मरीजों में पोषण सामग्री वितरित किया गया। जिसमें आईएमए के सहयोग से 25 टीबी रोगियों को दूसरे माह का तथा एक रोगी को प्रथम माह का जिसको नगर निवासी उषा देवी पत्नी समाजसेवी राकेश जयसवाल उर्फ गुड्डू बाबू द्वारा गोद लेकर पौष्टिक आहार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष मिश्र ने किया तथा आगन्तुकों का स्वागत सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने किया एवं आभार डॉ संजय सिंह ने व्यक्त किया।

इस दौरान डॉ अनिल श्रीवास्तव, डॉ भावना गुप्ता,डॉ अशोक सिंह,डॉ आर एस यादव,डॉ गौतम जी गौरव,अशोक सिंह,वशीर अहमद,एसटीएस शाहिद अंसारी,विमलेश दुबे,हरिवंश गुप्ता,राजन,साबिर, बीना दुबे,मीरा दुबे,ममता,अशोक गुप्ता,धनश्याम प्रसाद,नगीना यादव आदि उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

राजापाकड़/कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार की सुबह तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम रुदावलिया में एक 23 वर्षीय विवाहिता का शव उसके घर संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ।प्रथम दृष्टया मौत का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है।पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिये भेज कर मामले की जाँच कर रही है। जानकारी के अनुसार उक्त गाँव निवासी सिकंदर की शादी करीब चार वर्ष पूर्व तरेयासुजान थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम दनियाड़ी निवासी स्वर्गीय हरिशंकर चौहान की पुत्री मुन्नी देवी से हुयी थी।विवाहोपरान्त चार वर्ष में मुन्नी को कोई संतान नहीं थी।गाँव वालों की मानें तो परिवार में आये दिन संतान और दवा को लेकर पति पत्नी में विवाद होता रहता था।बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम को फिर किसी बात को लेकर पति पत्नी में विवाद हुआ था जिसे बुजुर्ग मरीज सास थागी ने समझा बुझाकर रोज की भांति बरामदे में सोने चली गई। सुबह आठ बजे तक उसे कमरे से बाहर आता न देख जब वह घर में गई तो मुन्नी का शव कुंडी से लटकता हुआ पाई। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना मुन्नी के मायके, ईंट भट्ठे पर कार्य कर रहे अपने पति को दिया।सूचना पर तुर्कपट्टी पुलिस मौके पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।तथा पति सिकंदर को पूछताछ के लिए थाना लेकर चली गई इस सम्बन्ध में एसएचओ संजय कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतका के गले पर चोट का निशान है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी।

संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करेंगे आध्यात्मिक गुरु रविशंकर

कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आर्ट ऑफ लिविंग के प्राणेता वैश्विक आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर विश्व ध्यान दिवस 21 दिसम्बर दिन शनिवार की शाम को 8 बजे संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करेंगे। जिसका लाइव प्रसारण होगा। उक्त की जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग के जिला समन्वयक राजेश अग्रवाल ने देते हुए बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया है। रविशंकर वैश्विक नेताओ, अधिकारियों, राजनयिकों, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। जिसमें ध्यान, शांति, एकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया जाएगा।

नाइट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन

राजापाकड़/कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। न्यू आज़ाद क्रिकेट क्लब गोबरही राजापाकड़ द्वारा आयोजित नाइट दुक्की टूर्नामेंट प्रतियोगि ता का आयोजन प्राथमिक विद्यालय गोबरही पर किया गया जिसमें 8 टीमें भाग ली थी।जिसका फ़ाइनल मुकाबला अरुण 11पगरा बसंतपुर और प्रजापति 11 गुरवलिया के बीच खेला गया। यह मुकाबला 10 ओवर का खेला गया था जिसमें अरुण 11 ने कुल 6 विकेट से जीत हासिल किया प्रजापति 11ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और महज 39 रन के निजी स्कोर पर आल आउट गई जवाब में उतरी अरुण 11की टीम ने 4 विकेट गवा कर 9वे ओवर में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर जीत हासिल किया जिसमें उप विजेता टीम से मैन ऑफ द सीरीज चुने गए समीर ने अपने टीम के लिए 8 गेंदों में 14 और गेंदबाज़ी में 3 ओवर में 3 विकेट लिए तथा विजेता टीम से अज़हर ने 10गेंदों में 13 रन व गेंदबाजी से 1 विकेट लिए जिसके मुख्य अतिथि रहे समाज सेवी धनंजय मिश्र और राजा सिंह जिनके द्वारा मैच का शुभारंभ किया गया और पुरस्कार वितरण किया गया ।आयोजक टिंकू सिंह संचालक डब्लू मिश्रा पवन सिंह हरेश यादव ओमकार यादव ने निर्णायक के भूमिका निभाए व कमेटी सदस्य कुन्दन यादव मनोज यादव अरविंद यादव व धनंजय यादव और ज्यादा संख्या में दर्शक भी उपस्थित रहे।

शिवानी मणि बिहार में बनीं संस्कृत विषय की सह प्रवक्ता

कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के ग्राम सबया की शिवानी त्रिपाठी बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित माध्यमिक वर्ग (9 - 10 टीजीटी) परीक्षा में उतीर्ण हुई हैं। वह संस्कृति विषय में सह प्रवक्ता के पद पर चयनित हुई हैं। शिवानी के चयन पर दादा विद्याधर मणि त्रिपाठी, चाचा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, वेदप्रकाश मणि त्रिपाठी, एडवोकेट दिव्य प्रकाश मणि त्रिपाठी, माता इंद्रावती देवी, प्रीति पाण्डेय, भाई सौरभ मणि त्रिपाठी उर्फ गोल्डन, कमलेश्वर मिश्रा, रवि मिश्रा , वेंकटेश्वर मिश्रा, भानू मिश्रा सहित क्षेत्र वासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

पीएम श्री विद्यालय देवरिया पांडेय में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना/कुशीनगर। पडरौना ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय देवरिया पांडेय में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बीएसए डॉ रामजियावन मौर्य व बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में छात्रों ने राष्ट्रीय गीत, समूह नृत्य, एकांकी नाटक की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएसए ने कहा कि पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय प्रधानमंत्री द्वारा गोद लिया गया विद्यालय है। पीएम श्री विद्यालय योजना के तहत विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की समस्त सुविधाओं जैसे-पढ़ाई, जूता-मोजा, यूनिफार्म, मध्यान्ह भोजन, स्वेटर, बैग आदि सुविधाओं को उपलब्ध कराना प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता रहेगी। पीएम श्री योजना का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत इन विद्यालयों में नवीनतम तकनीक, स्मार्ट कक्षा, खेल और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसमें विद्यालय द्वारा छात्रों को समग्र विकास प्रदान करने पर विशेष बल दिया जाता है। बीईओ ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। कक्षा आठ की छात्रा प्रिया शर्मा द्वारा बनाया गया सोलर कुकर व उसमें बने काफी का अतिथियों ने तारीफ की। विद्यालय प्रधानाध्यापक प्रवीण पांडेय ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र नारायण पांडेय ने किया। इस दौरान बीईओ नगर मुकेश नारायण मिश्र, इंद्रजीत मणि त्रिपाठी, राकेश पांडेय, संजय सिंह, प्रधान प्रतिनिधि बाबूराम यादव, ग्राम प्रधान चंद्रशेखर सिंह ,एआरपी मनीष बाजपेई, सुमन पाठक ,अंकिता सिंह, अखिलेश बहादुर सिंह, वंदना शुक्ला, दिनेश भारती, अमित राय, एहसानुल्लाह आदि मौजूद रहे

शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ 23 से

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। 19वीं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज आगामी 23दिसम्बर से होगा। इसके लिये टीमों की चयन सहित अन्य तैयारियां पूरी कर ली गयी है।उक्त आशय की जानकारी पत्रकार वार्ता के दौरान देते हुए शहीद मेजर अमिय के बड़े भाई और आयोजन समिति के संरक्षक अजय त्रिपाठी ने बताया कि प्रति वर्षों के भांति इस वर्ष भी यह प्रतियोगिता दो ग्रुपों में होगी। प्रतियोगिता के लिये 23 दिसंबर को सुबह आठ बजे से कसया स्तिथ शहीद मेजर के मूर्ति से 41 धावक मशाल लेकर सपहा, तुर्कपट्टी होते हुए शहीद के पैतृक गांव भेलया पहुचेंगे। जहां शहीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद वहां से 310अन्य धावक धविकाओ के साथ यह मशाल दौड़ पटहेरवा, काजीपुर होते हुए आयोजन स्थल पावानगर महावीर इंटर कालेज के खेल ग्राउण्ड पर पंहुचेगी। जहां मुख्य अतिथि द्वारा अमर जवान ज्योति प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद सेन्ट जोसेफ स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आयोजन को भव्यता प्रदान करेंगे। पहले दिन प्रतीकात्मक मैच खेला जायेगा।प्रतियोगिता का पहला मैच 24 दिसंबर को खेला जायेगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी टीमें रणजी खिलाडियों से सजी होगी। इस प्रतियोगिता के बिजेता टीम को ट्राफी के साथ एक लाख पचास हजार तथा उप विजेता टीम को पचहत्तर हजार नगद राशि पुरस्कार में दिया जाएगा। इसके अलावे मैच के मैन ऑफ सीरीज को हीरो मोटर्स के तरफ से लेटेस्ट माडल की बाइक दिया जाता है। इस प्रतियोगिता के निर्णायक बीसीसीआई पैनल के अंपायर करेंगे। इसके अलावे थर्ड अंपायर की भी भूमिका के साथ साथ स्कोर बोर्ड की व्यवस्था होती है। प्रतियोगिता में ग्रुप ए में मेजबान टीम आजाद स्पोर्ट्स फाजिलनगर, एनई रेलवे, 3ट्ट क्रिकेट एकेडमी दिल्ली, बीजी इलेवन बिहार तथा ग्रुप बी में क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ, स्पोर्ट्स मंत्रा हरियाणा, दिल्ली चैलेंजर्स, क्रिकेट एसोशिएशन उत्तराखंड की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

मैत्रेय बुद्धा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा छात्र-छात्राओं में स्वेटर वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अन्तर्गत वार्ड संख्या 22 महन्थ अवैद्यनाथ नगर (सिसवा - महन्थ) स्थित सरदार पटेल प्राव व पुमावि के परिसर में मैत्रेय बुद्धा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 250 छात्र - छात्राओं में निःशुल्क स्वेटर वितरित किया।

शुक्रवार को आयोजित स्वेटर वितरण कार्यक्रम को सबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य आमोद कुमार सिंह ने कहा कि नन्हे - मुन्ने नौनिहाल ही देश के भविष्य हैं। इस दौरान रविन्द्र सिंह, रीना मिश्रा, शीला सिंह, आँचल कुशवाहा, मेनका एलियास रेशमा, रानी सिंह, जितेन्द्र सिंह, अनुराधा मद्देशिया, सूर्यप्रताप सिंह सहित अभिभावक मौजुद रहे।

गन्ना कृषकों का दल प्रशिक्षण लेने महाराष्ट्र जाएगा : निदेशक

कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक राज्य है। प्रदेश में गन्ने का औसत 841 कुन्तल प्रति हेक्टेयर है। प्रदेश के 20 गन्ना कृषिको का एक 7 दिवसीय अध्ययन यात्रा प्रशिक्षण लेने भारत के दूसरा नंबर का गन्ना उत्पादक राज्य महाराष्ट्र जनवरी 25 में लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान लखनऊ के निदेशक विश्वेश कनौजिया के मार्ग निर्देशन में जाएगा। निदेशक द्वारा जारी पत्र के हवाले से जानकारी देते हुए गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि अध्ययन यात्रा में जाने के लिए कृषकों का चयन गन्ना विकास विभाग के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक व जिला गन्ना अधिकारी द्वारा किया जाएगा चयनित कृषक गन्ना समिति का सदस्य होना आवश्यक है इस अध्ययन यात्रा में गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर परिक्षेत्र तीन कृषक , मुरादाबाद परिक्षेत्र से चार कृषक , गोंडा क्षेत्र से तीन कृषक, मुजफ्फरपुर से चार कृषक , शाहजहांपुर से चार कृषक , मुख्यालय से दो कृषक , कुल 20 कृषक प्रशिक्षण लेने बसंत दादा शर्करा संस्थान पुणे महाराष्ट्र ट्रेन से जाएंगे। इस अध्ययन यात्रा का मुख्य उद्देश्य महाराष्ट्र में किए जा रहे सोध तकनीक को प्रयोगशाला से किसान के खेत पर पहुंचा कर गन्ने की उत्पादकता एवं चीनी परता में वृद्धि करना तथा कृषकों की आय बढ़ाना है। प्रशिक्षण की तिथि रेलवे आरक्षण उपरांत किए जायेंगे। पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता जो यह प्रशिक्षण पुणे जाकर ले चुके हैं।

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

एडमिन यूनिट जोन /	लखनऊ–उ०रे० ०रे०उ / वाणिज्य–मण्डल–
नीलामी सूची सं० ० लॉट सं /	12231-SLR-F2-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	17.12.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	13.01.2024 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	13.01.2024 at 12:30 hrs.
नीलामी सूची सं० ० लॉट सं /	22467-SLR-F2-BSB-GNC-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	17.12.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	13.01.2024 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	13.01.2024 at 12:40 hrs.
नीलामी सूची सं० ० लॉट सं /	12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	17.12.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	13.01.2024 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	13.01.2024 at 12:50 hrs.
नीलामी सूची सं० ० लॉट सं /	12419-SLR-F2-LKO-NDLS-23-1 (Parcel-SLR)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	17.12.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	13.01.2024 at 12:00 hrs.
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	13.01.2024 at 13:00 hrs.
Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders	E- Auction Module of www.ireps.gov.in

No.: C/SLR Leasing contract-2019/KS Date:- 20.12.2024 3902/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

वार्षिकोत्सव में आयोजित हुई विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मनमोहक भावनृत्य, लघु नाटिका, कविता व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन

स्टूडेंट आफ दी ईयर के रुप में चयनित छात्र हुए पुरस्कृत

राजापाकड़/ कुशीनगर। दुदही विकास खंड पडरौना मंडुरही में स्थित के पीएम श्री विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन जहां छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया तो दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति कर वाहवाही बटोरी।

वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन वार्षिक खेलों के बैडमिंटन प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कक्षा छह छात्र विवेक कुमार व साहिल व बालिका वर्ग में कक्षा सात की छात्राएं मिक्की व नन्दिनी विजेता रहीं। लाड़?ली व पलक उपविजेता रहीं। कबड्?डी के जूनियर बालक वर्ग में कक्षा? छह विजेता, कक्षा आठ उपविजेता, खो खो में कक्षा आठ विजेता व कक्षा छह के छात्र उपविजेता रहे। प्राथमिक वर्ग के कबडडी व खो खो के बालक व बालिका वर्ग में कक्षा पांच विजेता व कक्षा तीन के छात्र उपविजेता रहे। लंबी कूद में विजय कुमार प्रथम, कृष्णा द्वितीय, तबरेज तृतीय, प्राथमिक स्तर ऊंची कूद में धीरज प्रथम, अंकित द्वितीय, सूरज तृतीय, लंबी कूद में धीरज प्रथम, अंकित द्वितीय व सलमान तृतीय स्थान पर रहे। टेबल टेनिस में कक्षा आठ के कृष्णा व आकाश विजेता व कक्षा छह के विवेक व साहित उपविजेता रहे। रंगोली निर्माण में आठवीं की छात्राएं लाडली, तन्नू, रीमा, मन्नू, रेशमी प्रथम, छठवी कक्षा की सादिका, सानिया, साइस्ता, पलक, नन्दिनी द्वितीय व कक्षा सातवीं कक्षा की संध्या, नन्दिती, कुमकुम तृतीय स्थान पर रहे। इस?के अतिरिक्त प्राथमिक वर्ग में गुच्छा दौड़ बोरा दौड़, बिस्किट दौड़, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। द्वितीय दिन छात्रों ने मनमोहक भावनृत्य, लघु नाटिका, कविता व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। रीमा ने गीत व कृष्णा ने अभियान गीत- दिह हथवा में कलमिया धरा प्रस्तुत कर सारा आकर्षण चुरा लिया।

इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। रेशमी व शोभा ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अनु?शासन, नियमितता एवं कक्षा गतिविधि के आधार पर वर्ष 2024-25 के सर्वश्रेष्ठ छात्र (स्टूडेंट आफ दी ईयर) के रूप में जूनियर स्तर पर विवेक कुमार व साहिल अंसारी, बालिका वर्ग में पलक, प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में धीरज व बालिका वर्ग में शालू गुप्ता का चयन किया गया। अतिथिगण प्रधानाध्यापक विद्या सिंह, प्राशिसं के मंत्री रामनिवास जायसवाल, उपाध्यक्ष अशोक यादव,

जूशिसं के मंत्री योगेन्द्र शर्मा, खेल शिक्षक राजेश यादव द्वारा विजेता व श्रेष्ठ छात्रों को मेडल व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया जाता। विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्राशिसं के ब्लाक अध्यक्ष अरुणेंद्र कुमार राय ने आभार प्रकट किया। इस दौरान जूशिसं के अध्यक्ष बांके बिहारी लाल, शिक्षकगण संध्या यादव, सुनील कुमार, राजेन्द्र मोहन, माधुरी यादव, रंजीत सिंह, सत्यम पांडेय आदि मौजूद रहे।

एसपी विनीत जायसवाल ने बड़ी संगत मंदिर परिसर व आश्रम का किया गया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने थाना कोत वाली नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित ऐतिहासिक बड़ी संगत मंदिर परिसर का भ्रमण कर मंदिर के पुजारियों,महन्त से संवाद स्थापित कर कुशलक्षेम लिया गया तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई भी परेशानी होने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराने हेतु बताया गया।विदित हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत इमामबाड़ा स्थित दो सौ वर्ष पुराने बड़ी संगत मंदिर जो हिन्दु देवता हनुमान जी को समर्पित है।जिसके परिसर व मुख्य द्वार पर कुछ स्थानीय लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया था।जिसको कुछ दिन पूर्व ही प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की टीम द्वारा अवैध अतिक्रमण मुक्त कराया गया था।पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा वहां उपस्थित क्षेत्राधिकारी नगर एवं थाना प्रभारी कोतवाली नगर को निर्देशित किया गया कि आसपास प्रभावी गश्त करते हुए सतत दृष्टि रखी जाए जिससे अतिक्रमण मुक्त कराए गए स्थान पर पुनः कोई अतिक्रमण ना होने पाए।

बिना डॉक्टर के संचालित हो रहा जनता डायग्नोस्टिक सेंटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले के कटरा बजार थाना क्षेत्र में बिना डॉक्टर के संचालित हो रहे जनता अल्ट्रासाउन्ड व डायग्नोस्टिक सेंटर के खिलाफ आखिर कब कार्रवाई होगी यह सवाल अब उठने लगा है।आंकडे के अनुसार कटरा बजार थाना क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन हुआ बिना डॉक्टर के पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित हो रहे हैं।जहां डॉक्टर नहीं हैं।ऐसे अल्ट्रासाउन्ड व डायग्नोस्टिक सेंटरों की रिपोर्ट भी सही नहीं होती।सूत्रों के अनुसार यह दावा लखनऊ मेडि कल कालेज में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ ने किया है डाक्टर ने बताया कि उनके पास आने वाले मरीज की हिस्ट्री व रिपोर्ट में काफी अंतर रहता है।डॉ.राम मनोहर लोहिया के स्त्री रोग विशेषज्ञ की माने तो गोण्डा जिले से एक लोग एक महिला को लेकर परिजन डॉ.राम मनोहर लोहिया अस्पताल आए थे।परिजनों के पास रिपोर्ट के अनुसार महिला का

हीमोग्लोबीन 5.5 था।जबकि शक होने पर जांच कराई गई तो महिला में हीमग्लोबिन 10.5 मिला।वही सूत्रों के मुताबिक लोहिया अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि गोण्डा जिले के एक अल्ट्रासाउंड से आई एक रिपोर्ट में गर्भस्थ शिशु को मृत बताया गया था जबकि गर्भ में बच्चा जीवित था।वही डॉक्टर ने दावा किया कि ग्रामीण अंचल से जितने भी मरीज आते है उनके पास जो जांच रिपोर्ट रहती है वह मरीज के हिस्ट्री से काफी अलग होती है।उन्होंने बताया कि टीएलसी जांच की रिपोर्ट में भी काफी अंतर आ रहा है।डॉक्टर ने बताया कि उनके यहां आने वाले मरीजों के पास जो जांच रिपोर्ट होती है उसमें से पचास फीसदी रिपोर्ट गलत होती है।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने अनुसूचित जाति राजकीय छात्रावास जेल रोड किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने देर शाम को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति राजकीय छात्रावास जेल रोड का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अचानक अनुसूचित जाति राज कीय छात्रावास जेल रोड पहुंची और वहां पर

राजकीय छात्रावास जेल रोड के कैम्पस में लगेगा नया वाटर कूलर : जिलाधिकारी

छात्रावास में आवासित छात्रों से वार्ता की,वार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जान कारी ली।निरीक्षण के दौरान छात्रों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि छात्रावास के कैम्पस में लगी सोलर लाइट विगत कई दिनों से खराब चल रही है।छात्रों द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कैंपस में लगी पानी की टंकी खराब है पानी की टंकी से बराबर पानी बराबर नहीं आता है,जिससे छात्रावास में आवासित छात्रों को लाइट एवं पानी की समस्याएं हो रही है।छात्रों द्वारा अवगत कराए गए समस्याओं को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि अनुसूचित जाति राजकीय छात्रावास जेल रोड में सोलर लाइट तथा पानी की टंकी को जल्द से जल्द सही कराया जाए,ताकि छात्रों को लाइट एवं पानी से समस्याओं का सामना ना करना पड़े।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रावास के कैंपस में नया वाटर कूलर दो दिवस में लगवाने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को यह भी निर्देश दिए हैं कि छात्रावास के कैंपस तथा आसपास में साफ सफाई की व्यवस्था भी तत्काल सही कराया जाए और संबंधित अधिकारी के द्वारा छात्रावास का बराबर निरीक्षण किया जाए,ताकि छात्रावास में आवासित छात्रों को किसी प्रकार की कोई समस्याओं का सामना न करना पड़े।

शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई जुम्मे की नमाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले में ''जुमें की नमाज़'' के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस बल के साथ शहर क्षेत्र में पैदल गस्त किया गया।गस्त के दौरान ड्यूटी पर लगे जवानों के पास मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों को चेक किया गया तथा चिन्हित हॉटस्पॉट वाले क्षेत्रों व मस्जिदों में शांतिव्यवस्था ड्यूटी में लगे जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने शहर क्षेत्र के मौलवी,धर्मगुरूओं से संवाद स्थापित कर जुमा की नमाज़ को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया।स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभि सूचना तंत्रों के अधिकारियों,कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गयी।पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों, ट्विटर, फ़ेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुपों सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मों पर निरंतर निगरानी की गयी तथा संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरे की मदद से सतत निगरानी की गई।

नगर पंचायत का कूड़ा जला कर फैला रहे प्रदूषण, आखिर कब होंगी कार्यवाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच । जरवल में एनजीटी के निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। एक तरफ किसानों के पराली जलाने पर सरकार ने रोक लगा रखी है। राजस्व कर्मी किसानों के खेतों में पहुंचकर किसानों पर जुर्माना लगा रहे है। वहीं दूसरी तरफ लखनऊ बहराइच हाईवे के किनारे नायरा पेट्रोल पंप के बगल बसहिया पाते में खुलेआम नगर पंचायत के कूड़े के ढेर में आग लगाकर प्रदूषण फैलाया जा रहा है,फिर भी नगर पंचायत पर जुर्माना लगाने में जिम्मेदार नाकाम रहे हैं। जरवल नगर पंचायत से निकलने वाला कूडा लखनऊ बहराइच हाइवे के किनारे बसहिया पाते में नायरा पेट्रोल पम्प के बगल इकट्ठा किया जाता है। कई ट्रक कूडा इकट्ठा होने के बाद कूड़े के ढेर में आग लगवा दी जाती है। हाइवे के किनारे

कूडे के ढेर में आग लगाने से चारों तरफ धुआं ही धुआं दिखाई देता है। जिम्मेदार एनजीटी के निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। प्रदूषण रोकने के लिए जिम्मेदारों को नगर पंचायत का यह प्रदूषण दिखाई नही देता है या जिम्मेदार जानबूझकर अपनी आंखों पर पट्टी बांध लेते है। किसानों के ऊपर सख्ती दिखाकर रौब जमाने वाले जिम्मेदार जरवल नगर पंचायत पर जुर्माना नही लगा रहे है।ऐसे में उनकी कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खडा हो रहा है। महीने में कई बार नगर पंचायत द्वारा कूडे के ढेर में आग लगवाकर प्रदूषण फैलाया जा रहा है।

प्रदेश में कारखानों के पंजीकरण में आयी तेजी एवं कर्मकारों को दी गई सुरक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । प्रदेश में कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत कारखानों के पंजीयन कराये जाने हेतु कारखानादारों की सुगमता के दृष्टिगत निवेश मित्र सिंगल विण्डों पोर्टल सिस्टम के माध्यम से कारखानों के पंजीयन की ऑनलाइन व्यवस्था द्वारा पंजीयन कराया जाता है। गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 3118 कारखानों का पंजीयन कराया गया तथा इसके अतिरिक्त 498 कारखानों का अस्थायी पंजीयन भी कराया गया। प्रदेश में कुल 3616 नये कारखाने पंजीकृत हुए जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में पंजीकृत हुये 1476 नये कारखानों की तुलना में लगभग 2.5 गुना अधिक है। विद्धीय वर्ष 2023-24 में हुये नये पंजीयन एवं पूर्व से जारी लाईसेस के नवीनीकरण के फलस्वरूप शुल्क के रूप में रू0 929.12 लाख राजस्व की प्राप्ति हुयी। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 (27-08-2024 तक) में 1335 नये कारखानों का पंजीयन कराया गया है जिसके फलस्वरूप नये पंजीयन एवं नवीनीकरण में शुल्क के रूप में रू0 263.69 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ है। पंजीयन की संख्या में और अधिक वृद्धि किये जाने के लिए सकारात्मक कार्य किये जा रहे है। प्रदेश में स्थापित पंजीकृत कारखानों में कार्यरत कर्मकारों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराये जाने एवं उनकी कार्य दशाओं में उपयुक्त सुधार हेतु तथा श्रमिक हितो के दृष्टिगत समय-समय पर केन्द्रीय निरीक्षण प्रणाली के अन्तर्गत गठित टीम द्वारा संयुक्त निरीक्षण किये जाते है, ताकि कारखाना अधिनियम-1948 एवं तत्सम्बन्धी उत्तर प्रदेश नियमावली 1950 एवं अन्य सुसंगत अधिनियम एवं नियमावलियों में विद्यमान प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जा सके। गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश में कुल 161 कारखानों के निरीक्षण सम्पादित किये गये तथा निरीक्षण के दौरान पाये गये उलंघनों में अनुपालन के प्रति उदासीन पाये गये कारखानेदारों के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में कुल 62 अभियोग दायर किये गये। जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में (27-08-2024 तक) में 278 निरीक्षण सम्पादित किये जा चुके है। प्रदेश में उद्योगों की स्थापना एवं रोजगारपरक वातावरण को और अधिक सुदृढ किये जाने हेतु ऐसे प्रतिष्ठान जो कारखाना अधिनियम-1948 के अन्तर्गत पंजीयन योग्य है किन्तु उनके द्वारा पंजीयन नहीं कराया गया है, ऐसे कारखानों को पंजीकृत किये जाने हेतु पूरे प्रदेश में सर्वेक्षण का अभियान चलाया गया ताकि अधिक से अधिक कारखानों को कारखाना अधिनियम-1948 के अन्तर्गत पंजीकृत किया जा सके। इस पंजीकरण से पूंजीनिवेश के फलस्वरूप प्रदेश की अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्राप्त होगी। सर्वेक्षण के परिणाम स्वरूप गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 2600 अपंजीकृत प्रतिष्ठानों को कारखाना अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत किया गया जो उपरोक्त उल्लिखित 3616 नये पंजीकृत हुये कारखानों में सम्मिलित है। कारखानों में रात्रि पाली में महिला कर्मकारों को कार्य करने/नियोजित करने संबंधी छूट प्रदान किये जाने के प्राविधान लागू किया गया है। प्रदेश सरकार ने कारखाना अधिनियम-1948 की धारा 66 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के परिप्रेक्ष्य में निर्गत अधिसूचना संख्या 647/36-3-22-17 (सा0)/2022, दिनांक 27/05/2022 द्वारा कारखानों में रात्रि पालि में महिला कर्मकारों को कार्य करने/ नियोजित करने की सशर्त छूट प्रदान की गयी है।

अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए डीआई जी ने की गोष्टी, दिए खास दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक ने शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने के राष्ट्र विरोधी तत्वों के प्रयासों को विफल करने के लिए अधिकारियों को निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए है।यह निर्देश उन्होंने देवी पाटन परिक्षेत्र में अपराध और सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान दिए।डीआईजी अमित पाठक ने अधिकारियों को जिले के थाना क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम एवं अपरा धियों की गिरफ्तारी कर त्वरित कार्यवाही करने एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन जनपद गोण्डा में गोष्ठी की गई और संदिग्ध लोगों पर निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिए हैं।उन्होंने शांतिपूर्ण माहौल को बनाए रखने के लिए राष्ट्र विरोधी तत्वों के नापाक इरादों को विफल करने के लिए संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर

उनकी धर पकड़ करने को कहा है और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अवैध कब्जे व अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये है।डीआईजी अमित पाठक ने बैठक के दौरान निर्देश दिए कि देवीपाटन परिक्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाया जाए।जो चोरी होने वाले वाहनों को खोज कर उनके मालिकों तक पहुंचाएंगी।वाहन चोरों की धर पकड़ के लिए उनका डाटा भी तैयार किया जाए,इस गोष्ठी में विभिन्न बिन्दुओं जैसे- असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाह अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय एवं निष्कर्षण पर पूर्ण रूप से रोकथाम,फुट पेट्रोलिंग एवं चेकिंग अभियान,अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही व नियंत्रण आदि पर चर्चा की गयी।थाना क्षेत्र के कस्बों बाजारों में अतिक्रमण हटाए जाने तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए।इस दौरान सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित करने वालों भ्रामक व गलत संदेशसूचना को किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने, थाना स्तर पर जनशिकायतों का शत प्रतिशत अंकन तथा प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।मौके पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल और अपर पुलिस अधीक्षक व जनपद के समस्त समस्त क्षेत्राधिकारी एवं थाना,शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवकों से ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

गाजियाबाद। थाना कौशाम्बी पुलिस ने शुक्रवार को विदेश (अजरबैजान) में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करके फर्जी वीजा व टिकट तैयार करके पैसे हड़पने वाले दो ठगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 22 पासपोर्ट, 02 फर्जी प्रमाण पत्र, 01 लैपटॉप मय चार्जर, 04 मोबाइल फोन व 01 स्कूटी बरामद हुई हैं। एसीपी स्वतन्त्र कुमार ने बताया कि थाना कौशाम्बी पर रामप्रस्थ ग्रीन निवासी किशन कुमार ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर फर्जी वीजा व टिकट देना और दो लाख 95 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराने के मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना कौशाम्बी पुलिस ने मैनुअल इनपुट, सीसीटीवी फुटेज की सहायता से घटना में संलिप्त दिल्ली के कंगर मोहल्ला निवासी मनीष कुमार गोंड उर्फ गणेश और अयोध्या के ग्राम मझनाई निवासी शाहरूख खान मैक्स हॉस्पिटल रोड वैशाली से गिरफ्तार किया है।

आरोपितों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने वैशाली सेक्टर-1 क्लाउड-9 टावर में जय अम्बे इन्टर प्राईसिस नाम से अपना ऑफिस खोल रखा था। यहां पर आने वाले

नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा जघ न्य मामलों में अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए मनकापुर प्रभारी निरी क्षक मनोज पाठक की टीम ने नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी करने के मुकदमें में वांछित एक नफर अभियुक्त को मुखबिर खास की सूचना पर कस्बा मनकापुर मण्डी के पीछे मैदान से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

योगी सरकार युवाओं को दे रही बिजनेसमैन बनने का सुनहरा मौका,मिलेगा बड़ा लोन

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की अनोखी पहल कोई न रहे बेरोजगार अपनायें स्वरोजगार के तहत मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना को लागू किया गया है जिसके सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बाबूराम उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र गोण्डा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की योजना है जो सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम,उद्यम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना लागू किया गया है।उक्त योजना के माध्यम से सूक्ष्म लघु एवं मध्यमों को गति प्रदान करने एवं अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आकर्षित करने हेतु प्रतिवर्ष एक लाख नई सूक्ष्म इकाईयां स्थापित किये जाने के उद्देश्य की पूर्ति हेतु महत्वाकांक्षी योजना प्रारम्भ की गयी है।योजना के प्रचार-प्रसार के संबंध में कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार गोण्डा में दिनांक 21 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11: 00 बजे निर्धारित है।जिसमें आप सभी से अनुरोध है कि आप स्वंय कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए पात्र युवकों को कार्यशाला में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करे।योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र गोण्डा कार्यलय में सम्पर्क किया जा सकता है।

महिला जनसुनवाई दिवस 24 दिसम्बर को

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के निर्देशानुसार ''महिला जनसुनवाई दिवस'' कार्यक्रम के अन्तर्गत 24 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच में आयोग की सदस्य श्रीमती अंजु प्रजापति की अध्यक्षता में वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में महिला अपराधों की समीक्षा एवं जनसुनवाई की कार्यवाही की जायेगी।

सप्त सरोवर पर इको विकास समिति की बैठक का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।डब्ल्यूडब्ल्यूएफ द्वारा प्रभागीय वनाधिकारी की अध्यक्षता में सप्त सरोवर पर इको विकास समितियों की बैठक का आयोजन किया गया। यहां इको विकास कार्यक्रम की कार्य योजना निर्माण पर विस्तृत चर्चा हुई।

कार्य योजना निर्माण के लिए इको विकास समितियों की बैठक का हुआ आयोजन

इको विकास कार्यक्रम की कार्य योजना निर्माण हेतु सप्त सरोवर पर इको विकास समितियों की बैठक का आयोजन प्रभागीय वनाधिकारी पीलीभीत टाइगर रिजर्व की अध्यक्षता में डब्ल्यू डब्ल्यू एफ के द्वारा किया गया।बैठक में नौजलहा नकटा, महाराजपुर, पुरैना ताल्लुके महाराजपुर, सेल्हा, टांडा छत्रपति, मुस्तफाबाद और चौड़ा खेड़ा इको विकास समितियां के सदस्यों एवं पदाधिकारी ने प्रतिभा किया।बैठक प्रभागीय वनाधिकारी पीलीभीत टाइगर ने बताया की टाइगर रिजर्व के आसपास के क्षेत्रो में लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए उनके रोजगार एवं गांव के सतत विकास के लिए ई डी सी के माध्यम से कार्य करता है। इसी के तहत पीलीभीत टाइगर रिजर्व सभी ईडीसी को आर्थिक सहायता दिया जाना प्रस्तावित है।ईडीसी के द्वारा नौकायन संचालन, जिप्सी संचालन होम स्टे, टेंट एवं सिलाई कार्य, शैक्षिक भ्रमण,जंगल के पास के क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था आदि की कार्य योजनाएं पेश किए गए। पुनीत कुमार ने बताया हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि वन्यजीव व जंगल को सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने कहा क्षेत्र में वन्यजीवों की चहलकदमी भी सूचना तुरंत वनकर्मियों को दी जाए। प्रस्तावित कार्य योजना की समीक्षा के बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व की ओर से सभी को एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। साथी स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु हल्दी की प्रोसेसिंग यूनिट लगाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ परियोजना अधिकारी डब्ल्यू डब्ल्यू एफ नरेश कुमार,युवा भाजपा नेता एव वरिष्ठ समाजसेवी पुनीत कुमार सहित क्षेत्र अधिकारी अरुण मोहन श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

पाँच सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू ने प्रशासन पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने प्रशासन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पाँच सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। शुक्रवार 4:30 पर भाकियू जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने बताया कि गांव लहा में धार्मिक स्थल व रास्ता की जमीन पर अवैध कब्जा कर प्रधान उसपर कृषि कार्य कर रहा है और तकिया दीनारपुर में भी रास्ते पर भी अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। लहा गांव में कुएँ पर भी कब्जा कर रखा है। ऐसी कई शिकायतों को लेकर तहसील प्रशासन को अवगत कराया गया था। पर तहसील प्रशासन ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया जिसके चलते अवैध कब्जे नहीं हट सके थे। इसी को लेकर भाकियू ने तहसील प्रशासन पर भ्रष्टाचार सहित कई आरोप लगाते हुए समस्याओं का समाधान न होने तक तहसील परिसर में ही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना जामो पुलिस द्वारा दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उप निरीक्षक संजीव कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित शिवराज उर्फ धर्मराज पुत्र रामदेव निवासी ग्राम पूरे राजा का पुरवा मजरे परशुरामपुर थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब बीस वर्ष को शारदा नहर भोएं मठिया के पास से गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

तिलोई के छह प्राइमरी स्कूलों में बीएसए को बंद मिला ताला

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने शुक्रवार को तिलोई विकास क्षेत्र के करीब एक दर्जन परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जिसमें से आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों में ताला लटकता मिला और कम्पोजिट विद्यालय पाकरगांव में एक शिक्षामित्र को छोड़कर समस्त शिक्षक अनुपस्थित पाये गये तो उच्च प्राथमिक विद्यालय कमई के प्रधानाध्यापक अनवरत तीन दिनों से अनुपस्थित रहे जिसमें कई विद्यालयों में तो बड़े पैमाने पर अनियमितता देखने को मिली है बीएसए ने इन विद्यालयों के शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही किये जाने की बात कही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कम्पोजिट विद्यालय पाकरगांव का निरीक्षण किया तो शिक्षामित्र रेखा शुक्ला को समस्त स्टाफ नदारद मिला जिस पर बीएसए ने नाराजगी जताई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय कोटवा नौ बजकर सोलह मिनट पर बंद पाया गया और प्राथमिक विद्यालय पूरे बाबा में ताला लटकता पाया गया। प्राथमिक विद्यालय बेसरवा और मठिया में ताला बंद मिला तो प्राथमिक विद्यालय देवकली में प्रधानाध्यापक अनुपस्थित पाये गये। उच्च प्राथमिक विद्यालय कमई के प्रधानाध्यापक अनवरत तीन दिनों से अनुपस्थित रहे और शिक्षक उपस्थित पंजिका पर हस्ताक्षर नही पाये गये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि कम्पोजिट विद्यालय सांगीपुर में पौने दस बजे बच्चे टहल रहे थे और शिक्षक कार्य प्रारम्भ नही हो सका था। उन्होंने बताया कि कई स्कूलों में बड़े पैमाने पर अनियमितता पाई गई है। बीएसए संजय तिवारी ने विद्यालय से नदारद रहने वाले इन शिक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

हरियाणा पंजाब बार्डर पर चल रहे आंदोलन को लेकर राष्ट्रीय आवाहन पर भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी राष्ट्रीय आवाहन पर भूखहड़ताल पर बैठे। इस दौरान शुक्रवार 11 बजे भाकियू जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया कि मांगों को लेकर हरियाणा पंजाब बार्डर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी भूखहड़ताल पर बैठे हैं। सरकार के द्वारा मांगों को पूरा नहीं किया गया इस दौरान बताया जा रहा है कि भूखहड़ताल पर बैठे राष्ट्रीय अध्यक्ष की तबीयत बिगड़ गई। उसके बाद भी शासन प्रशासन मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है और किसान आंदोलन के समय में सरकार ने किसानों से वादा किया था कि एमएसपी गारंटी कानून लागू करेंगे पर अभी तक लागू नहीं किया गया है। विधुत विभाग का नीजिकरण किये जा रहा जिससे किसान और आम जनता को महंगी बिजली मिलेगी इस नीजिकरण को रद्द करने की मांग की है। व गन्ना मूल्य 450 रुपए प्रति कुंतल करने की मांग की है।

एसपी ने अपराध गोष्ठी में अपराधियों को चिन्हित करने का दिया निर्देश

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक ने अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को चिन्हित कर उन पर शिकंजा कसने का निर्देश दिया गया।पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष के साथ सैनिक सम्मेलन, अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा आगामी त्यौहारों के दौरान सर्तक दृष्टि रखने व अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्यवाही, गुण्डा, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि पर सतर्क दृष्टि रखने, महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम व अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी तथा शीतऋतु के दृष्टिगत रात्रिगश्त को बढाने, बाजारों, चौराहों, सर्राफा की दुकानों, बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, दो पहिया, चार पहिया वाहनों व मोटरसाइकिल पर नई उम्र के लड़कों की चेकिंग आदि के बारे में आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी अमेठी, क्षेत्राधिकारी तिलोई, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, प्रशिक्षणाधीन पुलिस उपाधीक्षक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

चंदिया हजार गांव गन्ने के खेत के पास में बाघ की चहलकदमी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के थाना हजारा क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा के नजदीक गन्ने के खेत के पास में एक बाघ की चहलकदमी करने को लेकर किसानों व ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि किसान गन्ने की छिलाई कर रहे थे इस दौरान खेत के पास में बाघ टहलता देख किसानों के होश उड़ गए। वही बाघ देख किसान मौके से खिसक लिए। इस दौरान एक किसान ने बाघ का वीडियो बना लिया और वीडियो वायरल करते हुए लोगों को सतर्क रहने को कहा फिलहाल शुक्रवार तीन बजे वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

मोहल्ला पंकज कॉलोनी में घर में घुसकर लाखों की चोरी मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहल्ला पंकज कॉलोनी के रहने वाले संजीव कुमार शर्मा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया था। कि 14 दिसंबर की शाम को परिवार के लोग खाना खाकर सौ गए थे। देररात चोर घर में घुस गए और तीन बड़े बक्से उठा ले गए। एक बक्से में पत्नी के सोने के कुंडल, कमर बिछुआ, चांदी की पायल अन्य जेवर सहित 10 हजार की नगदी मकान की रजिस्ट्री चोरी हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार 4:00 कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया चोरी मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है जल्द ही चोरी का सामान बरामद किया जाएगा।

आर्य समाज में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित

सुलतानपुर। आर्य समाज के तत्वावधान में चल रहे वार्षिकोत्सव के समापन दिवस पर अध्यक्ष प्रोफ़ेसर (डॉ) अरविंद चतुर्वेदी के संजोजन में आयोजित विविध प्रतियोगिताओं यथा वेद मंत्र पाठ, एकल भजन समुह भजन और सम्भाषण प्रतियोगिताओ के विजेता प्रतिभागियो जिन्होंने प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना स्थान प्राप्त किया। उन सभी को मुख्य अतिथि हृदय रोग विशेषज्ञ भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सुधाकर सिंह एवम डॉक्टर ओंकार नाथ द्विवेदी ने पुरस्कृत किया। प्रथम स्थान पर वेद मंत्र पाठ में प्रायमरी स्तर पर अदिति मिश्रा, जूनियर में सोनम व आख्या शर्मा, माध्यमिक स्तर पर प्रथम स्थान श्वेता दुबे ने प्राप्त किया। एकल भजन में प्रथम स्थान प्राइमरी में शगुन शर्मा जूनियर में किंजल सोनाक्षी व दृष्टि, माध्यमिक में काजल व जिकरा मोहम्मदी रहे। इसी प्रकार सम्भाषण में प्राइमरी में सोमेश कुशवाहा जूनियर में प्रांजल तथा माध्यमिक स्तर पर रिद्धि व कार्तिकेय रहे।

कस्तूरबा गांधी विद्यालय में मॉडल विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। विद्यालय कस्तूरबा गांधी नगर क्षेत्र पीलीभीत में हुंडई मोटर एवं अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा कम लागत वाले मॉडल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें पांच विद्यालयों के बच्चों ने मिलजुल कर विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर खंड शिक्षा अधिकारी एवं कस्तूरबा गांधी प्रधानाचार्य चंचल गंगवार द्वारा किया गया। इस मौके पर सीमा जीबी प्रधानाचार्य जहानाबाद, आसमा दास विज्ञान अध्यापिका कंपोजिट जहानाबाद, संतोष खरे विज्ञान अध्यापकबरहा, माही वर्मा विज्ञान अध्यापिका कस्तूरबा गांधी एवं अन्य

अध्यापिकाएं रुचि गंगवार, क्षमा गुप्ता, शगुफ्ता नाज, रिया रस्तोगी, बबीता गंगवार, सरिता गंगवार और विद्या वाहिनी टीम के सीनियर इगनिटर शंकर शर्मा और आशीष कुमार, आलोक कुमार, विकास गुप्ता इस बीच मौजूद रहे।

एंबुलेंस को रास्ता दें अभियान के तहत किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। रानी लक्ष्मीबाई स्मारक बालिका इंटर कॉलेज कूरेभार में एंबुलेंस को रास्ता दें अभियान के तहत कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संजय सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य वक्ता शिक्षक साहित्यकार सर्वेशकांत वर्मा ने बताया कि यातायात नियमों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। स्कूलों, कॉलेजों और ग्राहकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना और उसे बढ़ावा देने के साथ एंबुलेंस को रास्ता दें अभियान पर संस्था जोर दे रही है। संस्था के महामंत्री सूरज विश्वास ने बताया कि सड़क दुर्घटना रोकने में स्कूली बच्चों की भूमिका अहम है। उन्होंने बच्चों से जिम्मेदार बनने और समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का भी आह्वान किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य नवीन गुप्ता ने बताया है

कि संस्था के द्वारा चलाए जा रहे अभियान सराहनीय है और मानवता के लिए मिसाल है। हम सभी का कर्तव्य है एंबुलेंस को रास्ता जरुर दें। इस मौके पर उपस्थित संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने आए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम लगातार एक महीने से चल रहा है जो अपने समाप्ति की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान अभी तक कई विद्यालयों में संचालित किया जा चुका है और कई प्रकार से लोगों को जागरूक किया गया है । इस अवसर पर बृजेन्द्र मिश्रा, उमेश सिंह, निशा श्रीवास्तव, आर एल यादव, विभा सिंह, कंचन सिंह, कंचन यादव के साथ बड़ी संख्या छात्राएं और शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रही।

चाइल्डलाइन के सहयोग से दो बच्चों को उनके परिजनों को सौंपा

सुलतानपुर। आर.पीएफ के सचिन के द्वारा दो बच्चे नाजिया परवीन उम्र 11 वर्ष मोहम्मद जाकिर उम्र 9 वर्ष रेलवे स्टेशन पर मिले जिसे चाइल्ड लाइन सुल्तानपुर के प्रशांत व पूजा व रीता मौर्य को सौपा। चाइल्डलाइन ने उन बच्चों को न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया, न्याय पीठ न्यायिक मजिस्ट्रेट शिव मूर्ति पांडे न्यायिक मजिस्ट्रेट ममता मिश्रा व ओमप्रकाश तिवारी सरिता यादव तथा अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेंद्र प्रसाद शुक्ला आदि सभी ने अथक प्रयास करके उन बच्चों के माता-पिता की खोज की। जो बनारस जनपद के ग्राम फारूकी नगर बजराडीह बनारस के हैं पिता का नाम जावेद वह माता नाजो प्रवीण को सौपा गया। बच्चों को पाकर माता-पिता खुश हुए सभी को धन्यवाद देते हुए बनारस गए उक्त कार्य में पीएलबी सुभाष चंद्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अमेठी में गृह मंत्री का पुतला दहन करने वाले दो युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना अमेठी पुलिस ने गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन करने वाले प्रकाश में आये दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उप निरीक्षक ज्ञान सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर धारा 292 बीएनएस व धारा छह संयुक्त प्रांत विशेष अधिनियम थाना व जनपद अमेठी में वांछित प्रकाश में आये सचिन यादव उर्फ सत्या पुत्र परमात्मा दीन यादव निवासी वेसवन पट्टी भैरवपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब चौबीस वर्ष व अनुपम यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी पूरे जोगाजीत भौसिंहपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को रामलीला मैदान के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना अमेठी पुलिस ने बताया कि गुरुवार को अम्बेडकर तिराहा कस्बा अमेठी में गृह मंत्री भारत सरकार का सचिन यादव उर्फ सत्या पुत्र परमात्मा दीन यादव निवासी वेसवन पट्टी भैरवपुर थाना संग्रामपुर व अनुपम यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी पूरे जोगाजीत भौसिंहपुर थाना संग्रामपुर व विजय श्याम यादव उर्फ दादा (डीडीसी) निवासी ग्राम भादर जनपद अमेठी द्वारा किया गया था जिस सम्बन्ध में उप निरीक्षक दिनेश सिंह द्वारा संज्ञान लेकर थाना अमेठी पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने बताया कि वांछित युवक की तलाश की जा रही है।

अमेठी में गृह मंत्री का पुतला दहन करने वाले दो युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना अमेठी पुलिस ने गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन करने वाले प्रकाश में आये दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उप निरीक्षक ज्ञान सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर धारा 292 बीएनएस व धारा छह संयुक्त प्रांत विशेष अधिनियम थाना व जनपद अमेठी में वांछित प्रकाश में आये सचिन यादव उर्फ सत्या पुत्र परमात्मा दीन यादव निवासी वेसवन पट्टी भैरवपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब चौबीस वर्ष व अनुपम यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी पूरे जोगाजीत भौसिंहपुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को रामलीला मैदान के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना अमेठी पुलिस ने बताया कि गुरुवार को अम्बेडकर तिराहा कस्बा अमेठी में गृह मंत्री भारत सरकार का सचिन यादव उर्फ सत्या पुत्र परमात्मा दीन यादव निवासी वेसवन पट्टी भैरवपुर थाना संग्रामपुर व अनुपम यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी पूरे जोगाजीत भौसिंहपुर थाना संग्रामपुर व विजय श्याम यादव उर्फ दादा (डीडीसी) निवासी ग्राम भादर जनपद अमेठी द्वारा किया गया था जिस सम्बन्ध में उप निरीक्षक दिनेश सिंह द्वारा संज्ञान लेकर थाना अमेठी पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने बताया कि वांछित युवक की तलाश की जा रही है।

डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन ने सीएमओ को सौंपा 24 सूत्रीय मांगपत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आव्हान पर 24 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला शाखा सुलतानपुर द्वारा आज़ मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय पर एक दिवसीय धरना देकर मुख्यमंत्री को 24 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रेषित किया गया। धरने में डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के जनपद के समस्त सदस्यों ने प्रतिभाग किया गया। धरना स्थल पर कमचारियों को संबोधित करते हुए लक्ष्मण स्वरुप श्रीवास्तव ने कहा कि फार्मेसिस्ट संवर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रदेश में कार्यरत फामेसिस्टो एवं संवर्ग में उच्च पदों के वेतन मान पद योग्यता एवं कार्य दायित्व के अनुरूप प्रदान न किये जाने पर रोष व्यक्त किया। शशिकांत मिश्रा अध्यक्ष ने कहा कि चिकित्सकों की अनुपस्थिति में फार्मेसिस्टो को रुपए 75/के स्थान पर रुपए 750/प्रतिमाह भत्ता दिया जाय। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विजय गौतम ने कहा प्रत्येक ट्रामा सेन्टर में फार्मेसिस्ट के तीन पद एवं चीफ़ फार्मेसिस्ट के 2 पदों का

मानक बनाकर पद सृजित किया किया जाए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिवाकर यादव ने कहा कि वर्ष 2005 के बाद से फामेसिस्टो की वरिष्ठता सूची जारी किया जाय तथा राष्ट्रीय कार्यक्रमो, जैसे डाट्स मानसिक रोग क्लिनिक आदि में दवाओं का रख रखाव फार्मेसिस्ट को दिया जाय। दीपक त्रिपाठी संयुक्त मंत्री ने कहा कि जनपदों मे नान फंकसनल वेतन मान,स्थाई करण, वार्षिक वेतन वृद्धि,जी पी एफ के भुगतान, सेवा निवृत्त के बाद देयकों का भुगतान तथा एसीपी का भुगतान समय से कराया जाए। फार्मेसिस्टो से डियूटी लिस्ट के अनुसार कार्य लिया जाए सभा के अंत में 24 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रेषित किया गया सभा का संचालन राज्य कर्मचारी कल्याण समिति चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष ओमप्रकाश गौड़ ने किया अध्यक्षता शशिकांत मिश्रा अध्यक्ष ने किया। सभा में शामिल सदस्य श्री ब्रह्मा नन्द त्रिपाठी,जग विजय वर्मा, राम प्रकाश उपाध्याय, विजय साहू, बृजेश पांडेय, अशोक चौरसिया, अखिलेश सिंह, संजय यादव, शीतला वर्मा, दिलीप श्रीवास्तव चीफ़ फार्मेसिस्ट, रुद्र शंकर, ब्रह्म शंकर यादव, उमेश त्रिपाठी,के पी पांडे, रितेश मिश्रा, शोभनाथ मिश्रा, संतोष उपाध्याय, एवं पूर्व अध्यक्ष डा के के तिवारी, पूर्व चीफ फार्मेसिस्ट आर बी सिंह टी एन मौर्या आदि उपस्थित थे।

पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर विराट किसान मेला होगा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर विराट किसान मेला जनपद में तेइस दिसम्बर से पच्चीस दिसम्बर तक किसान सम्मान दिवस, मिलेट्स कार्यशाला एवं रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रबी उत्पादकता गोष्ठी के अवसर पर रबी 2023-24 एवं खरीफ-2024 में उत्कृष्ट उत्पादन प्राप्त करने वाले किसानों को सम्मानित करने के साथ ही कृषि विभाग द्वारा एक दिवसीय जनपद स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी, रंगोली, पेंन्टिग व सांस्कृतिक प्रतियोगिता, मिलेट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरूकता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त किसान मेले में समस्त विभागों द्वारा मिलेट्स रेसिपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में सम्बन्धित विभागों के क्रिया कलापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी, प्रदर्शनी, स्टाल के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले किसानों, उपभोक्ताओं को दी जायेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त किसान मेले में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, पंचायतीराज, बाल विकास, महिला कल्याण, उद्योग, स्वयं सहायता समूह आदि विभागों द्वारा अपने विभाग से सम्बंधित स्टाल लगाये जायेगे।

एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेला सत्ताइस दिसम्बर को होगा

अमेठी । जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज द्वारा सत्ताइस दिसम्बर को पूर्वान्ह साढ़े दस बजे जनपद के राजकीय आईटीआई तिलोई में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार में निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा जिसमें बारहवीं, स्नातक तथा आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार हेतु पोर्टल पर अपना पंजीकरण करने के उपरान्त अपने योग्यता के अनुरुप इच्छुक, कम्पनी में आवेदन किया जा सकता है।

अंबेडकर के प्रति नफरत का शाही इजहार

आजकल अंबेडकर का नाम लेना एक फैशन हो गया है। अंबेडकर... अंबेडकर... अंबेडकर... अंबेडकर! इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। कौन कह सकता है कि ये शब्द अमित शाह के हैं जो देश के गृह मंत्री हैं। यह भी कोई नहीं सोच सकता कि वे उसी संविधान की बदौलत यह पद पाकर देश की सर्वोच्च संस्था में सरकार का दाहिना हाथ बनकर उन्हीं अंबेडकर को कोस रहे हैं जिन्हें संविधान की रचना का मुख्य श्रेय जाता है। फिर, यह भी कल्पना के परे है कि गृह मंत्री उसी संसद के फ्लोर पर खड़े होकर ऐसा कह रहे हैं जो संविधान के दिशानिर्देशों के अनुसार चलती हैय और फिर जिस सत्र के दौरान शाह ने यह अप्रिय व अशालीन टिप्पणी की वह उसी संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा का स्मरण करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। यह टिप्पणी शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में सरकार का पक्ष रखते हुए अपने भाषण के दौरान की। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने हाथ उठाकर उसी वक्त अपनी आपत्ति प्रकट करने की इजाजत तो मांगी थी लेकिन सरकार का बचाव करने के लिये कटिबद्ध सभापति व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उसे नजरंदाज कर दिया। इसे लेकर संसद परिसर में बुधवार को सांसदों का रोष दिखलाई दिया जो कि स्वाभाविक है। खरगे ने कहा कि श्बेशक उनके लिये और उनके जैसे करोड़ों लोगों के लिये अंबेडकर भगवान की ही तरह हैं। उल्लेखनीय है कि खरगे दलित समुदाय से आते हैं। सांसदों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए संसद परिसर में एक प्रदर्शन किया जिसमें वे अपने हाथों में अंबेडकर के चित्र लिये हुए थे। उन्होंने शाह से माफी मांगने और इस्तीफ़े की मांग की। दुखद बात तो यह है कि अपने गृह मंत्री के बयान पर शर्मिंदा होने अथवा उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने की बजाये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके बचाव पर उतर आये। उन्होंने कांग्रेस पर शाह का अधूरे बयान उद्धत कर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि शाह ने कांग्रेस को देश के पहले कानून मंत्री अंबेडकर के साथ जो किया था, उसके बारे में जानकारी दी है। शाह के पक्ष में भाजपा का आईटी सेल भी उतर आया और उसने सफाई में गृह मंत्री का पूरा वीडियो डाला है। उधर राहुल गांधी ने इस पर यह बयान देकर शाह की घेराबन्दी की है कि श्जो लोग मनुस्मृति में भरोसा करते हैं उन्हें अंबेडकर से तकलीफ तो होगी ही। लोकसभा में इस विषय पर चर्चा करते हुए राहुल ने संविधान और मनुस्मृति की प्रतियां दिखलाते हुए कहा था कि श्असली लड़ाई इन दोनों किताबों के बीच की है। यदि कोई सोचता है कि शाह का यह बयान कोई सामान्य सा उद्धरण है तो उसे अपनी गलतफहमी को दूर कर लेना चाहिये। संविधान का गौरव गान करने वाला यह विशेष सत्र सत्तारुढ़ दल भारतीय जनता पार्टी ने कोई स्वरुचि या अंतरूप्रेरणा से अथवा वास्तविक श्रद्धा भाव के साथ आयोजित किया हो, तो ऐसा बिलकुल नहीं है। जिस दल के वैचारिक पुरखों ने पहले दिन से ही संविधान को नकार दिया हो उसके मन में यकायक प्रेम उमड़ पड़ना भाजपा की सियासी मजबूरी है। जड़ में तो घृणा ही है। इस साल के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा और उसका नेशनल डेमोक्रेटिक एलांयस (एनडीए) दोनों इस बात को लेकर निश्चिंत थे कि उन्हें 370 व 400 का आंकड़ा प्राप्त होगा। यानी भाजपा अपने अकेले दम 370 सीटें लायेगी तथा मिल-जुलकर 400 की संख्या पार हो जायेगी। अति उत्साहित कई भाजपा उम्मीदवारों और नेताओं ने पहले ही बता दिया कि श्मोदी को इस बम्पर जीत की जरूरत इसलिये है क्योंकि उन्हें संविधान बदलना है। भाजपा-एनडीए को उम्मीद थी कि सामाजिक ध्रुवीकरण के चलते बड़ी जीत हासिल होगीय लेकिन इसे विपक्षी गठबन्धन खासकर कांग्रेस ने अपना प्रमुख विमर्श बना लिया। स्थिति पलट गयी। सीटों के एक बड़े नुकसान के साथ भाजपा तेलुगू देसम पार्टी एवं जनता दल यूनाइटेड की बैसाखियों का सहारा लेकर ही सरकार बना सकी।

विपक्षी एकता की दरकती दीवार और बाबा साहेब का अपमान

अमित शाह के भाषण के दौरान राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा जयराम रमेश, दिग्विजय सिंह जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहे लेकिन कोई भी नेता दमदारी से अमित शाह के तर्कों का विरोध नहीं कर सका। राज्यसभा की कार्यवाही के बाद कांग्रेस नेताओं ने अमित शाह के राज्यसभा में दिए गए भाषण में से 12 सेकेण्ड की विडियो क्लिप निकाल कर हंगामा करना शुरू कर दिया। भाजपा और मोदी विरोधी तंत्र सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गया और यह प्रचारित किया जाने लगा कि अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान बाबा साहेब का अपमान किया है। इसके बाद बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी समेत कई विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हो गए। कांग्रेस के उठाए मुद्दे पर इन दलों की जुगलबंदी के बाद तमाम राजनैतिक विश्लेषक कयास लगाने लगे कि पिछले दिनों विपक्षी एकता में जो दरारें दिख रही थी, वह इस मुद्दे के बाद थम जाएगी। लेकिन बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी एकता कायम होने की उम्मीद जताने से पहले दो बिन्दुओं पर विचार करना अपरिहार्य है। पहला यह कि आखिर ममता बनर्जी, लालू प्रसाद यादव, शरद पवार, अखिलेश यादव और दूसरे क्षेत्रीय दलों के नेता कांग्रेस को पीछे क्यों ढकेलना चाहते हैं। दूसरा, बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी दल कांग्रेस का किस हद तक बचाव कर सकेंगे जबकि ऐतिहासिक तथ्य इस मामले में कांग्रेस को ही कटघरे में खड़ा करते हैं।

संविधान अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में चार दिनों तक लम्बी चर्चा चली। राज्यसभा में चर्चा का जवाब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिया। उन्होंने अपने लगभग एक घण्टा 40 मिनट लम्बे भाषण में जिस तरह से तथ्यों और तर्कों को रखा उसने कांग्रेस नेतृत्व को मुंह छिपाना मुश्किल हो रहा था। अमित शाह के भाषण के दौरान राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा जयराम रमेश, दिग्विजय सिंह जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद रहे लेकिन कोई भी नेता दमदारी से अमित शाह के तर्कों का विरोध नहीं कर सका। राज्यसभा की कार्यवाही के बाद कांग्रेस नेताओं ने अमित शाह के राज्यसभा में दिए गए भाषण में से 12 सेकेण्ड की विडियो क्लिप निकाल कर हंगामा करना शुरू कर दिया। भाजपा और मोदी विरोधी तंत्र सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गया और यह प्रचारित किया जाने लगा कि अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान बाबा साहेब का अपमान किया है। इसके बाद बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी समेत कई विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हो गए। कांग्रेस के उठाए मुद्दे पर इन दलों की जुगलबंदी के बाद तमाम राजनैतिक विश्लेषक कयास लगाने लगे कि पिछले दिनों विपक्षी एकता में जो दरारें दिख रही थी, वह इस मुद्दे के बाद थम जाएगी। लेकिन बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी एकता कायम होने की उम्मीद जताने से पहले दो बिन्दुओं पर विचार करना अपरिहार्य है। पहला यह कि आखिर ममता बनर्जी, लालू प्रसाद यादव, शरद पवार, अखिलेश यादव और दूसरे क्षेत्रीय दलों के नेता कांग्रेस को पीछे क्यों ढकेलना चाहते हैं। दूसरा, बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी दल कांग्रेस का किस हद तक बचाव कर सकेंगे जबकि ऐतिहासिक तथ्य इस मामले में कांग्रेस को ही कटघरे में खड़ा करते हैं। दरअसल, राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने जिस आक्रामक अंदाज में कांग्रेस को घेरा, उसने राहुल गांधी के 'संविधान बचाओ' अभियान की पोल खोल कर रख दी। उन्होंने अपने भाषण में ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर सिलसिलेवार तरीके से बताया कि किस तरह कांग्रेस की सरकारों ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और राजीव गांधी तक के कार्यकाल में निजी और राजनैतिक हित साधने के लिए संविधान में बदलाव किए। उन्होंने पहले संविधान संशोधन का जिक्र करते हुए बताया कि इसके जरिए देश के आम लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी को छीनने का प्रयास किया गया। इसके बाद इंदिरा गांधी ने अदालत से उनके खिलाफ आए एक फैसले के बाद अपनी कुर्सी बचाने के लिए आपातकाल लगा दिया और देश के नागरिकों के मौलिक अधिकार तक छीन लिए। राजीव गांधी ने तो वोटबैंक के लालच में शाहबानो मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले को ही पलट दिया गया। इसके उलट मोदी सरकार ने पिछले दस साल के शासनकाल में संविधान में जो भी संशोधन किए हैं उनका उद्देश्य देश को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक मोर्चे पर मजबूत बनाना रहा है। इसके लिए उन्होंने महिलाओं के आरक्षण देने, पूरे देश में एक समान कर प्रणाली (जीएसटी) लागू करने और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 निष्प्रभावी करने जैसे कई संविधान संशोधनों का जिक्र किया। भाजपा और मोदी पर संविधान बदल कर आरक्षण खत्म करने का आरोप लगाकर पिछले लोकसभा चुनाव में आंशिक सफलता हासिल करने वाले कांग्रेसी नेताओं की कलई भी अमित शाह ने अपने भाषण के दौरान खोलकर रख दी। उन्होंने तथ्यों के आधार पर समझाया कि किस तरह कांग्रेस सरकारों की वजह से जम्मू और कश्मीर के दलितों और पिछड़ों को आरक्षण के लाभ से वंचित रखा गया। जामिया मिलिया इस्लामिया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों में दलितों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका। अपने भाषण के दौरान अमित शाह ने विस्तार से बताया कि किस तरह दो बार पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आम्बेडकर को चुनाव हराने के लिए पूरी ताकत लगाई। यहां तक कि उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहे कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में खुद जाकर प्रचार भी किया। उन्होंने यह भी बताया कि जब तक देश में कांग्रेस की सरकार रही, तब तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के तार्किक आरोपों से बौखलाए कांग्रेसियों ने राज्यसभा में अमित शाह के भाषण से 12 सेकेण्ड की एक वीडियो क्लिप निकाली जिसमें वह कहते हुए दिख रहे हैं 'आजकल एक नया फैशन चला है, आम्बेडकर, आम्बेडकर, आम्बेडकर। इतना नाम यदि भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।' कांग्रेस और उससे जुड़ा प्रचार तंत्र मौके का लाभ उठाने के लिए इस वीडियो क्लिप को बहु प्रसारित (वायरल) करने में जुट गया। भाजपा और मोदी के विरोध में वातावरण तैयार करने के लिए सदैव तत्पर रहने वाली समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भी उनके सुर में सुर मिलाते हुए अमित शाह पर राजनैतिक हमले शुरू कर दिए। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल अपने समर्थकों के साथ सड़कों पर आ गए। इसी तरह अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने भी अमित शाह के बयान की तीखी आलोचना की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो बाकायदा पत्रकार वार्ता करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की कि अमित शाह को केंद्रीय मंत्रिमण्डल से बर्खास्त किया जाए। बाबा साहब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी नेताओं के हमले झेल रहे अमित शाह भी शाम के समय पत्रकारों के बीच आए लेकिन वे किसी तरह से बचाव की मुद्रा में दिखाई नहीं दिए। कांग्रेस पर 'सत्य को झूठ के कपड़े पहनाकर' लोगों का भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए वहां मौजूद पत्रकारों से उन्होंने एक ही अपील की कि वे उनके पूरे भाषण को लोगों के सामने रखें, इसे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। सोशल मीडिया के इस युग में किसी भी सच्चाई को ज्यादा समय से छिपा कर रख पाना संभव नहीं है। खासतौर पर तब जबकि राज्यसभा में दिया गया भाषण तमाम स्थानों पर सहज रूप से उपलब्ध है। दरअसल, अमित शाह के भाषण की 12 सेकेण्ड की जो वीडियो क्लिप बहु प्रसारित की जा रही है उसके आगे के अंश में वे कह रहे हैं ...डॉ. आम्बेडकर का सौ बार और नाम लो लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि उनके बारे में आपकी भावनाएं क्या हैं, वो ज्यादा जरूरी हैं। मैं आपको बता दूं कि जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व वाली सरकार से असहमति के बाद बीआर आम्बेडकर को पहले मंत्रिमण्डल से इस्तीफा देना पड़ा था। आम्बेडकर जी ने कई बार कहा था कि मैं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से हुए व्यवहार से असंतुष्ट हूं। सरकार की विदेश नीति और अनुच्छेद 370 से मैं असहमत हूं। इसलिए वह पद छोड़ना चाहते थे लेकिन उन्हें आश्वासन दिया गया और जब वह पूरा नहीं हुआ तो उन्होंने इस्तीफा दे दिया। ऐसे में जो राजनैतिक विश्लेषक ये अनुमान लगा रहे हैं कि बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर विपक्षी एकता की दरकती दीवार बच जाएगी उन्हें समझना होगा कि अमित शाह के भाषण के इस अंश को सुनने के बाद आम्बेडकर समर्थक समझ जाएंगे कि अमित शाह असल में क्या कह रहे हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस का तनिक भी बचाव कर पाना संभव नहीं है। इसके अलावा लालू प्रसाद यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार और अखिलेश यादव के राहुल गांधी एवं कांग्रेस को निशाने पर लेने की असल वजह मुस्लिम वोटबैंक है जो इन क्षेत्रीय दलों की राजनीति का आधार है। हाल ही में हुए हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, झारखण्ड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव नतीजों से साफ हो चुका है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जो भी बढ़त दिखाई दी थी उसका कारण मुस्लिम वोटों का उसके पाले में जाना था। ऐसे में ये क्षेत्रीय नेता कभी नहीं चाहेंगे कि कांग्रेस उनके इस वोटबैंक में सेंध लगाकर मजबूत हो। इसीलिए इन नेताओं ने राहुल गांधी पर सवाल उठाने शुरू किए हैं। ऐसे में बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर वे कांग्रेस के साथ ज्यादा दूर तक चलेंगे इसकी संभावना नहीं है। -विकास सक्सेना

देहरादून के वैद्य वेद प्रकाश गोयल की मधुमेह की दवा हुई पेटेंट

राम प्रताप मिश्र साकेती

उत्तराखंड की जड़ी-बूटियों का दोहन बाहरी राज्यों के लोग ज्यादा कर रहे हैं लेकिन इस प्रदेश के कुछ लोग ऐसे भी हैं जो जड़ी-बूटियों के माध्यम से लोगों को नवजीवन देने का काम कर रहे हैं। ऐसे ही लोगों में एक नाम वेद प्रकाश गोयल का है जिनकी जड़ी-बूटी को सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक साइंस (सीसीआरएएस) द्वारा पेटेंट कर दिया गया है। वेद प्रकाश गोयल उन लोगों से हैं जो घर से ही आयुर्वेदिक दवा बनाकर लोगों को स्वस्थ करने की इच्छा से सेवा करते हुए वर्षों से इस साधना में लगे रहे हैं। आज लगभग 80 वर्ष की उम्र में भी वह आयुष सेवा में जुटे हैं। आयुर्वेद की दवा का पेटेंट प्राप्त कर चुके वैद्य वेद प्राकश गोयल का कहना है कि लगभग 80 वर्ष की उम्र में भी वे चाहते हैं कि लोग निरोगी रहें। अपना संस्मरण बताते हुए वेदप्रकाश गोयल का कहना है कि उनके माता-पिता की इच्छा थी कि वे डॉक्टर बनें लेकिन ऐसा न हो सका। उसी इच्छा को पूरा करने के लिए उन्होंने आयुर्वेदिक ग्रंथों का अध्ययन किया, जड़ी-बूटियों की पहचान कर उनके गुणों को परखा। समय-समय पर पुराने हकीमों, वैद्यों की शरण में जाकर उनके अनुभवों द्वारा रोगियों के उपचार और जड़ी बूटियों के संगठकों को मिलाकर औषधियां तैयार करने का तरीका सीखा। आज भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। वेदप्रकाश गोयल ने पेटेंट प्राप्त करने के लिए 31 मार्च 2017 को आवेदन किया था और उन्हें पेटेंट मिल गया है। आयुर्वेदिक हर्बल फार्मूलेशन (आयुष-डी) फॉर दी मैंनेजमेंट ऑफ डाइबिटीज नामक आविष्कार के लिए पेटेंट अधिनियम 1970 के उपबंधों के अनुसार 20 वर्ष की अवधि के लिए यह पेटेंट प्रदान किया गया है। कंट्रोलर ऑफ पेटेंट ने अनुदान की तिथि 31 अगस्त 2023 दी है। इसे संयोग कहेंगे कि सीसीआरएएस द्वारा इस वर्ष 11 औषधियों का पेटेंट किया गया है जिसमें 7वीं औषधि आयुष-डी जो डाइबिटीज टाइप-2 के मरीजों के लिए स्वीकृत की गई है। आयुष मंत्रालय की रिसर्च संस्था द्वारा इस दवा को स्वीकार्यता दिया जाना वैद्य वेद प्रकाश ही नहीं, उत्तराखंड के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है। इसके लिए विभाग द्वारा वेद प्रकाश गोयल से विधिवत अनुबंध किया गया है। वेद प्रकाश गोयल ने पहले अस्थमा की दवा बनाई थी लेकिन अब शुगर की दवा का पेटेंट मिलने के बाद अपना विशेष प्रभाव जमाना शुरू कर दिया है। पहाड़ी दवा नाम से बनी इस दवा के बारे में वेद प्रकाश गोयल कहते हैं कि 12 से अधिक जड़ी-बूटियों से निर्मित यह दवा मधुमेह से मुक्ति के लिए सफल मानी गई है। आयुर्वेद को बेहतर चिकित्सा बताते हुए वेद प्रकाश गोयल कहते हैं कि जड़ी-बूटियों में इतनी शक्ति है कि वह बड़े से बड़े रोग में लाभकारी है, साथ ही अन्य दवाओं से अधिक किफायती है। इस दवा को बनाने में उन्हें लगभग 16 वर्ष लग गए हैं लेकिन अब यह दवा शोध संस्थान सीसीआरएएस द्वारा भी लाभकारी पाई गई है। डॉ. वेद प्रकाश गोयल मानते हैं कि मधुमेह बीमारी नहीं बल्कि बीमारियों का गुच्छा है, इसमें जांच परीक्षण कराते रहने के साथ-साथ चिकित्सक की सलाह आवश्यक है। तनाव मुक्त रहना, सायंकाल व प्रातःकाल घूमना तथा समय पर आवश्यकतानुसार थोड़ा-थोड़ा जल पीते रहना, मधुमेह के रोगियों के लिए अच्छा माना जाता है। पैर, तलुए और पिंडलियों में दर्द महसूस होने पर दर्द निवारक तेल से मालिश के साथ-साथ ऐसे पदार्थ नहीं खाने चाहिए जो शुगर में अच्छे नहीं माने जाते। इनमें आलू, चावल, मीठे पदार्थ आदि शामिल हैं। नाश्ते में गेहूं का दलिया खाना चाहिए वह भी बिना मीठे के। पनीर व अन्य पौष्टिक आहार का प्रयोग करना चाहिए लेकिन यह पदार्थ शुद्ध शाकाहारी होना चाहिए। गोयल अपनी दवा के बारे में बताते हैं कि उनकी दवा चिकित्सकीय परामर्श के मुताबिक दी जाती है और उसके खाने की एक विधि है। इसके लिए वेद प्रकाश गोयल से पल्टन बाजार में अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सेहत मंत्र

पैदल चलने और साइकिल चलाने से हार्ट अटैक का खतरा कम, 4.3 करोड़ लोगों पर हुआ अध्ययन

पैदल चलना या साइकिल चलाना आपके स्वास्थ्य के लाभदायक होता है, यह बात आप सभी जानते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि अगर आप पैदल चलने या साइकिल चलाने को अपने रोजाना की आदत में शामिल कर लें, तो आप हार्ट अटैक के खतरे से बच सकते हैं? जी हां, हाल में ही लगभग 4.3 करोड़ लोगों पर एक अध्ययन करने के बाद वैज्ञानिकों ने बताया है कि जो लोग अपने काम पर पैदल जाते हैं या साइकिल से जाते हैं, उन्हें भविष्य में हार्ट अटैक का खतरा होने की संभावना बहुत कम होती है। ये रिसर्च यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स के द्वारा की गई है, जिसमें ओलम्पिक मेडल विजेता भाइयों की जोड़ी एलिस्टेयर और जॉनी ब्राउनली भी शामिल थे। शोधकर्ताओं ने बताया कि हार्ट संबंधी बीमारियों को बढ़ाने वाले सबसे बड़े कारक व्यक्ति का ज्यादा वजन, धूम्रपान की लत, डायबिटीज और एक्सरसाइज की कमी है। ऐसे में जो लोग अपने रोजमर्रा के कामों के लिए पैदल चलने या साइकिल चलाने की आदत बनाते हैं, उन्हें हार्ट अटैक होने की संभावना कम हो जाती है। शोधकर्ताओं ने ये अध्ययन 2011 के यूके सेंसस डाटा के आधार पर किया, जिसमें 25 से 74 साल के लगभग 43 मिलियन (4.3 करोड़) लोग शामिल थे। ये सभी लोग नौकरीपेशा थे और अध्ययन का मुख्य आधार इनके काम पर जाने के साधन/माध्यम को बनाया गया। इस अध्ययन को यूरोपियन जर्नल ऑफ प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी में छापा गया है। शोध के आंकड़े बताते हैं कि पैदल चलने या साइकिल चलाने के फायदे महिलाओं और पुरुषों, दोनों में ही बराबर पाए गए। इन सभी में हार्ट अटैक की संभावना सामान्य लोगों की तुलना में 1.7% तक कम पाई गई। हालांकि हार्ट की बीमारियों के मामले में 1.7% खतरे की कमी आपको बहुत मामूली मालूम पड़ सकती है, मगर शोधकर्ताओं ने बताया कि पैदल चलने और साइकिल चलाने के बहुत सारे अतिरिक्त लाभ भी हैं। पूर्व में की गई तमाम रिसर्च बताती हैं कि पैदल चलने और साइकिल चलाने से आपका ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा, कोलेस्ट्रॉल आदि कंट्रोल रहता है।

धर्म मंत्र

श्री विट्ठल के विग्रह रूप में भगवान आज भी धरती पर विराजमान हैं

भगवान विट्ठल, श्री हरि के अवतार थे। उन्होंने यह अवतार क्यों लिया इसके बारे में एक पौराणिक कहानी में उल्लेख मिलता है। हुआ यूं था कि 6वीं सदी में संत पुंडलिक माता-पिता के परम भक्त थे। एक दिन वे अपने माता-पिता के पैर दबा रहे थे कि श्रीकृष्ण रुक्मिणी के साथ वहां प्रकट हो गए। वे पैर दबाने में इतने लीन थे कि अपने इष्टदेव की ओर उनका ध्यान ही नहीं गया। तब प्रभु ने उन्हें स्नेह से पुकार कर कहा, 'पुंडलिक, हम तुम्हारा आतिथ्य ग्रहण करने आए हैं।' पुंडलिक ने जब उस तरफ देखा, तो भगवान के दर्शन हुए। उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी शयन कर रहे हैं, इसलिए आप इस ईंट पर खड़े होकर प्रतीक्षा कीजिए और वे पुनः पैर दबाने में लीन हो गए। भगवान पुंडलिक की सेवा और शुद्ध भाव देखकर प्रसन्न हो गए और कमर पर दोनों हाथ धरकर और पैरों को जोड़कर ईंटों पर खड़े हो गए। कुछ देर बाद पुंडलिक ने फिर भगवान से कह दिया कि आप इसी मुद्रा में थोड़ी देर और इंतजार करें। भगवान को पुंडलिक द्वारा दिए गए स्थान से भी बहुत प्रेम हो गया। उनकी कृपा से पुंडलिक को अपने माता-पिता के साथ ही ईश्वर से साक्षात्कार हो गया। ईंट पर खड़े होने के कारण श्री विट्ठल के विग्रह रूप में भगवान आज भी धरती पर विराजमान हैं। यही स्थान पुंडलिकपुर या अपभ्रंश रूप में पंढरपुर कहलाया। रेल : पंढरपुर में कुर्दुवादि रेलवे जंक्शन से जुड़ा हुआ है। कुर्दुवादि जंक्शन से होकर लातुर एक्सप्रेस , मुंबई एक्सप्रेस, हुसैनसागर एक्सप्रेस , सिद्धेश्वर एक्सप्रेस समेत कई ट्रेने रोजाना मुंबई जाती हैं। पंढरपुर से भी पुणे के रास्ते मुंबई के लिए ट्रेन चलती है।

पर्यटन

ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संजोए मीरजापुर है हर तरह के यात्रियों के लिए खास

छोटे-छोटे झरनों की फुहार, रोमांचित करने वाले जल प्रपात तथा गुफा के पत्थरों पर बने भित्ति चित्र, मीरजापुर को बनाते हैं खास। धार्मिक और ऐतिहासिक दोनों ही लिहाज से यह जगह बनाता है अपनी अलग पहचान। तो इन चीज़ों को अगर देखने को रखते हैं शौक, तो यह जगह आएगी आपको पसंद। एक समय में घंटाघर की घड़ी की गूंज से नगर क्षेत्र सहित आसपास के गांवों के लोग समय जानते थे। देशी पत्थर पर गौथिक शैली में महीन कारीगरी ने घंटाघर को अद्वितीय बना दिया है। तीन मंजिला 100 फुट ऊंटा घंटाघर 31 मई 1891 को 18000 रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ था। 1735 ईस्वी में लॉर्ड मरक्यूरियस वेलेस्ले नाम के एक अंग्रेज अफसर ने इस क्षेत्र की स्थापना मीरजापुर नाम से की, लेकिन नगर पालिका वर्ष 1920 में अस्तित्व में आई। वेलेस्ले के नाम पर ही नगर का पाश इलाका वेलेस्लीगंज और अब वासलीगंज के नाम से प्रसिद्ध है। पालिका परिषद ने 97 वर्ष का सफर सफलतापूर्वक तय कर लिया है। यह घंटाघर शहर का दिल कहा जाता है। पवित्र पुण्यजला ओझला नदी के बारे में कहा जाता है कि यह अत्यंत पावन नदी है। इसमें स्नान करने से मनुष्य अनेक पापों से मुक्त हो जाता है। इस नदी पर महंत परशुराम गिरि द्वारा ओझला पुल का निर्माण वर्ष 1850 में कराया गया, जो एक दिन के रुई कारोबार की आय से निर्मित किया गया था। इस पुल के गर्भ गृह में कई कक्ष बने हुए हैं, जिनमें प्राचीन काल में यात्री आराम फरमाया करते थे। यह पुल आज भी नगरवासियों को गंगा दर्शन के साथ ही विंध्यवासिनी मंदिर से सीधा जोड़ने का एकमात्र माध्यम है। बाबू बिहारीलाल को उत्तर प्रदेश की प्रथम कॉटन मिल का जनक कहा जाता है। वे सेठ शिरोमणि के नाम से विख्यात थे। उन्होंने वर्ष 1896 में विन्ध्याचल मार्ग के मध्य में पुतलीघर इलाके में तब पांच लाख रुपये की लागत से मिल बनवाई थी। यह उत्तर प्रदेश की पहली कॉटन मिल थी। वर्ष 1928 में इसमें आग लगने के कारण यह बंद हो गई।

प्राथमिकता के साथ पूर्ण करें जल जीवन मिशन के कार्य : सीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। शुक्रवार 20 दिसंबर। मुख्य विकास अधिकारी श्री अ सुदन ने कहा कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत गांव-गांव

जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति , जल जीवन मिशन की बैठक आयोजित

नल से जल पहुँचाने की महत्वाकांक्षी प्रक्रिया के अन्तर्गत जो कार्य किए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ ही इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। पंप हाउस और पानी की टंकी के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ ससमय पूरा किया जाए। ट्यूवेल निर्माण, पंप हाउस निर्माण, बाउंड्री निर्माण आदि सभी अवशेष कार्यों को समय पर पूरा किया जाए। इसके अलावा आवागमन के रास्ते, सड़क आदि को ऊबड़ खाबड़ करके ना छोड़ दिया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नियमानुसार पाईप लाइन आदि का कार्य शुरू होने के बाद निर्धारित समय में सड़क पूर्व की स्थिति में आ जानी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी श्री अ सुदन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में जनपद बाराबंकी के ग्रामीण क्षेत्रों के जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री अ सुदन ने कहा कि प्रत्येक साइट पर किस तारीख को काम शुरू हुआ, सड़क टूटी और किस तारीख को कार्य पूरा हो जाएगा, इसका विवरण तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कारण आवागमन प्रभावित नहीं होना चाहिए। इस कार्य के लिए नामित संस्था द्वारा यदि ढिलाई की जा रही है, तो उसके विरूद्ध नियमानुसार पेनालिटी लगाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में जल जीवन मिशन के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के प्रयास किए जाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने शिरोपरि जलाशय के निर्माण कार्य में वांछित प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अभियन्ता क्षेत्रवार जल जीवन मिशन के कार्यो के शीघ्र पूर्ण करने के लिए स्वयं एक डेडलाइन तैयार करें। जो कार्यदायी एजेन्सियां नियमानुसार समयबद्ध तरीके से कार्य नहीं कर रही है, उनके विरूद्ध पेनालिटी लगाने की कार्यवाही शुरू की जाए। समस्त निर्माणाधीन एजेन्सियों को प्रत्येक दिन निर्धारित संख्या में हाउस कनेक्शन प्रदान करने एवं शिरोपरि जलाशय के निर्माण कार्य की प्रगति बढ़ाने के लिये मुख्य विकास अधिकारी ने सख्त निर्देश दिये। जिन स्थानों पर पानी की सप्लाई शुरू हो गयी है वहाँ पर कनेक्शन का निर्धारित शुल्क भी जमा कराना शुरू किया जाए जिससे रेवेन्यू आना शुरू हो सके। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम, सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर सहित अन्य एजेन्सियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

चौपाल,अधिकारियों ने सुनी जन समस्याएं, निदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा /सिरौलीगसपुर बाराबंकी।विकास खंड क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों उमरा और इब्राहिमपुर में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ।इब्राहिमपुर में एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। यहां पर प्रधान मंत्री आवास संबंधी एक,शौचालय संबंधी एक और वृद्धा पेंशन संबंधी एक प्रार्थना पत्र सहित कुल तीन प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत उमरा में एडीओ कोऑपरेटिव प्रेम प्रकाश अग्निहोत्री ने जन समस्याएं सुनी।यहां पर ग्रामवासी रज्जन लाल ने परिवार रजिस्टर की नकल और उमेश ने हैंडपंप की मरम्मत को लेकर प्रार्थना पत्र दिया।दोनो समस्याओं का निस्तारण कर दिया गया।इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव राजेंद्र कुमार विकल,ब्रज किशोर कुशवाहा,ग्राम प्रधान सुंदारा,ग्राम प्रधान रेशमा सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि के मुताबिक विकास क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में गांव की समस्या गांव में समाधान को लेकर ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें आवास हैंडपंप पेंशन से संबंधित 8 शिकायतें आई ।मौके पर दो शिकायत का निस्तारण कर दिया गया । पहली चौपाल ग्राम पंचायत परसा प्रथम में ग्राम प्रधान नीलम देवी की अध्यक्षता एवं पंचायत सचिव सुरेश यादव के संयोजन में आयोजित की गई। गांव के ग्रामीणों ने हैंडपंप मरम्मत,नाली, परिवार रजिस्टर नकल कृषि सम्मान निधि की शिकायत किया।दूसरी चौपाल ग्राम पंचायत परसा द्वितीय में ग्राम प्रधान शोभा वर्मा की अध्यक्षता एंव सचिव कुलदीप वर्मा के संयोजन मे आयोजित की गई। जिसमें दो शिकायत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं एक शिकायत पेंशन से सम्बन्धित आयी। शिकायते निस्तारित कर दी गई। ग पंचायत भवन से मिलने वाली सुविधाओं के बाबत भी जानकारी दी गई।इस मौके पर परसा प्रथम प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार यादव,मुड़ियाडीह प्रधान दिग्विजय यादव एवं गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

विज्ञान केंद्र का भ्रमण लिया शो का आनंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निन्दूरा बाराबंकी। पी.एम.श्री. कम्पोजिट विद्यालय घुंघटेर के बच्चों को शुक्रवार को' एक्पोजर विजिट'' हेतु अलीगंज लखनऊ स्थित विज्ञान आंचलिक केन्द्र, ले जाया गया। जहाँ बच्चों ने विज्ञान के कई सिद्धान्तों को समझा और थ्री डी शो का आनन्द लिया । प्रधानाध्यापिका नीलिमा पाण्डेय ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने समस्त स्टाफ विशेषकर सुनील कुमार, दिनेश कुमार, अजीत कुमार, अश्विनी, आबिदा, आरती सोनी, श्रद्धा उपाध्याय का आभार व्यक्त किया । खण्ड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर, जिला समन्वयक विनीता मिश्रा, बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पांडे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अत्यन्त सफल रहा। उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विधार्थियो में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने,वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने व प्रयोग के विविध अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य सरकार की यह योजना सराहनीय है।

सम्मान निधि पाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अवश्य कराए किसान : दलबीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी । सरकार आपके द्वार क्रम में ग्राम चौपाल का आयोजन ग्राम पंचायत बड़नपुर एवम भरसमा में किया गया इस अवसर पर बोलते हुए

ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को किया गया जागरुक

सहायक विकास अधिकारी कृषि डॉक्टर दलबीर सिंह ने बताया कि इस समय कैंप लगाकर फॉर्म रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है सभी किसान भाई अपनी रजिस्ट्री जरूर करालें जो किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं करायेगे वह सभी सम्मान निधि से वंचित हो जाएंगे। एडीओ पंचायत अभय शुक्ला ने बताया की पंचायत विभाग से कोई भी कार्य के लिए ब्लॉक न आकर पंचायत भवन में ही आवेदन करें जन्म मृत्यु से संबंधित पंचायत भवन पर ही आवेदन दे यहीं से उसका समय से निस्तारण किया जाएगा। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता निरंकार यादव ने बताया कि अब हमारे विकासखंड में खाद की कोई किल्लत नहीं है पर्याप्त मात्रा में खाद मौजूद है कहीं कोई समस्या आने पर व्यक्तिगत संपर्क करें। बीडीओ सहाब ने विकासखंड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत से बताया की कि किस प्रकार से महिलाएं समूह बनाकर आजीविका मिशन से लाभ ले सकती हैं इसके लिए लगातार कैंप किए जा रहे हैं कोई समस्या आने पर तत्काल विकासखंड से संपर्क करें त्वरित निदान किया जायेगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान सचिव जीआरएस मौजूद रहे।

सर्वे में लापरवाही अक्षम -पूजा

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जीरो पावर्टी सर्वे को लेकर सिद्धौर खंड विकास अधिकारी/उपजिलाधिकारी पूजा गुप्ता ने ब्लाक क्षेत्र के सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक,व समस्त बीएम एम को सख्त निर्देश दिए ,कहा कि उक्त जीरों पावर्टी सर्वे कार्य सही तरीके से शीघ्रता के साथ करें। परंतु इस बात ध्यान रखे कि जल्दबाजी में गलत सर्वे न हो। अन्यथा लापरवाही कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ! सभी जीरो पावर्टी सर्वे कार्य को पूर्ण करें।

चौपाल: ग्रामीणों की समस्यायों का निदान

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत जरगावां में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन कर लोगों की समस्याएं सुनी गई।तथा ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के माध्यम से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया। आयोजित ग्राम चौपाल में आए शिकायती पत्रों का निस्तारण किए जाने के साथ ही लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रुप से बताया गया। चौपाल में ग्राम पंचायत सचिव दीपक कुमार, ग्राम प्रधान रजनी जायसवाल समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

मासूम की मौत के बाद जागा महकमा, क्लिनिक सील

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मासूम की मौत के बाद स्वास्थ्य महकमे की नींद टूटी । शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद अस्पताल को सील कर दिया है। गुरुवार को मरकामऊ कस्बे के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन से पहले इंजेक्शन लगाए जाने के बाद तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई थी।आज शुक्रवार को सीएचसी अधीक्षक डाक्टर संतोष कुमार सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पताल पहुंची और जांच पड़ताल के बाद अस्पताल को सील कर दिया। रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम फरेंदहा मजरे अमराई निवासी प्रदीप ने अपने बच्चे रिशू को बतौडी का ऑपरेशन के लिए शिव पटेल नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। ऑपरेशन से पहले डॉक्टर ने बच्चे को दो इंजेक्शन दिए थे। इंजेक्शन लगने के कुछ देर बाद बच्चे की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी सन्तोष कुमार ने कहा कि पीड़ित ने तहरीर नहीं दी है। जिस वजह से अभी तक मुकदमा नहीं लिखा जा सका। वहीं सीएचसी अधीक्षक डाक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर अस्पताल की जांच कर सील कर दिया गया है। अस्पताल संचालक को नोटिस भी जारी की है।

नाला उफनाया फसलें जलमग्न

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम प्यारेपुर से होकर निकले खारजा नाले में अधिक पानी आने से सैकड़ों किसानों की फैसले जलमग्न हो गई हैं।ग्राम सुरवारी मलिहामऊ व टांडा सहित अन्य कई ग्रामों में सैकड़ो बीघा गेहूं आलू व सरसों की फसलें पानी में डूबकर नष्ट होने के कगार पर हैं।जिस नहर से ये पानी आया है उसीसे निकली सिंचाई की माइनर सूखी पड़ी है।सुरवारी गांव के पास जगह-जगह कटे नाले को किसानों ने आपसी सहयोग से जीसीबी से बंधवाया है। नुकसान से पीड़ित किसानों में रोष व्याप्त है।सिंचाई विभाग की गलती से ऐसा पूर्व में भी हो चुका है।

मुशायरा कवि सम्मेलन आज

सूरतगंज बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कस्बा सूरतगंज में बेल चौराहे के निकट चौथे ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन शनिवार की रात्रि किया जाएगा।जिसमें शायरा सबीना अदीब, जौहर कानपूरी, बिहारी लाल अम्बर, विकास बौखल आदि मशहूर शायर तसरीफ ला रहे है।इसकी जानकारी कमेटी के अध्यक्ष रिजवान अहमद ने दी।

अस्पताल स्थानांतरण,आंदोलन की चेतावनी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामनगर तहसील क्षेत्र के गणेशपुर कस्बा का 50 साल पुराना राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय शीघ्र ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महादेवा में स्थापित हो जाएगा।इस बारे में पूर्व प्रधान प्रवीण अवस्थी ने बताया कि जनता की मांग पर यह चिकित्सालय यदि गणेशपुर में ही रहें तो उसके लिए जमीन की रजिस्ट्री कर दी जाएगी इसे महादेवा न भेजा किया जाए।वहीं भारतीय किसान यूनियन भदौरिया गुट के अध्यक्ष हाकिम सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ये चिकित्सालय कहीं अन्यत्र भेजा गया तो संगठन द्वारा तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार हेतु सर्वाधिक उपयोगिता आईपीएम एवं विषमुक्त खेती की : जिला कृषि अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । कृषि विज्ञान केन्द्र, हैदरगढ़, बाराबंकी में नेशनल मिशन आन एडिबल आयल योजनान्तर्गत जनपदस्तरीय तिलहन मेले का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लाक प्रमुख हैदरगढ़ प्रतिनिधि श्री रामदेव सिंह, मण्डल अध्यक्ष, भाजपा श्री कृष्ण कुमार सिंह के साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र, हैदरगढ़, बाराबंकी के प्रभारी डा0 अश्वनी कुमार सिंह, वरिश्ठ वैज्ञानिक डा0 समीर पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी श्री राजित राम द्वारा भी प्रतिभाग

किया गया। किसान मेले में सहायक विकास अधिकारी, कृषि , हैदरगढ़, बाराबंकी के साथ ही भारी संख्या में क्षेत्रीय कृषक एवं महिला कृषक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम जिला कृषि

कृषि विज्ञान केंद्र पर आयोजित हुआ तिलहन मेला

अधिकारी, श्री राजित राम द्वारा रबी में कृषि निवेशों की उपलब्धता एवं सामयिक कृषि तकनीकी के सम्बन्ध में किसानो को अवगत कराते हुये बताया गया कि वर्तमान समय में फसल उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार हेतु सर्वाधिक उपयोगिता आई0पी0एम0 एवं विषमुक्त खेती की है। साथ ही गेहूं की लाइन सोइंग होने वाले लाभ एवं लागत में कमी के सम्बन्ध में किसान भाइयों का अवगत कराया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी डा0 अश्वनी सिंह द्वारा जैविक खाद एवं गौ आधारित खेती के बारे में बताया गया। डा0 समीर पाण्डेय द्वारा मिलेट्स की खेती एवं मिलेट्स उत्पादों की प्रोसेसिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही ड्रिप इरीगेशन के माध्यम से जल संरक्षण करते हुये सिंचाई एवं मौसम की बदलती परिस्थितियों के अनुकूल रबी में गेहूं की उन्नत प्रजातियों की भी जानकारी उपलब्ध कराई गई। माननीय ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने बताया कि वर्तमान सरकार में सभी योजनाओं में पारदर्शी तरीके से लाभार्थियों का चयन किया जा रहा है। उनके द्वारा कृषकों से अपील की गई कि वर्तमान सरकार किसानों के हित के लिये अग्रसर है किन्तु किसान भाइयों की भी जिम्मेदारी है कि वह सम्बन्धित विभागों से प्राप्त लाभ के बारे में जागरूक रहकर समय से अपने आवेदन को नियमों के अनुरूप प्रेषित करें ताकि उन्हें समय से लाभ प्राप्त हो सके।

अन्त में जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी द्वारा उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों, कृषकों एवं पत्रकार बन्धुओं का आभार व्यक्त करते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया।

खाकी ने फ्लैग मार्च कर कराया सुरक्षा का एहसास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। शुक्रवार को पैरामिलिट्री व पुलिस के जवानों ने बड्डूपुर व टिकैतगंज कस्बे में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का अहसास दिलाया। जवानों ने थाना से चलकर कस्बा का भ्रमण किया गया। बड्डूपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को पुलिस और पैरामिलिट्री के जवानो ने फ्लैग मार्च निकालकर काजी बेहटा , खिझना रोड , डफ्फरपुर चौराहा ,नहर कोठी का भ्रमण किया।वही कुर्सी थाना अंतर्गत ओदार चौकी इंचार्ज श्रीकांत मिश्रा ने कस्बा टिकैतगंज में पैरामिलिट्री और पुलिस के जवानों के साथ फ्लैगमार्च निकला। इस दौरान व्यापारियों और आम जनता को सुरक्षा व शांति का भरोसा दिलाया गया।थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज ने व्यापारियों, दुकानदार से कहा कि किसी प्रकार की परेशानी हो तो इसकी सूचना तत्काल निर्धारित सरकारी संपर्क नंबरों पर या पुलिस को दें। फ्लैग मार्च में थानाध्यक्ष मनोज कुमार, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार गुप्ता, उप निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय ,उपनिरीक्षक अजेंद्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक निष्कर्ष ,हेड कांस्टेबल बाल गोविंद, कांस्टेबल अमृतसर वर्मा,ओदार चौकी इंचार्ज श्रीकांत मिश्रा शामिल रहे।

सीडीओ ने की विद्युत विभाग की समीक्षा

बाराबंकी । कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में मुख्य विकास अधिकारी अ सुदन की अध्यक्षता में शुक्रवार को विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रावि/उच्च प्रा.विद्यालयों, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालयों में विद्युत कनेक्शन के कार्य प्राथमिकता के साथ किए जाए। खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलने की कार्यवाही की जाए। तमाम लोगों के विद्युत बिल त्रुटिपूर्ण है उनकी बिलिंग की समस्या दूर करने के निर्देश दिए। स्कूलों में अविलंब विद्युत कनेक्शन की खामियों को दूर किया जाए। एक्सईएन विद्युत ने बताया कि जिले में ओटीएस के तहत कैम्प लगाकर विद्युत बिलों की वसूली की जा रही है इसमें उपभोक्ताओं को भी सहूलियत रहती है और विभाग का रेवन्यू भी बढ़ रहा है। पेयजल परियोजनाओं में विद्युत कनेक्शन का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने दिये। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता विद्युत ई राजबाला, अधि. अभि. विद्युत प्रथम बाराबंकी ई सुभाष चन्द्र, ए ई जल निगम राम सेवक प्रसाद व एसपी यादव सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत नरौली विकास खण्ड - हरख, बाराबंकी

पत्रांक-/ निविदा / 2024-25 / मनरेगा / कार्या0 / ग्रापं नरौली दिनांक-

-: निविदा सूचना:-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड-हरख, जनपद-बाराबंकी ग्राम पंचायत नरौली में मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्नव कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक पंजीकृत फर्म सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नांकित विवरण के अनुसार ग्राम पंचायत कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त करते हुए निर्धारित तिथि में टेण्डर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय को उपलब्ध करायेगें।

-: टेण्डर सम्बन्धी विवरण:-

क्र0सं0	विवरण	दिनांक
1.	टेण्डर फार्म प्राप्त करने की तिथि	(21.12. 24. से.. .. अपरान्ह 05.00 बजे तक
2.	टेण्डर फार्म जमा करने अन्तिम तिथि	04.01. 2025 अपरान्ह 05.00 बजे तक।
3	टेण्डर खुलने की तिथि एवं स्थान	05/01/2025 को अपरान्ह 03.00 बजे, ग्राम पंचायत कार्यालय ।

-: कार्य एवं सामग्री सम्बन्धी विवरण:-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलन की धनराशि	सामग्री का नाम जो आपूर्ति की जानी है।	मात्रा	
1.	निरऊ मऊ में इंटरलाकि से गोविन्द कुमार मिश्रा के के घर तक इण्टरलांकिंग कार्य	4,49,874.00	सीमेण्ट	98	बोरी
			बालू	14.90	धनमी.
			मौरंग	4.27	धनमी.
			ईंट गिट्टी-	29.83	धनमी.
			ईंट प्रथम श्रेणी	56.25	नग
			इण्टरलांकिंग	77.20	नग
			लोकल बलू	15.70	धनमी.

नियम व शर्तें:-

01. निविदा स्वीकृति के पश्चात मांग के अनुरूप निर्धारित समयावधि में आपूर्तिकर्ता को सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध करानी होगी।
02. सामग्री की मात्रा/गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जायेगी ।
03. जी0एस0टी0 का भुगतान जो दर में सम्मिलित है, आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा।

सचिव
ग्राम पंचायत नरौली
विकास खण्ड
हरख, बाराबंकी

रेशम सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नरौली
विकास खण्ड- हरख बाराबंकी

उत्कृष्टता की ललक अश्विन को खास बनाती है : शास्त्री

एजेंसी

मेलबर्न। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन और विरोधी की चिंता किये बिना अपने कौशल में निखार की रविचंद्रन अश्विन की ललक ने उन्हें खास बनाया है। 38 वर्ष के अश्विन ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेकर सभी को हैरान कर दिया। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि मुझे जो बात प्रभावित करती है, वह लगातार खुद को निखारने की उसकी ललक। वह यथास्थिति से कभी संतुष्ट नहीं होता। उन्होंने कहा कि पिछले दो तीन साल में जिस तरह से उसने गेंदबाजी की है और अपने कौशल को निखारा है, वह अलग नजर आया है। अपने खेल के विकास की प्रक्रिया में अश्विन ने नयी गेंदों और अपने एक्शन पर लगातार काम किया। शास्त्री ने कहा कि वह नयी चीजें सीखना चाहता था और उसने इस पर काफी मेहनत की। उसने हमेशा खुद को समय के साथ अपडेट रखा। वह मैच विनर रहा है और 537 टेस्ट विकेट इसके गवाह है। टेस्ट क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेना खास है। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन ने कुल 765 विकेट लिये जिनमें 537 टेस्ट विकेट थे। शास्त्री ने कहा कि पिछले चार पांच साल में अश्विन और रविंद्र जडेजा ने मिलकर बेहतरीन स्पिन जोड़ी बनाई। दोनों एक दूसरे के पूरक रहे। मैं यह कहूंगा कि पिछले पांच छह साल में जडेजा के विकेटों में अश्विन का और अश्विन के विकेटों में जडेजा का बड़ा योगदान रहा। उन्होंने कहा कि बायें हाथ के और दाहिने हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ अश्विन का रिकॉर्ड एक सा रहा है जो उसके हुनर का सबूत है। उसे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था कि वह किसे गेंदबाजी कर रहा है। वह हमेशा इसके लिये तैयार रहता था।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : अंतिम दो टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से बाहर हुए मैकस्वीनी, कोंस्टास को मौका

एजेंसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के बाकी बचे मैचों के लिए ओपनर नाथन मैकस्वीनी को टीम से बाहर कर दिया है। पर्थ में सीरीज के पहले मैच में डेब्यू करने वाले मैकस्वीनी ने अब तक तीन टेस्ट मैचों में 10, 0, 39, 10*, 9 और 4 रन बनाए हैं। उनकी जगह 19 वर्षीय न्यू साउथ वेल्स के ओपनर सैम कोंस्टास को टीम में शामिल किया है। कोंस्टास सीरीज से पहले डेविड वॉर्नर की खाली जगह भरने की दौड़ में थे, लेकिन प्रबंधन ने शुरुआत में मैकस्वीनी को ही मौका दिया। कोंस्टास ने पिछले महीने इंडिया ए के खिलाफ़ नाबाद 73 रन और प्रधानमंत्री एकादश के लिए पिंक बॉल वार्म-अप गेम में 107 रन बनाए थे। इसके बाद उन्होंने इस महीने की शुरुआत में शेफ़ील्ड शील्ड में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ न्यू साउथ वेल्स के लिए 88 रन और तीन दिन पहले बिग बैश लीग में सिडनी थंडर के लिए 27 गेंदों में 56 रन बनाए। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि सैम को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उनकी बल्लेबाजी की शैली अलग पहचान देती है और हम उनके खेल को और बेहतर होते देखने के लिए उत्सुक हैं। हमें पूरा भरोसा है कि नाथन में भविष्य में टेस्ट स्तर पर सफल होने की क्षमता और स्वभाव है। उन्हें बाहर रखना एक कठिन निर्णय था। पूरी श्रृंखला में बल्लेबाजों के लिए शीर्ष क्रम में खेलना स्पष्ट रूप से एक चुनौती रही है और हम अगले दो मैचों के लिए एक अलग लाइन अप का विकल्प प्रदान करना चाहते हैं। जोश हेजलवुड के बाहर होने के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने ब्यू वेबस्टर के साथ तेज गेंदबाज सीन एबॉट और झाई रिचर्डसन को भी टीम में शामिल किया है। बेली ने कहा कि जोश हेज़लवुड की अनुपस्थिति में, झाई तेज गेंदबाजी में और विकल्प प्रदान करते हैं। घरेलू गर्मियों के शुरुआती दौर में उनकी सफल वापसी देखना सुखद रहा। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है: पैट कमिंस (कप्तान), ट्रैविस हेड (उपकप्तान), स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

संक्षिप्त समाचार

वह अपना दुश्मन खुद है, हजारे ट्रॉफी से बाहर किये जाने पर साव की भड़ास को एमसीए ने किया खारिज

मुंबई। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने विजय हजारे ट्रॉफी की टीम से बाहर किये जाने पर पृथ्वी साव की भड़ास को तूल नहीं देते हुए कहा कि वह लगातार अनुशासन तोड़ता रहा है और अपना दुश्मन खुद है। एमसीए के एक सीनियर अधिकारी ने पीटीआई से कहा कि खराब फिटनेस, रवैये और अनुशासन मसले के कारण कई बार टीम को मैदान पर उसे छिपाने पर मजबूर होना पड़ता था। साव ने 16 सदस्यीय विजय हजारे ट्रॉफी टीम में जगह नहीं मिलने पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये गुस्सा निकाला था। वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने वाली मुंबई टीम का हिस्सा थे। अधिकारी ने कहा ,'' सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हम दस फील्डरों के साथ खेल रहे थे क्योंकि साव को छिपाना पड़ता था। गेंद उसके पास से निकल जाती थी और वह पकड़ नहीं पाता था। उन्होंने कहा ,'' बल्लेबाजी के दौरान भी उसे गेंद तक पहुंचने में दिक्कत हो रही थी। उसकी फिटनेस, अनुशासन और रवैया खराब है और अलग अलग खिलाड़ी के लिये अलग नियम नहीं हो सकते। टीम में सीनियर खिलाड़ी भी उसके रवैये की शिकायत करने लगे थे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान साव नियमित तौर पर अभ्यास सत्रों से नदारद रहे और पूरी रात बाहर रहने के बाद सुबह छह बजे टीम होटल पहुंचते थे। अधिकारी ने कहा कि मैदान से बाहर की हरकतों के कारण अधिक चर्चा में रहने वाले साव अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं और इस तरह की सोशल मीडिया पोस्ट से उनका कुछ भला नहीं होने वाला। इससे पहले अक्टूबर में मुंबई की रणजी ट्रॉफी टीम से भी साव को इन्हीं कारणों से बाहर कर दिया गया था।

शाह और शेलार के विकल्प का चुनाव 12 जनवरी को बीसीसीआई एसजीएम में

नयी दिल्ली। बीसीसीआई की आमसभा की विशेष बैठक 12 जनवरी को मुंबई में होगी जिसमें जय शाह और आशीष शेलार की जगह नये सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव होगा। बीसीसीआई का संविधान कहता है कि किसी भी रिक्त पद पर एसजीएम बुलाकर 45 दिन के भीतर नियुक्ति होनी चाहिये। बीसीसीआई की आगामी एसजीएम समय सीमा के 43 दिन के भीतर होगी। एक प्रदेश संघ के अध्यक्ष ने पीटीआई को बताया कि शीर्ष परिषद की बृहस्पतिवार को हुई बैठक के बाद प्रदेश ईकाइयों को एसजीएम के लिये अधिसूचना भेजी गई। एसजीएम 12 जनवरी को बीसीसीआई मुख्यालय पर आयोजित की जायेगी। शाह एक दिसंबर को आईसीसी के सबसे युवा चेयरमैन बने जबकि भाजपा के नेता शेलार को महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा मंजूर लोढा समिति के सुधारों के अनुसार एक व्यक्ति दो पदों पर नहीं रह सकता। शाह का कार्यकाल अभी एक साल का बाकी था लेकिन वह दो पदों पर नहीं रह सकते। इसके अलावा लोढा समिति के सुझावों के तहत कोई मंत्री या जनसेवक बीसीसीआई का पदाधिकारी नहीं हो सकता।

स्पाइसजेट ने स्टैंडर्डएयरो के साथ किया समझौता

नयी दिल्ली। विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने अमेरिका स्थित स्टैंडर्डएयरो के साथ समझौता करने की शुक्रवार को घोषणा की। स्टैंडर्डएयरो समझौते के तहत स्पाइसजेट के खड़े बोइंग 737 मैक्स विमानों को परिचालन में लाने के लिए सेवाएं प्रदान करेगा। इनमें से तीन विमानों के अप्रैल 2025 तक परिचालन में आने की उम्मीद है। विमानन कंपनी के अभी सात बोइंग 737 मैक्स विमान परिचालन में नहीं हैं। शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, विमानन कंपनी ने अपने परिचालन से बाहर बोइंग 737-8 मैक्स बेड़े को पुनः चालू करने के लिए एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत व ओवरहाल) सेवा प्रदाता स्टैंडर्डएयरो के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। स्पाइसजेट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा कि तीन ईंधन कुशल बोइंग 737 मैक्स विमानों की वापसी से विमानन कंपनी की वित्तीय हालत काफी बेहतर होगी। कंपनी के अभी करीब 28 विमान परिचालन में हैं। स्पाइसजेट हाल ही में 3,000 करोड़ रुपये जुटाने के बाद अपने बेड़े को मजबूत करने और विभिन्न विवादों को निपटाने का काम कर रही है।

भारत ने यूरोपीय संघ के समक्ष व्यापार बाधाओं का मुद्दा उठाया

नयी दिल्ली। भारत ने यूरोपीय संघ (ईयू) के बाजारों में घरेलू उद्योग के समक्ष पेश हो रही बाधाओं को रेखांकित कर इन्हें हल करने का आग्रह किया है। शुक्रवार को आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक ने बृहस्पतिवार रात ऑनलाइन बातचीत की। इस दौरान दोनों देशों के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति के अलावा इस मुद्दे पर भी चर्चा हुई। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि मंत्री गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि गैर-शुल्क बाधाएं व्यापार में अवरोध हैं। साथ ही विश्वास बहाली के उपाय के रूप में लंबे समय से लंबित मुद्दों को सुलझाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसमें कहा गया, दोनों पक्ष संतुलित, न्यायसंगत, महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए की संभावना तलाशने पर सहमति हुए। मंत्रालय ने कहा, नौ दौर की गहन वार्ता के बाद एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) चर्चाओं में वाणिज्यिक रूप से महत्वपूर्ण और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को संपन्न करने के लिए रणनीतिक राजनीतिक मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इसमें प्रत्येक पक्ष की संवेदनशीलताओं पर उचित विचार किया जाएगा।

जीएसटी परिषद बीमा 'प्रीमियम' पर कर में कटौती, कई वस्तुओं पर दर में बदलाव का करेगी फैसला

जैसलमेर (राजस्थान)। जीएसटी परिषद शनिवार को अपनी बैठक में जीवन व स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर की दर कम करने, महंगी कलाई घड़ियों, जूतों और परिधानों पर कर की दर बढ़ाने तथा अहितकर वस्तुओं के लिए अलग से 35 प्रतिशत कर लगाने पर विचार कर सकती है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में करीब 148 वस्तुओं में दर फ़ेरबदल पर चर्चा होने की संभावना है। इसके अलावा, विमानन उद्योग की परिचालन लागत के एक प्रमुख घटक एविएशन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। स्विगी और जोमैटो जैसे खाद्य वितरण मंचों पर जीएसटी दर को वर्तमान 18 प्रतिशत (आईटीसी के साथ) से घटाकर पांच प्रतिशत (इनपुट टैक्स क्रेडिट के बिना) करने का प्रस्ताव है। सूत्रों के अनुसार, फिटमेंट कमेटी (जिसमें केंद्र और राज्यों के कर अधिकारी शामिल हैं) ने इस्तेमाल की गई इलेक्ट्रिक गाड़ियों के साथ-साथ छोटे पेट्रोल तथा डीजल वाहनों की बिक्री पर मौजूदा 12 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की दर बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है।

ऑस्ट्रेलियाई पुरुष घरेलू वन डे कप का नाम डीन जोन्स ट्रॉफी रखा गया

एजेंसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष घरेलू वन डे कप का नाम डीन जोन्स ट्रॉफी रखा गया है, जो उस खिलाड़ी के सम्मान में होगा जिसने सीमित ओवरों के खेल में ''क्रांति'' ला दी थी। इस वर्ष की शुरुआत में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के डिजिटल प्लेटफार्मों पर एक अभियान शुरू किया गया था, जिसमें टूर्नामेंट का नाम रखने के लिए खिलाड़ियों की एक सूची बनाई गई थी, जिसमें जोन्स, माइकल बेवन और एंड्रयू साइमंड्स शामिल थे, जिनका मूल्यांकन ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट हॉल ऑफ फ़ेम समिति द्वारा किया गया था। पुरस्कार के लिए मुख्य मानदंडों में पुरुषों की एक दिवसीय प्रतियोगिता में उनका रिकॉर्ड, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी होना और 50 ओवर के प्रारूप का पर्याय बनने वाला खिलाड़ी होना शामिल था। सितंबर 2020 में 59 वर्ष की आयु में निधन हो जाने वाले जोन्स ने विक्टोरिया के लिए 55 घरेलू एक दिवसीय मैचों में 50.52 की औसत से 2122 रन बनाए और उन्हें 1994-95 का खिताब दिलाया, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, जहां वह 50 ओवर के खेल में अग्रणी थे, उन्होंने सात शतकों सहित 44.81 की औसत से 6068 रन बनाए और 1987 के एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। सभी लिस्ट ए क्रिकेट में, जोन्स ने 46.93 की औसत से 10,936 रन बनाए। हॉल ऑफ फ़ेम के अध्यक्ष पीटर किंग ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के हवाले से कहा, ''जब ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फ़ेम चयन समिति ने इस सम्मान के लिए खिलाड़ियों का मूल्यांकन किया, तो एक खिलाड़ी का प्रदर्शन, रिकॉर्ड, प्रतिष्ठा, योगदान और प्रभाव स्पष्ट रूप से सामने आया, जिसके कारण यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। डीन जोन्स ने एक दिवसीय खेल में क्रांति ला दी और सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों के दिमाग पर अपनी छाप छोड़ी, यह ऐसे व्यक्ति के लिए मान्यता का हकदार है जिसका योगदान इतना बड़ा था। जोन्स की बेटी, फोबे ने कहा, ''जोन्स परिवार की ओर से हम अपने पिता की इस मान्यता के लिए बहुत आभारी हैं, जिन्हें हम बहुत याद करते हैं। यह जानना और भी खास है कि उनके प्रशंसक ने वोट दिया और आज एमसीजी में उनके 'उनके कार्यालय' में इसका अनावरण किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''पिताजी को यह सम्मान पाकर बहुत गर्व होगा।

उन्हें इस प्रतियोगिता में विक्टोरिया का प्रतिनिधित्व करना बहुत पसंद था और 1987 में ऑस्ट्रेलिया के लिए 50 ओवर का विश्व कप जीतना उनके जीवन का सबसे बड़ा क्रिकेट दिवस था। ट्रॉफी के नामकरण के साथ-साथ, अब फाइनल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को माइकल बेवन पदक से सम्मानित किया जाएगा। डीन जोन्स ट्रॉफी और माइकल बेवन पदक पहली बार 1 मार्च को इस सीज़न के फाइनल में प्रदान किए जाएँगे।

आईओसी ने अध्यक्ष पद की उम्मीदवारी के दस्तावेज जारी किये

जिनेवा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने गुरुवार को ग्रीस में 144वें आईओसी सत्र में होने वाले आईओसी अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए सात उम्मीदवारों के उम्मीदवारी दस्तावेज जारी किए। ये दस्तावेज सभी के लिए ioc.org पर डाउनलोड करने और देखने के लिए उपलब्ध हैं, और कुछ दस्तावेज अंग्रेजी, फ्रेंच और स्पेनिश संस्करणों में उपलब्ध कराए गए हैं। सात उम्मीदवार, एचआरएच प्रिंस फैसल अल हुसैन जॉर्डन ओलंपिक समिति के अध्यक्ष, डेविड लैपर्टिएंट यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनल के अध्यक्ष, जोहान एलियाश अंतरराष्ट्रीय स्की और स्नोबोर्ड फ़ेडरेशन के अध्यक्ष, जुआन एंटोनियो समरंच आईओसी के उपाध्यक्ष, क्रिस्टी कोवेंट्री जिम्बाब्वे के तैराक और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता, सेबेस्टियन को विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष, मोरिनारी वतनबे अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ के अध्यक्ष, 30 जनवरी, 2025 को स्विट्जरलैंड के लॉज़ेन में आईओसी सदस्यों के समक्ष ऑनलाइन अपने अध्यक्षीय उम्मीदवारी की प्रस्तुति देंगे।

पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 81 रन से हराया, वनडे सीरीज भी जीती

एजेंसी

केपटाउन। पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में 81 रन से हराकर विदेशी सरजमीं पर लगातार दूसरी वनडे श्रृंखला जीत ली। पिछले महीने आस्ट्रेलिया को 2-1 से हराने के बाद पाकिस्तान ने एक मैच बाकी रहते दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से मात दी। बाबर आजम, कप्तान मोहम्मद रिजवान और हरफनमौला कामरान गुलाम के अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तानी टीम ने 329 रन बनाये। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 44वें ओवर में 248 रन पर आउट हो गई। हेनरिच क्लासेन ने 97 रन बनाये। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने तीन ओवर में तीन विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका की पारी का अंत किया। पाकिस्तानी टीम फरवरी में चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी कर रही है और लगातार दो अच्छी जीत से उसका मनोबल बढेगा। पाकिस्तान के लिये अच्छी बात बाबर का फॉर्म में लौटना भी रही जिन्होंने मई के बाद किसी भी प्रारूप में पहला अर्धशतक जड़ते हुए 95 गेंद में 73 रन बनाये। पिछले 13 महीने में वनडे में यह उनका पहला अर्धशतक है। रिजवान 82 गेंद में 80 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं गुलाम ने 25 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और वह 32 गेंद में 63 रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका ने चार कैच टपकाये जिसका फायदा उठाकर पाकिस्तान ने आखिरी दस ओवरों में 105 रन बना डाले। दक्षिण अफ्रीका ने 330 रन के लक्ष्य के जवाब में अच्छी शुरूआत की लेकिन स्पिनर अबरार अहमद और अनियमित स्पिनर सलमान आगा ने शीर्ष क्रम के तीन विकेट लेकर मेजबान टीम को करारे झटके दिये। क्लासेन को छोड़कर कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका। पाकिस्तान के लिये अफरीदी ने चार और नसीम शाह ने तीन विकेट चटकाये।

भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में आक्रामक रवैया अपनाना होगा : रिचा घोष

एजेंसी

नवी मुंबई। विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष ने टी20 श्रृंखला में जीत के बाद भारतीय महिला टीम से आत्ममुग्धता से बचने का आग्रह करते हुए तीन मैचों की आगामी वनडे श्रृंखला में वेस्टइंडीज के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाने का आग्रह किया। घोष ने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए सिर्फ 18 गेंदों में अर्धशतक जमाया जिसकी मदद से भारत ने बृहस्पतिवार को तीसरे टी20 मैच में 217 रन बनाये। उन्होंने सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड में न्यूजीलैंड की सोफी डेवाइन और आस्ट्रेलिया की फीबी लिचफील्ड की बराबरी कर ली। श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हम इस लय को वनडे में बरकरार रखना चाहेंगे। हमें आक्रामक रवैया अपनाना होगा। यह नया मैदान है और हम पहले हालात का आकलन करके रणनीति बनायेंगे। उन्होंने कहा कि वह हमेशा से आक्रामक बल्लेबाज रही हैं। उन्होंने कहा कि मैं हर मैच में आक्रामक बल्लेबाजी ही करना चाहती हूं। यह अभ्यास सत्र से आता है क्योंकि अभ्यास सत्र में अच्छा करने पर मैच में उसे दोहराना आसान हो जाता है। मैने ऐसे ही तैयारी की है और इससे मुझे मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से पावर हिटर रही हूं। मैने अपने पिता को भी ऐसे खेलते देखा है। मैने अपनी फिटनेस पर काफी मेहनत की है। इसके अलावा महिला प्रीमियर लीग और महिला बिग बैश लीग में खेलने का काफी फायदा मिला। मैने सोफी डेवाइन , डिएंड्रा डोटिन और हैरी दी (हरमनप्रीत कौर) से इस पर काफी बात की है। घोष ने कहा कि टीम आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार को भुलाकर नये सिरे से शुरूआत करना चाहती है। उन्होंने कहा कि हम अतीत को भुलाकर नये सिरे से शुरूआत करना चाहते हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने आये हैं और नतीजे की परवाह किये बगैर ऐसा ही करेंगे।

अब 31 दिसंबर तक दाखिल कर सकेंगे विलंबित आईटीआर

एजेंसी



नई दिल्ली। आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2024-25 के लिए विलंबित आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब 31 दिसंबर तक आईटीआर दाखिल किया जा सकता है। यह जानकारी आयकर विभाग ने शुक्रवार को दी है। आयकर विभाग ने 'एक्स' पोस्ट पर एक बयान जारी कर कहा कि यदि आप आकलन वर्ष 2024-25 कि लिए अपना आईटीआर दाखिल करने से चूक गए हैं, तो आपके लिए विलंबित आयकर रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2024 है। आखिरी समय का इंतजार न करें और आज ही अपना आयकर रिटर्न दाखिल करें। विभाग के मुताबिक वित?त वर्ष 2023-24 और आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 थी, लेकिन अगर कोई करदाता आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि से चूक गया है, तो भी लेट फीस के साथ वह अपना रिटर्न दाखिल कर सकता है। इसे विलंबित आईटीआर फाइलिंग कहते हैं। आयकर विभाग के मुताबिक विलंबित आयकर रिटर्न दाखिल करने पर आयकर अधिनियम की धारा 234एफ के तहत जुर्माना लगेगा। अगर आकलन वर्ष 2024-25 के आईटीआर 31 दिसंबर को या उससे पहले दाखिल किया जाता है तो जुर्माना पांच हजार रुपये होगा। अगर रिटर्न 31 दिसंबर के बाद लेकिन आकलन वर्ष की समाप्ति 31 मार्च, 2025 से पहले दाखिल किया जाता है तो जुर्माना 10,000 रुपये होगा। लेकिन अगर कुल इनकम पांच लाख रुपये से अधिक नहीं है, तो जुर्माना एक हजार रुपये होगा।

सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज कमजोरी नजर आ रही है। आज सोना 650 रुपये से 710 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। सोने की कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 77,280 रुपये से लेकर 77,130 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 70,850 रुपये से लेकर 70,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी भी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हुआ है। कीमत में आई इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 70,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,130 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 70,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,130 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,130 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 70,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,180 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 70,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,130 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 70,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही बिक रहा है।

हिंदू विवाह पवित्र संस्था है कोई 'व्यापारिक सौदा' नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने वाले कानूनों के दुरुपयोग को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर बड़ी टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि महिलाओं के कल्याण के लिए बने सख्त कानून पतियों को 'सजा देने, धमकाने, दबाने या उनसे पैसे ऐंठने' के लिए नहीं हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस पंकज मित्तल ने कहा कि हिंदू विवाह एक पवित्र बंधन है, परिवार की नींव है, कोई 'व्यापारिक सौदा' नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी एक वैवाहिक विवाद का निपटारा करते हुए की। शीर्ष अदालत ने तलाक को मंजूरी देते हुए पत्नी की तरफ से पति के खिलाफ दर्ज कराए गए सभी आपराधिक मामलों को भी रद्द कर दिया।

यह मामला एक अलग हुए दंपती के बीच तलाक का था, जिसमें पति को पत्नी को 12 करोड़ रुपये का स्थायी गुजारा देने का आदेश दिया गया। कोर्ट ने उन मामलों पर चिंता जताई जहां पत्नी और उसका परिवार पति और उसके परिवार से पैसे ऐंठने के लिए आपराधिक शिकायतों का इस्तेमाल करते हैं।

पति से 'पैसे ऐंठने' के औजार नहीं कानून

सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के कल्याण के लिए बनाए गए कानूनों के दुरुपयोग पर चिंता जताई

कोर्ट ने तलाक के मामले में पत्नी द्वारा पति के खिलाफ दर्ज सभी आपराधिक मामलों को रद्द कर दिया

शीर्ष अदालत ने कहा कि पुलिस कभी-कभी जल्दबाजी में कार्रवाई करती है और पति या उसके रिश्तेदारों को गिरफ्तार कर लेती है। ऐसे मामलों में जमानत मिलना भी मुश्किल होता है। कोर्ट ने कहा कि पत्नियों को ध्यान रखना चाहिए कि ये कानून उनकी भलाई के लिए हैं, न कि पतियों को परेशान करने के लिए। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने कहा कि महिलाओं के कल्याण के लिए बनाए गए कानून उनके पतियों को 'सजा देने, धमकाने, दबाने या उनसे पैसे ऐंठने' के औजार नहीं हैं। बेंच ने कहा कि हिंदू विवाह एक पवित्र बंधन माना जाता है, जो परिवार की नींव है, न कि कोई 'व्यापारिक सौदा'। बेंच ने देखा कि वैवाहिक विवादों से जुड़ी ज्यादातर शिकायतों में भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं मसलन बलात्कार, आपराधिक धमकी और विवाहित महिला के साथ क्रूरता का एक 'बंडल' के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसकी सुप्रीम कोर्ट ने कई मौकों पर निंदा की है। जजों ने कहा, 'महिलाओं को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उनके हाथ में कानून के ये सख्त प्रावधान उनके कल्याण के लिए फायदेमंद कानून हैं, न कि उनके पतियों को सजा देने, धमकाने, दबाने या उनसे पैसे ऐंठने के साधन। यह टिप्पणी उस समय आई जब बेंच ने एक अलग हुए दंपती के बीच शादी को अपूरणीय रूप से टूटने के आधार पर भंग कर दिया। पति को अपनी पत्नी को उसके सभी दावों के पूर्ण और अंतिम निपटारे के रूप में एक महीने के भीतर 12 करोड़

रुपये का स्थायी गुजारा देने का आदेश दिया गया था। हालांकि, बेंच ने उन मामलों पर टिप्पणी की जहां पत्नी और उसका परिवार इन गंभीर अपराधों के साथ आपराधिक शिकायत का इस्तेमाल सौदेबाजी के लिए करती हैं। वे इन मामलों का इस्तेमाल पति और उसके परिवार को अपनी मांगों को पूरा करने के लिए एक उपकरण के रूप में करती हैं, जो ज्यादातर आर्थिक प्रकृति की होती हैं। बेंच ने कहा, ''आपराधिक कानून के प्रावधान महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हैं, लेकिन कभी-कभी कुछ महिलाओं द्वारा उन उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाते हैं जिनके लिए उनका कभी इरादा नहीं था।'' उन्होंने कहा कि पुलिस कभी-कभी चुनिंदा मामलों में कार्रवाई करने और पति या उसके रिश्तेदारों, जिनमें वृद्ध और बिस्तर पर पड़े माता-पिता और दादा-दादी भी शामिल हैं, को गिरफ्तार करने के लिए जल्दी होती है, जबकि निचली अदालतें प्राथमिकी में ''अपराधों की गंभीरता'' के कारण आरोपी को जमानत देने से बचती हैं। जजों ने कहा, 'पति और पत्नी के बीच छोटे-मोटे विवाद भी अहंकार और प्रतिष्ठा की बदसूरत विनाशकारी लड़ाई में बदल जाते हैं और सार्वजनिक रूप से गंदी बातें सामने आती हैं, जिससे अंततः रिश्ता इस हद तक खराब हो जाता है कि सुलह या साथ रहने की कोई संभावना नहीं रहती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पत्नी द्वारा भोपाल की एक अदालत में लंबित हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 (1) के तहत दायर तलाक की याचिका को पुणे की एक अदालत में स्थानांतरित करने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की गई थी। पति ने संविधान के अनुच्छेद 142(1) के तहत वैवाहिक संबंध खत्म करने की मांग की थी। अदालत ने कहा कि पक्षकार और उनके परिवार के सदस्य अपने वैवाहिक संबंधों की संक्षिप्त अवधि के दौरान कई मुकदमों में शामिल रहे। बेंच ने कहा कि शादी वास्तव में बिल्कुल भी नहीं चली। गुजारे के मुद्दे पर शीर्ष अदालत ने कहा कि पत्नी ने दावा किया कि अलग हुए पति की कुल संपत्ति 5,000 करोड़ रुपये है। उसके अमेरिका और भारत में कई व्यवसाय हैं। कई संपत्तियां हैं। पत्नी ने दावा किया कि अलग हुए पति ने अपनी पहली पत्नी को अलग होने पर वर्जीनिया के एक घर के अलावा कम से कम 500 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। महिला ने इसी के मुताबिक अपने लिए भी गुजारा भत्ता की मांग की थी। इस पर बेंच ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि गुजारा या भरण-पोषण के लिए अपने आवेदन में पक्ष अपने जीवनसाथी की संपत्ति, स्थिति और आय का जिक्र करते हैं और फिर एक ऐसी राशि मांगते हैं जो उनके जीवनसाथी की संपत्ति के बराबर हो सके। उन्होंने कहा, 'हालांकि, इस प्रथा में एक विसंगति है, क्योंकि बराबरी की मांग केवल उन मामलों में की जाती है जहां जीवनसाथी साधन संपन्न व्यक्ति है या अपने लिए अच्छा कर रहा है।' बेंच ने कहा कि गुजारा तय करना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है और इसका कोई सीधा-सादा फॉर्मूला नहीं हो सकता। पारस्परिक तलाक के आदेश द्वारा अपनी शादी को भंग करने की संयुक्त याचिका में पति सभी दावों के पूर्ण और अंतिम निपटारे के लिए 8 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान करने पर सहमत हो गया था। बेंच ने कहा, 'पुणे की पारिवारिक अदालत ने 10 करोड़ रुपये का आकलन किया है, जो याचिकाकर्ता के हकदार स्थायी गुजारे की मात्रा है। हम पुणे की पारिवारिक अदालत के उक्त निष्कर्ष को स्वीकार करते हैं। याचिकाकर्ता को 2 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि का भुगतान किया जाना चाहिए ताकि वह एक और फ्लैट प्राप्त कर सके।

जनजातीय समुदायों के लिए राज्य सरकार संकल्पित : शाह

एजेंसी

भोपाल। मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया कि राज्य सरकार सभी जनजातीय समुदायों को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए संकल्पित है। डॉ शाह ने कहा है कि सबके समावेशी सशक्तिकरण की लक्ष्य पूर्ति की दिशा में आगे बढ़ते हुए राज्य सरकार ने जनजातियों के समग्र विकास और कल्याण के लिए अगले 5 वर्षों के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार की है। इस कार्य योजना का उद्देश्य शिक्षा, संस्कृति, रोजगार, और बुनियादी ढांचे के माध्यम से जनजातीय समाज को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि कार्य योजना के तहत 205 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को सीएम राईज़ में परिवर्तित किया जाएगा। 36 कन्या शिक्षा परिसरों का निर्माण होगा। उच्च माध्यमिक, माध्यमिक और प्राथमिक स्तर पर खेल, गायन-वादन और प्रयोगशाला शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। करीब 6,238 शिक्षक पदों पर उच्च पदों का प्रभार सौंपा जाएगा। निर्माणाधीन सी.एम. राइज विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा। बड़ी संख्या में छात्रावास अधीक्षकों के पदों पर भर्ती की जायेगी। इससे छात्रावासों को संचालन कुशलतापूर्वक हो सकेगा। डॉ. शाह ने बताया कि जनजातीय लोक कला और उत्पादों का जीआई पंजीयन किया जाएगा। ट्राइबल कैफ़ेटेरिया स्थापित किए जाएंगे। ''समझ झरोखा'' पत्रिका का पुनः प्रकाशन किया जाएगा पीवीटीजी (विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह) के लिए 4 सांस्कृतिक केंद्र भी बनाए जाएंगे। डॉ. शाह ने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से सभी वनाधिकार पट्टों का डिजिटलीकरण किया जायेगा। सामुदायिक रेडियो केन्द्रों को और अधिक सुदृढ़ किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अब नगरीय निकायों की वन भूमि पर काबिज दावेदारों को भी वनाधिकार मान्यता देने की ओर सरकार आगे बढ़ रही है। राजस्व भूमि के छोटे-बड़े जंगलों पर काबिज दावेदारों के अधिकारों को मान्यता मिलेगी। विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों (पीवीटीजी) के वनाधिकार पत्र धारकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। प्रदेश के 2,523 से अधिक चिन्हित गांवों में प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत स्वीकृत कार्य योजना के तहत सभी अधोसंरचना विकास एवं जरूरी निर्माण कार्यों को पूरा किया जाएगा। डॉ. शाह ने बताया कि आगामी 5 वर्षों में प्रदेश के 11 हजार 377 जनजातीय बहुल गांवों में 18 विभागों/मंत्रालयों की 25 प्रकार की योजनाओं/सुविधाओं के माध्यम से जनजातियों के विकास का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाएगा।

रक्षा प्रबंधन क्षमता में वृद्धि से रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी होगी: मुर्मु

एजेंसी

हैदराबाद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि भारत की रक्षा प्रबंधन क्षमता में वृद्धि से कूटनीतिक और सैन्य साझेदारी मजबूत होगी तथा रक्षा निर्यात में बढ़ोतरी होगी।

सुश्री मुर्मु ने सिकंदराबाद में कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट (सीडीएम) में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इससे भारत को वैश्विक सुरक्षा मंचों पर सक्रिय रुख बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने जोर दिया कि भारतीय रक्षा क्षेत्र में वरिष्ठ रणनीतिक नेतृत्व वैश्विक सुरक्षा खतरों का सक्रियता से जवाब देते हुए भारत को अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा, ल्लमुझे विश्वास है कि आपके सामूहिक प्रयास और व्यक्तिगत उत्कृष्टता 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार करने में मदद करेगी। हमारे सशस्त्र

बलों के कर्मियों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ-साथ बदलती परिचालन गतिशीलता के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है। ग्रे जोन और हाइब्रिड युद्ध के इस युग में सीडीएम जैसी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा, युद्ध के मैदानों से परे भी युद्ध लड़े जाते हैं। आज हम मनोवैज्ञानिक युद्ध देख रहे हैं। अधिकारियों से समय के साथ निरंतर विकसित होने और तेजी से बदलते सुरक्षा परिदृश्य में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा , इस त्रि-सेवा प्रशिक्षण संस्थान को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। यह अवसर भविष्य के लिए हमारे सशस्त्र बलों के रणनीतिक नेताओं को विकसित करने में रक्षा प्रबंधन कॉलेज की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। मैं पिछले पांच दशकों में इस संस्थान की यात्रा में शामिल सभी लोगों को बधाई देती हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह जानकर खुशी हो रही है कि भारतीय अधिकारियों के अलावा, मित्र विदेशी देशों के सैकड़ों वरिष्ठ अधिकारियों को भी वर्षों से यहां प्रशिक्षित किया गया है। इससे भारत की अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को और मजबूत करने में मदद मिलती है। यह संस्थान सशस्त्र बलों के अधिकारियों को प्रभावी निर्णय लेने के लिए ज्ञान और कौशल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सीडीएम भारतीय सशस्त्र बलों के सामने आने वाली वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का समाधान प्रदान करने की दृष्टि से कार्य करता है। प्रौद्योगिकी में प्रगति का राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। युद्ध की पारंपरिक परिभाषाओं और तरीकों को उभरती प्रौद्योगिकियों और नयी रणनीतिक साझेदारियों के जरिए चुनौती दी जा रही है। भारत उभरती प्रौद्योगिकी एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उच्च प्राथमिकता दे रहा है।

पेज एक का शेष

11 लोगों की...

पोस्ट कर कहा, ''जयपुर में सड़क दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करती हूं। उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं! मेरी प्रार्थना है कि घायल हुए लोग शीघ्र ही स्वस्थ हों।''खींवसर ने संवाददाताओं को बताया कि अस्पताल लाए गए घायलों में से करीब आधे की हालत बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा, ''स्थिति को संभालने के लिए सभी चिकित्सकों, रेजिडेंट चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ को बुलाया गया। मरीजों के उपचार के लिए एक और वार्ड खोला गया है। कुछ लोगों को नजदीकी अस्पतालों में प्राथमिक उपचार दिया गया है।'' स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दुर्घटना स्थल से एसएमएस अस्पताल तक ''ग्रीन कॉरिडोर'' बनाया गया है। एक अधिकारी ने बताया, ''राजसमंद से जयपुर आ रही एक निजी स्लीपर बस दुर्घटना के समय गैस टैंकर के पीछे थी। बस में सवार यात्रियों के बारे में जानकारी जुटाने के प्रयास जारी हैं। जले हुए वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाया जा रहा है ताकि यातायात बहाल हो सके। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर शोक जताया है। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस व भाजपा के कई विधायक भी अस्पताल पहुंचे। जयपुर के पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया, ''एलपीजी टैंकर से एक ट्रक टकरा गया। इससे टैंकर के पीछे का नोजल टूट गई और गैस लीक हो गई, जिससे भीषण आग लग गई। उन्होंने कहा, ''टैंकर के पीछे के वाहनों में आग लग गई। दूसरे ओर से आ रहे अन्य वाहन भी इसकी चपेट में आ गए। अचानक हुई घटना के कारण वाहन आपस में टकरा गए। जोसेफ ने कहा, ''गैस लीक होने के कारण इलाका ''गैस चैंबर'' जैसा बन गया। आग बहुत तेजी से फैल गई, जिससे वाहनों के अंदर बैठे लोगों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। घटना के वीडियो में आग की लपटों में घिरे कुछ लोगों को वाहन से बाहर भागते हुए और जलते कपड़े निकालते देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना वाले इलाके में अनेक पक्षी भी मृत मिले हैं और स्थानीय लोगों ने धुएं के कारण आंखों में खुजली तथा सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की है। भांकरोटा पुलिस थाना के प्रभारी मनीष गुप्ता ने बताया कि शुरुआत में आग पर काबू पाना मुश्किल था। उन्होंने कहा, 'शुरू में दमकल की टीम जल रहे वाहनों तक नहीं पहुंच पाईं। इलाके में तीन पेट्रोल पंप हैं, लेकिन राहत की बात है कि उन्हें किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। गुप्ता ने बताया कि यह घटना एक निजी स्कूल के सामने की है और पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाने के लिए 25 से अधिक एंबुलेंस का इस्तेमाल किया गया। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने कहा, ''प्राथमिक सूचना पर मानसरोवर दमकल केंद्र से कुछ दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन बाद में अन्य केंद्रों से भी दमकल गाड़ियां भेजी गईं।''

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की एक टीम भी घटना की जांच करने के लिए मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों की ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पाइप बनाने वाली एक फैक्टरी भी तबाह हो गई और पाइप पिघल गए हैं। हादसे में राष्ट्रीय राजमार्ग का करीब 300 मीटर का हिस्सा प्रभावित हुआ, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। एक स्कूल वैन चालक ने बताया कि आग की लपटें एक किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थीं और वहां अफरातफरी मची हुई थी।पीड़ितों के परिजनों की मदद के लिए जिला प्रशासन की एक टीम अस्पताल में मौजूद है। जयपुर पुलिस ने दुर्घटना में घायलों की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।

भूमि अधिग्रहण...

मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, ज़ेवर की वेलीडेशन फ्लाइट की सफलतापूर्वक लैंडिंग विगत 09 दिसंबर को की जा चुकी है और अप्रैल 2025 से यहां से उड़ान सेवा भी प्रारंभ हो जाएगी। अब यहां 40 एकड़ क्षेत्रफल में एमआरओ का भी विकास होगा। यहां दुनिया भर के विमानों का मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉलिंग भी किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा इंटर्नेशनल एयरपोर्ट की स्थापना से औद्योगिक अवस्थापना का संरचनात्मक विकास होगा, जिससे रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे, विनिर्माण एवं निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा तथा हवाई यातायात सुगम होगा साथ ही पर्यटन में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस एयरपोर्ट के निकट कई औद्योगिक सेक्टरों का विकास यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में हुआ है। आनेवाले दिनों में यह क्षेत्र सबसे बड़ा औद्योगिक और सर्विस सेक्टर की गतिविधियों का केंद्र बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेवर अब तक अंधेरे में डूबा हुआ था, अब वैश्विक पटल पर चमकने का समय है। अगले 10 वर्षों में यह देश का सबसे विकसित क्षेत्र होगा, पूरी दुनिया यहां की समृद्धि को देखेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर किसानों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के विकास में सहयोग के लिए सराहना भी की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक मात्र दो वर्षों में इसके लिए 1334 हेक्टयर यानी लगभग 3300 एकड़ भूमि का अधिग्रहण बिना किसी विवाद के संपन्न हुआ। सारी कार्यवाही किसानों की सहमति से हुई। उन्होंने कहा कि इस एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी ईस्टर्न पेरीफ़ेरल रोड से भी यमुना एक्सप्रेस वे पर इंटर्चेंज बनाकर की जाएगी। दिल्ली वाराणसी हाई स्पीड रेल से भी नोएडा एयरपोर्ट के टर्मिनल के पास स्टेशन बना कर जोड़ा जाना है, साथ ही नई दिल्ली और ग्रेटर नॉएडा से जोड़ने के लिए आरआरटीएस रेल की डीपीआर का अनुमोदन राज्य सरकार द्वारा दी जा चुकी है तथा इसे अंतिम अप्रूवल के लिये भारत सरकार को भेज किया गया है। यही नहीं, नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली-वाराणसी हाईस्पीड रेल से भी जोड़ा जा रहा है, जिसका स्टेशन नोएडा एयरपोर्ट के टर्मिनल के पास होगा। इसके बाद दिल्ली से नॉएडा एयरपोर्ट की दूरी मात्र 21 मिनट में तय होगी। इसके अलावा, नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे से बल्लभगढ़ (हरियाणा) से जोड़ा जा चुका है। यह 30 किमी लम्बा है, जिसमें से 8.5 किमी उत्तर प्रदेश में तथा 21.5 किमी हरियाणा में स्थित है। इस हेतु एनएचएआई द्वार निर्माण की कार्यवाही की जा रही है। कार्यक्रम के सूत्रधार रहे विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह ने किसानों की मांग पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर गौतमबुद्ध नगर जनपद में यमुना प्राधिकरण के क्षेत्र में बननेवाला उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। माह जुलाई वर्ष- 2017 में इस इंटर्नेशनल एयरपोर्ट का साईट क्लीरन्स व माह- मई 2018 में इसका सैद्धांतिक अनुमति भारत सरकार ने प्रदान किया था। पर्यावरणीय अनुमति के साथ साथ भारत सरकार की विभिन्न मन्त्रालयों और एजेन्सियों से सभी प्रकार की एनओसी प्राप्त कर ग्लोबल बिडिंग के द्वारा एवीएशन सेक्टर की कम्पनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी का चयन किया गया।निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने की यह एक महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय उपलब्धि रही है। यह एयरपोर्ट 100 मीटर ऐक्सेस कंट्रोल यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे स्थित है, जिसे आधुनिक इंटर्चेंज बना कर जोड़ा जा रहा है। एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेस वे के समानांतर 60 मीटर सर्विस रोड का निर्माण कर जोड़ा जा चुका है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सम्पूर्ण 3300 एकड़ भूमि का लाइसेन्स और क़ब्ज़ा ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की एसपीवी कम्पनी-यमुना इंटर्नेशनल एयरपोर्ट प्राइवट लिमिटेड को वर्ष 2021 में सौंप कर वर्षों की कल्पना को साकार कर दिया है। इस एयरपोर्ट का विकास चरणबद्ध रूप में हो रहा है। पहले स्टेज में यह एयरपोर्ट दो रन-वे का होगा, जो दूसरे स्टेज में बढ़ कर पाँच रन-वे का हो जाएगा। दो रन-वे का यह एयरपोर्ट 70 मिलियन यानी 07 करोड़ वार्षिक यात्रियों की क्षमता का होगा और इस पर लगभग 30 हज़ार करोड़ रुपए खर्च होगे। इसका विकास चार चरणों में होगा। प्रथम चरण में वर्ष 2024-25 में 12 मिलियन यानी 1 करोड़ बीस लाख वार्षिक यात्रियों की क्षमता का यह एयरपोर्ट प्रारम्भ में एक रनवे का होगा, जो वर्ष 2031 में बढ़कर 30 मिलियन यानी 3 करोड़ यात्रियों की वार्षिक क्षमता का और दो रन वे का हो जाएगा। एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के क्रम में दूसरे स्टेज में तीन रन वे बनाए जाएँगे। तीसरा रन-वे 1365 हेक्टेयर में, चौथा रन-वे 1318 हेक्टेयर और पाँचवा रन-वे 735 हेक्टेयर में बनाया जाएगा। तीसरे रन-वे के निर्माण के लिए आवश्यक 1365 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा की जा चुकी है। तीनों रन-वे की कुल क्षमता 225 मिलियन यानी 22.5 करोड़ यात्रियों की प्रति वर्ष होगी। इस प्रकार नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर, जो विस्तारीकरण के बाद 5 रन-वे का होगा, इसमें कुल 295 मिलियन यानी 29.50 करोड़ यात्री प्रति वर्ष यात्रा कर सकेंगे।

हरियाणा के पूर्व...

की सजा सुनाई गयी। जेल से उन्हें 2021 में छोड़ा गया, जब कोविड-19 के दौरान कैदियों को रिहा किया गया था। इसके अलावा मई 2022 में बेहिसाबी संपत्ति के एक 16 साल पुराने मामले में दो साल की सजा सुनाई गयी और इस तरह वह 87 साल की उम्र में दिल्ली की तिहाड़ जेल के सबसे बड़ी उम्र के कैदी बने।

संसद का शीतकालीन ...

कमेटी के पास भेजा गया। कमेटी में लोकसभा से 27 और राज्यसभा से 12 सांसदों को चुना गया है। कमेटी को संसद के अगले सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन लोकसभा में रिपोर्ट देनी होगी। सत्ता पक्ष और विपक्ष के हंगामे के बीच श्री धनखड़ ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले कहा कि भारत के लोकतंत्र पर दुनिया भर की निगाहें लगी हुई हैं। यह उच्च सदन है और इसका विशेष उत्तरदायित्व है। उन्होंने कहा कि इस सत्र में सदन में मात्र 40.03 प्रतिशत उत्पादकता रही और मात्र 43 घंटे 27 मिनट सदन की कार्यवाही चली। सदन की कार्यवाही 11 बजे के पहले स्थगन के बाद 12 बजे फिर शुरू हुई और वंदे मातरम के गायन के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा के इस सत्र में आरंभ से ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध बना रहा। हालांकि इस दौरान 'भारतीय संविधान के 75 वर्ष की गौरवपूर्ण यात्रा' पर चर्चा हुई। इसी सत्र में संविधान अंगीकार करने के 75 वर्ष पूरे होने पर दोनों सदनों की एक विशेष बैठक भी संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संपन्न हुई, जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संबोधित किया। श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू की तो विपक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे। अध्यक्ष ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से अपने मंत्रालय से सम्बंधित विधेयक संयुक्त समिति को सौंपे जाने वाला दस्तावेज सदन के पटल पर रखने के लिए कहा। इसके बाद उनके सदन की कार्यवाही शुरू करते ही विपक्ष के सदस्यों का हंगामा और तेज होने लगा। अध्यक्ष ने सदस्यों के कहा मैं आपसे पुनः आग्रह करता हूं कि संसद की गरिमा और मर्यादा बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। संसद भवन परिसर में किसी भी तरह का धरना, प्रदर्शन करना उचित नहीं है। आप सभी को इस विषय से जुड़े नियमों का अनुपालन करना सुनिश्चित करना होगा। मैं फिर आग्रह करूंगा कि इसे गंभीरता से लें और किसी भी स्थिति में संसद परिसर में प्रदर्शन ना करें, वरना करवाई की जा सकती है। श्री बिरला ने वंदे मातरम के बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

सनातन धर्म सुरक्षित...

जाना चाहिए। उन्होंने भारतवासियों से सनातन धर्म की रक्षा और संरक्षण के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। सीएम योगी ने कहा कि अगर विश्व मानवता को बचाना है तो सनातन धर्म का सम्मान करना होगा। यह धर्म सभी के कल्याण की बात करता है। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम् का संदर्भ देते हुए कहा कि यह केवल सनातन धर्म है, जिसने हर जाति और मजहब के लोगों को विपत्ति के समय शरण दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत तब तक भारत है जब तक यहां सनातन धर्म सुरक्षित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस धर्म के संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि युगों-युगों से सनातन धर्म ने सृष्टि के साथ तालमेल बनाकर खुद को जीवंत बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसे किसी भी प्रकार की विकृतियों या विसंगतियों से बचाने के लिए हमें सतर्क रहना होगा। भारत तब तक भारत है जब तक भारत के अंदर सनातन धर्म सुरक्षित है। इसकी रक्षा के लिए इसके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर के कार्य करना होगा। यह एक शाश्वत धर्म है, सृष्टि के साथ चला हुआ धर्म है हो सकता है कि किसी कालखंड में कुछ विसंगतिया आई हो लेकिन, विसंगती का परिमार्जन भी हमारे ऋषि मुनि संतो के माध्यम से समय-समय परमहापुरुषों के द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करते हुए हम करेंगे। कहीं भी हम आपसी उन फूट का, आपसी बंटवारे का, आपसी विभाजन की गलतियों को पूरे देश और पूरे धर्म को नहीं भुगतने देंगे, इस संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना होगा।

सीएम योगी ने कहा कि आज बांग्लादेश में क्या हो रहा है, पाकिस्तान में क्या हुआ था, इससे पहले अफगानिस्तान में क्या हुआ ? मैं पूछना चाहता हूं उन लोगों से वह कौन लोग थे जिन्होंने देश के अंदर सनातन धर्म से जुड़े हुए उन मान बिंदुओं को नष्ट करने का काम किया था, और क्यों किया था, उसके पीछे की नियत क्या थी। उसके पीछे की नियति थी अपने कुकृत्यों को अंजाम दे करके पूरी धरती को नर्क बनाने की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी में काशी विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि, संभल में कल्की अवतार की हरिहर भूमि, भोज में ज्ञान के अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के पावन मंदिर जैसे पवित्र स्थलों को अपवित्र करने वालों का आज कोई अस्तित्व नहीं है। यह उनके पापों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में कोई भी ऐसी स्थितियां उत्पन्न न हो, जिनसे हमारे धर्म स्थलों को अपमानित होना पड़े। मुख्यमंत्री ने पंचनारायण महायज्ञ के आयोजन के लिए जगदुरु रामानुजाचार्य पूज्य स्वामी शंकराचार्य महाराज और उनकी टीम का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस यज्ञ का पुण्य पूरे भारतवासियों को प्राप्त होगा। इस महायज्ञ में कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, जेपीएस राठौर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, धर्म-अध्यात्म से जुड़े कई प्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कुंदरकी, कटेहरी जीत...

भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर गहन विचार विमर्श किया। उन्होने यहां मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर भाजपा पदाधिकारियों और स्थानीय नेताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। उन्होने मंत्रियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ मिल्कीपुर चुनाव में अब तक की तैयारियों की समीक्षा की। मण्डल प्रभारी से लेकर अन्य पदाधिकारियों से चुनाव के सन्दर्भ में उन्होंने प्रश्न पूछे। योगी ने पार्टी पदाधिकारियों को चुनाव में विजय का मंत्र भी दिया। पदाधिकारियों में उत्साह का संचार करते हुए श्री योगी ने कहा कि जब कुंदरकी व कटेहरी का चुनाव जीत सकते हैं तो कोई भी चुनाव जीता जा सकता है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने बूथ मैनेजमेंट व पार्टी के जुड़े पदाधिकारियों को सक्रिय करने पर जोर दिया। उन्होंने पदाधिकारियों से चुनाव जीतने की बेहतर रणनीति साझा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। इसलिए पदाधिकारी अपने पूरे सामर्थ्य से परिश्रम करें। मतदाता सूची पर उन्होंने विशेष रुप से फोकस करते हुए कहा कि भाजपा के मतदाताओं को चिन्हित करते चुनाव के लिए बूथ के पदाधिकारी इन वोटरों का शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। इसके लिए सम्पर्क व संवाद की प्रक्रिया लगातार चलाते रहे। सीएम योगी ने कहा कि सभी मोर्चो के सम्मेलन आयोजित किए जाए। सम्मेलनों के माध्यम से पार्टी की विचारधारा के पक्ष में वातावरण का निर्माण किया जाय व कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाए।

मुख्यमंत्री धामी ने हरिद्वार को दी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सौगात, कई योजनाओं का किया लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को हरिद्वार के दौरे पर पहुचे, जहां उन्होंने नवनिर्मित सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स समेत 54 करोड़ 31 लाख की योजनाओं का लोकार्पण किया। वहीं नगर निगम हरिद्वार की करीब 199 विकास योजनाओं का भी सीएम ने शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मदरसों पर जांच को दोहराते हुए कहा कि मदरसों की जांच के आदेश दिए गए हैं। कहा कि अवैध मदरसों और जिनका पिछला रिकॉर्ड ठीक नहीं है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के भी आदेश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है। हरियाणा का चुनाव हो या महाराष्ट्र का चुनाव हो, जनता उन्हें पूरी तरह से नकार चुकी है। जिससे बौखलाकर विपक्ष इस तरह का कार्य कर रहा है। यूसीसी पर बोलते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह भाजपा का संकल्प है, हमने 2022 के आम चुनाव में जनता से वादा किया था और अब 2025 के जनवरी में उत्तराखंड में यूसीसी लागू हो जाएगा।

हरिद्वार जिले में विभिन्न मदों से नवनिर्मित कई योजनाओं का शिलान्यास आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। इसमें मुख्य रूप से खनन न्यास निधि से बने सिटी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स समेत कुल 239 योजनाएं शामिल हैं। कुल 54 करोड़ 31 लाख 55 हजार रुपये की लागत से तैयार योजनाओं के लोकार्पण से आमजन को इसका लाभ मिलने लगेगा। सीएम खनन न्यास निधि से कराए जाने वाली कुल 50 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें मुख्य रूप से 8 करोड़ 88 लाख की लागत से राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सालियर को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की योजना है। इसी तरह हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण एचआरडीए से कराए गए कार्यों में मुख्य रूप से भल्ला स्थित नवनिर्मित सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एवं मां मनसा देवी स्वागत द्वार का विकास कार्य भी शामिल है।

उत्तराखंड के विकास की ओर एक और कदम, ग्राम्य विकास मंत्री जोशी ने दिल्ली में रखा राज्य का पक्ष

- ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की मुलाकात
- विकास योजनाओं पर चर्चा, पूर्व में स्वीकृत 2288 किमी लंबी सड़कों के लिए दिया धन्यवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने उत्तराखंड राज्य के लिए पूर्व में स्वीकृत 2288 किलोमीटर लंबी सड़कों के लिए केंद्रीय मंत्री को धन्यवाद दिया।मंत्री गणेश जोशी ने उत्तराखंड की विषम भौगोलिक परिस्थितियों, सीमित संसाधनों और सामरिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत कुछ महत्वपूर्ण प्रस्तावों को केंद्रीय मंत्री के सामने रखा। उन्होंने पीएमजीएसवाई-3 के अंतर्गत 600 किलोमीटर सड़कों और 10 पुलों के उन्नयन के लिए अनुरोध किया। साथ ही पीएमजीएसवाई-4 के अंतर्गत असंयोजित बस्तियों को जोड़ने के लिए मोटर मार्गों की डीपीआर बनाने की स्वीकृति का भी आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इन सभी मुद्दों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। भेंट के दौरान मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय मंत्री को उत्तराखंड की संस्कृति का प्रतीक पहाड़ी टोपी भी भेंट की, जिससे मुलाकात का विशेष महत्व और भी बढ़ गया।

मोटे अनाज से सेहत और समृद्धि की ओर! ग्रामीण महिलाएं पकड़ेंगी स्वावलंबन की डोर

- मोटे अनाज के व्यंजन को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कृषि विभाग ने दिया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। चमोली जिले के पोखरी ब्लॉक में शुक्रवार को कृषि विभाग की ओर से पौष्टिक अनाज के मूल्य संवर्धन तथा व्यंजन विधियां एवं स्वरोजगार को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला के साथ समूहों की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। कृषि एवं संरक्षण अधिकारी कर्णप्रयाग डॉ. आशुतोष बर्त्वाल ने कहा कि मोटे अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। इसका उपयोग कर समूहों के माध्यम से महिलाएं स्वरोजगार कर अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकती है तभी कृषि से किसानों की आमदनी दुगनी हो

सकती है। इस दौरान कृषि विभाग ने मोटे अनाजों के 20 से अधिक व्यंजन बनाए गए, जिसमें झंगोरा की खीर, कनाली की मिठाई, माल्टा की मिठाई सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर स्वरोजगार को लेकर प्रेरित किया गया।क्षेत्र पंचायत प्रशासक प्रीति भंडारी ने कहा कृषि विभाग ने जिस प्रकार स्थानीय उत्पादकों व्यंजनों का प्रशिक्षण दिया। इसी प्रकार के प्रशिक्षण ग्राम पंचायत स्तर पर लगें जिससे इसका लाभ स्वरोजगार के रूप में ग्रामीण उठा सकें। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत प्रशासक प्रीति भंडारी, कृषि खंड अधिकारी हरीश टम्टा, अनिल नेगी आदि मौजूद थे।

चारधाम यात्रा 2025: यात्रा प्राधिकरण से होगी व्यवस्था सुचारू

- यात्रा प्राधिकरण बनाने के लिए सभी प्रक्रियाएं 30 जनवरी तक पूर्ण की जाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी चारधाम यात्रा के सफल संचालन और सुगम बनाने के लिए अभी से पूरी तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के दृष्टिगत इनकी धारण क्षमता बढ़ाने की दिशा में प्रयास करने को कहा है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्च स्तरीय बैठक के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा की सभी व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए यात्रा प्राधिकरण बनाने के लिए सभी प्रक्रियाएं 30 जनवरी, 2025 तक पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि चारों धामों के तीर्थ पुरोहितों और हितधारकों के साथ 15 जनवरी 2025 तक बैठक कर उनके सुझाव लिए जाएं। तीर्थ पुरोहितों और स्टेक होल्डरों से सुझाव लेकर यात्रा प्रबंधन के लिए जो अच्छा हो सकता है, वह किया जाए। सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का बेहतर इस्तेमाल करते हुए यात्रा पंजीकरण की व्यवस्था मजबूत की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के इन चारों धामों की यात्रा राज्य के मान और सम्मान से जुड़ी यात्रा है। आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यात्रियों की हर प्रकार की सुविधा, यातायात प्रबंधन, अवस्थापना सुविधाओं के विकास के दृष्टिगत धामों की धारण क्षमता, यात्रा मार्गों पर विभिन्न व्यवस्थाओं और अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अभी से पूरी तैयारियां की जाए। उन्होंने कहा कि गत वर्ष चारधाम यात्रा में अत्यधिक श्रद्धालुओं का आगमन हुआ था। इसके बेहतर के लिए भी अभी से पूरी योजना बनाकर कार्य किये जाएं। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि चारधाम यात्रा मार्गों पर जिन स्थानों पर वाहनों को रोकने की व्यवस्था हो, उन स्थानों पर पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था के साथ ही होटल, पेयजल, शौचालय, स्वच्छता और अन्य सभी मूलभूत आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि चारों धामों के आस-पास के पौराणिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थलों पर यात्रा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किये जाएं। शीतकालीन यात्रा के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं बनने से चारधाम यात्रा के दौरान भी इससे व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहेंगी। उन्होंने कहा कि राज्य के इन चारों धामों के शीतकालीन प्रवास स्थलों के आस-पास के पौराणिक क्षेत्रों के विकास के साथ ही पंच बद्री और पंच केदार के महत्व के बारे में भी व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए और इनका सुनियोजित विकास भी किया जाए। इस अवसर पर भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक के निदेशक प्रो. धीरज शर्मा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से गत वर्षों में चारधाम यात्रा के दौरान आई प्रमुख कठिनाइयों और उनके समाधान के लिए क्या उपाय किये जा सकते हैं? चारधाम यात्रा के दौरान यातायात प्रबंधन और पंजीकरण व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जानकारी दी। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, सचिव कुर्वे, विशेष कार्याधिकारी पर्यटन विभाग भाष्कर खुल्बे, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी अंशुमन उपस्थित थे।

एक गौ तस्कर गिरफ्तार, चार फरार, पांच क्विंटल गौमांस बरामद

हरिद्वार। जंगल में गौकशी करते हुए पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से पांच क्विंटल गौमांस व गौकशी के उपकरण बरामद किए हैं। जबकि चार अन्य लोग मौके का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहे। दरअसल, जनपद की भगवानपुर पुलिस को क्षेत्र के खेलपुर गांव के जंगल गौकशी किए जाने की सूचना मिली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपित शादाब निवासी ग्राम खेलपुर थाना भगवानपुर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके अन्य साथी आकिव, समीर पुत्र, शहवान, बाबू निवासीगण ग्राम खेलपुर थाना भगवानपुर, हरिद्वार फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने आरोपित के पास से 525 किग्रा गौमांस व गौकशी के उपकरण व तराजू बरामद किया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। जबकि फरार आरोपितों की पुलिस तलाश में जुटी है।

लक्कड़घाट एसटीपी में क्लोरीन गैस रिसाव, एसडीआरएफ की मुस्तैदी से टला हादसा

ऋषिकेश। ऋषिकेश के लकड़घाट स्थित 26 एमएलडी के एसटीपी प्लांट में एक क्लोरीन सिलिंडर के लीकेज होने से स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और फायर सर्विस के साथ मिलकर रिसाव को नियंत्रित किया। एसडीआरएफ के प्रभारी कविंद्र सजवान ने बताया कि शुक्रवार को टीम को सूचना मिली कि लकड़घाट स्थित एसटीपी प्लांट में क्लोरीन गैस का सिलिंडर लीक हो रहा है। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम फायर सर्विस के साथ तुरंत मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर सिलिंडर से गैस रिसाव हो रहा था, लेकिन टीम ने तत्परता से काम करते हुए गैस रिसाव पर काबू पा लिया। एसडीआरएफ, फायर सर्विस और प्लांट कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत से लीक सिलिंडर को हाइड्रा की मदद से पानी के टैंक में डाला, जिससे रिसाव पर पूरी तरह से नियंत्रण पाया गया।

ऑपरेशन स्माइल : बिछड़े नाबालिग को परिजनों से मिलवाया, मां की गोद में लौटा बचपन

- मुरादाबाद में ट्रेन छूटने के कारण परिवार से बिछड़ गया था बिहार का नाबालिग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। एएचटीयू की टीम ने गत सात दिसंबर को रेस्क्यू किए नाबालिग को उसके परिजनों से मिलवाया। नाबालिग को पाकर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परिजनों ने टीम का आभार जताया। दरअसल, पुलिस और एएचटीयू की टीम ने आपरेशन स्माईल चलाया हुआ है। इसी के तहत एएचटीयू की टीम ने गत सात दिसंबर को मुरादाबाद में ट्रेन छूटने के कारण अपने साथियों से बिछड़े 15 वर्षीय बालक निवासी लाहोरिया चौक बेतिया बिहार का रेस्क्यू किया था। साथियों संग बिछड़ने के बाद नाबालिग कबाड़ बिनकर गुजर-बसर कर रहा था। टीम ने बालक को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के आदेश पर खुला आश्रय गृह कनखल में सुरक्षित रखा। टीम ने बालक के परिजनों को बिहार से तलाश कर बाल कल्याण समिति हरिद्वार के समक्ष प्रस्तुत किया। समिति ने काउंसिलिंग के बाद बालक को उसकी मां फूलमती देवी को सौंप दिया। बालक को पाकर मां की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उसने पुलिस का आभार जताया।

आशा नौटियाल ने एम्स ऋषिकेश पहुंचकर घायल युवती का लिया हालचाल, दिया मदद का भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गुप्तकाशी। केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने एम्स ऋषिकेश में भर्ती गौंडार गांव की घायल युवती प्रीति का हालचाल लिया। घास लेने जंगल गई प्रीति चट्टान से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे तुरंत रांसी हेलीपैड से एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर तत्काल हेली एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से युवती को एम्स भेजा गया। उन्होंने कहा कि यह हेली सेवा घायलों के लिए एक बड़ी मदद साबित हो रही है, जिससे सुदूर क्षेत्रों से घायलों को त्वरित उपचार मिल पा रहा है। विधायक ने घायल युवती के परिवार को

हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया और सरकार द्वारा चलाए जा रहे हेलीकॉप्टर सेवा का धन्यवाद किया। वहीं, गौंडार गांव के निवर्तमान प्रधान वीर सिंह ने प्रदेश सरकार, विधायक आशा नौटियाल और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

विश्व धर्म संसद में गूंजे स्वर! पाक और बंग्लादेशी हिंदुओं के लिए सेना की मदद से अलग देश बनाएं पीएम मोदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े में आयोजित विश्व धर्म संसद के दूसरे दिन संतों और प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पाकिस्तान और बांग्लादेश के हिंदुओं के लिए अलग राष्ट्र की मांग की। उन्होंने एक स्वर में यह आह्वान किया कि मोदी सरकार इन देशों में हिंदुओं के सुरक्षा के लिए सैन्य कार्रवाई करें और इन देशों का बंटवारा करके हिंदुओं के लिए एक अलग राष्ट्र की स्थापना करें। संतों और जनसमुदाय ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद को हिंदुओं का नेता मानते हैं तो उन्हें बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिंदुओं के लिए अलग राष्ट्र की स्थापना के लिए तुरंत कदम उठाना चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते तो यह हिंदू समाज के लिए विश्वासघात होगा और उनकी नेतृत्व की विश्वसनीयता पर सवाल उठेगा। विश्व धर्म

संसद के आयोजकों ने इस मौके पर उत्तराखंड सरकार के अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। संतों का आरोप था कि राज्य के अधिकारी धर्म संसद के आयोजन में व्यवधान डाल रहे हैं, जिससे सनातन धर्म का अपमान हो रहा है। उन्होंने कहा कि ये अधिकारी अब सनातन धर्म के मजाक का कारण बन चुके हैं और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने सभा में कहा कि हम हिंदुओं की सबसे बड़ी दुर्दशा का कारण यही है कि हमारा कोई अपना राष्ट्र नहीं है। अगर हम सनातन वैदिक राष्ट्र की स्थापना में असफल होते हैं तो दुनिया में सनातन धर्म का विनाश कोई नहीं रोक पाएगा। हमें अब इस लक्ष्य के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने संकल्प लिया कि सनातन वैदिक राष्ट्र में एक भी मस्जिद, मदरसा और जिहादी का स्थान नहीं होगा और यह राष्ट्र हर सनातनी का संरक्षण करेगा, जैसे इजराइल अपने यहूदी नागरिकों का करता है। अयोध्या हनुमान गढ़ी के श्रीमहंत राजू दास ने भी विश्व धर्म संसद को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार और उसके अधिकारियों द्वारा आयोजन में विघ्न डालना सनातन धर्म का अपमान है। उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से इस मामले का संज्ञान लेने और इन अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का अनुरोध किया। सभा में एकजुट हुए संतों ने यह भी कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए अब कोई भी बलिदान देने से पीछे नहीं हटेंगे। उनके अनुसार, सनातन वैदिक राष्ट्र की स्थापना हिंदू समाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य बन गया है और इसके लिए सभी हिंदू एकजुट होकर काम करेंगे। अब हिंदू समाज अपने अधिकारों और धर्म की रक्षा के लिए निर्णायक कदम उठाने के लिए तैयार है।

समूहों को ऋण वितरण के लिए बैंकों में लगेंगे शिविर

गोपेश्वर। मुख्य विकास अधिकारी चमोली नंदन कुमार ने जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों को योजना का लाभ पहुंचाने एवं समूहों की आजीविका संवर्धन गतिविधियों के लिए बैंक शाखाओं में 23 से 26 दिसम्बर तक ऋण वितरण शिविर लगाने के निर्देश जारी किए है।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया है कि ऋण वितरण स्वीकृत सीसीएल कैंपों के पश्चात जिस बैंक शाखा में 10 से अधिक स्वयं सहायता समूह के ऋण आवेदन लंबित है, उन सभी बैंक शाखाओं में 27, 30 और 31 दिसम्बर को भी सीसीएल वितरण करना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने लीड बैंक अधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बैंक शाखावार ऋण वितरण शिविर के लिए योजना का प्रचार प्रसार किया जाए, ताकि समूहों को योजना का समुचित लाभ मिल सके।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063